फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 214 प्रभात जयपुर, गुरूवार 06 मार्च, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Bollywood Character Actors**

"Abhishek Banerjee has earned a nomination for Best Performance in a Supporting Role (Male) for his role in *Stree 2: Sarkate Ka Aatank*." In *Chhava*, Akshaye Khanna, proving his adaptability and mastery of historical dramas, played a character from Maratha history

**Too Much Communication**

# देश भर में फैली अपनी सम्पत्तियों को समेटना चाहती है, कांग्रेस पार्टी

## एआईसीसी में इंदर सिंह सिंगला की अध्यक्षता में एक अलग विभाग का गठन किया गया है, इस मकसद से। सिंगला एआईसीसी में फिलहाल जॉइन्ट कोषाध्यक्ष भी हैं

- सिंगला सांसद, विधायक व मंत्री भी रह चुके हैं, पंजाब में। सिंगला पर हाईकमान का पूरा विश्वास है तथा राज्यों में पार्टी के विभिन्न नेताओं को चुनाव के लिये पैसे भेजने का काम सिंगला चुपचाप कई वर्षों से कर रहे हैं।
- अतः, अब कांग्रेस पार्टी की देश में स्थित सम्पत्तियों पर चल रहे मुकदमों को न्यायालय में लड़ना तथा पार्टी की सम्पत्तियों के रख-रखाव व मरम्मत आदि की जिम्मेवारी, सिंगला पर छोड़ना कोई आश्चर्य की बात नहीं है।
- अब तक इन सम्पत्तियों की देखभाल का काम राहुल के करीबी माने जाने वाले कनिष्क सिंह देख रहे थे। पर, अब एआईसीसी में एक नया विभाग बनाकर, यह जिम्मेवारी इस विभाग को सौंपना इस बात का प्रमाण है कि, अब कांग्रेस पूर्णतया गंभीर है, अपनी सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर तथा न्यायालय में इन प्रॉपर्टीज़ के मुतल्लिक चल रहे मुकदमों को जीतकर एक ही जगह संगठित करने के बारे में।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 मार्च। एआईसीसी ने देश के विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में फैली अपनी सम्पत्तियों को समेटने (कन्सॉलिडेशन) का काम शुरु कर दिया है। इनमें से बहुत सी सम्पत्तियाँ जिला-स्तर पर हैं तथा इनमें से कई सम्पत्तियों पर मुकदमे चल रहे हैं, क्योंकि पिछले अनेक वर्षों में, विभिन्न संगठनों और प्रतिष्ठानों ने उन पर गैर-कानूनी रुप से कब्जे कर लिये हैं।

इन सम्पत्तियों के सम्बंध में अदालतों में केस दायर करने तथा उन्हें एआईसीसी के अधिकार में लेने की प्रक्रिया करीब 3 साल पहले शुरु हुई थी। लेकिन अब कांग्रेस ने इन सम्पत्तियों की व्यवस्था एवं देख-रेख के लिये एआईसीसी में एक पृथक विभाग बना दिया है तथा इंदर सिंह सिंगला, जो एआईसीसी के संयुक्त कोषाध्यक्ष भी हैं, इस विभाग के प्रमुख बनाये गये हैं। इन्दर सिंह सिंगला का पंजाब में अच्छा-खासा नैटवर्क है। वे पंजाब से सांसद, विधायक एवं मंत्री भी रहे हैं। उनके दायित्वों में उन राज्यों तथा वहाँ के पार्टी नेताओं को चुपचाप धनराशि भेजना भी शामिल है, जहाँ चुनाव होने वाले होते हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि वे इस काम को चुपचाप तथा पूरी निपुणता के साथ अंजाम देते हैं तथा पार्टी के पैसे का हिसाब-किताब रखते हैं।

अब तक कनिष्क सिंह, जो राहुल गांधी के नजदीक माने जाते हैं, कांग्रेस की सम्पत्तियों, परिसम्पत्तियों तथा उनसे सम्बंधित मुकदमेबाजी के काम को संभाल रहे थे। लेकिन अब पार्टी ने इसके लिये अलग से एक विभाग बना दिया है। इस तथ्य से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि पार्टी अपनी उन सम्पत्तियों को फिर से हासिल करने के मामले में अब ज्यादा गंभीर हो गई है। ज्ञातव्य है कि मुकदमेबाजी में उलझी ये सम्पत्तियाँ बहुत कीमती हैं।

## लखनऊ अदालत ने राहुल गांधी पर 200 रु. जुर्माना लगाया

लखनऊ, 05 मार्च। राजधानी लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस नेता एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने उन पर यह कार्रवाई लगातार पेशी से गायब रहने पर की है। चेतावनी दी है कि 14 अप्रैल को कोर्ट में हाजिर हों। इस तारीख को अगर राहुल गांधी पेश नहीं होते हैं, तो उन पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 17 दिसंबर 2022 को वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। वीर सावरकर

- यह जुर्माना लगातार पेशी से गायब रहने पर लगाया गया है।

को राहुल गांधी ने अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला बताया था। सुनवाई के दौरान राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में पेशी से छूट की अर्जी दाखिल की, जिसमें बताया गया कि आज, यानी 5 मार्च को राहुल गांधी पूर्व निर्धारित एक विदेशी अतिथि से मुलाकात में व्यस्त होने के चलते कोर्ट में हाजिर नहीं हो पाए हैं। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की अनुपस्थिति को हल्के में न लेते हुए उन पर 200 रुपये का आर्थिक जुर्माना लगाया और 14 अप्रैल को हर हाल में पेश होने का आदेश दिया।

# 'राजीव गांधी शिक्षा की दृष्टि से काफी पैदल थे'

## मणि शंकर अय्यर ने एक वीडियो जारी कर यह अजीबो-गरीब टिप्पणी की तथा यह भी कहा कि वे दो बार फेल हुए थे, पहले कैम्ब्रिज में और फिर दोबारा इम्पीरियल कॉलेज लंदन में।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 मार्च। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने स्वर्गीय राजीव गांधी की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाकर पार्टी को शर्मिंदा कर दिया है, जबकि राजीव गांधी ही अय्यर को राजनीति में लाए थे।

एक वीडियो में अय्यर ने कहा कि कई लोगों ने राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाए जाने पर सवाल खड़े किए थे, क्योंकि राजीव गांधी एक एयरलाइन पायलट थे और दो बार फेल हो चुके थे। अय्यर ने कहा, "राजीव गांधी को शैक्षणिक रूप से संघर्ष करना पड़ा था। वो कैम्ब्रिज तक में फेल हो गए थे, जहाँ पास होना तुलनात्मक रूप से आसान था। फिर वो इम्पीरियल कॉलेज लंदन गए और वहाँ भी फेल हो गए। इस बात को लेकर कई सवाल हैं कि अपने इस अकैडमिक रिकॉर्ड के साथ वे प्रधानमंत्री कैसे बने। इस बात से पर्दा हट जाने दो।"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- मणि शंकर अय्यर ने यह सवाल भी उठाया कि शिक्षा की दृष्टि से इतने कमज़ोर व्यक्ति को देश का प्र.मंत्री कैसे बनाया गया था। यह भी उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी ने ही मणि शंकर अय्यर को राजनीति में एंट्री दी थी तथा उन पर पूरा विश्वास किया था।
- भाजपा, राजीव के नज़दीकी सलाहकार की इन टिप्पणियों से काफी खुश हैं, क्योंकि अब भाजपा के लिये अपने नेता मोदी की शैक्षणिक योग्यता को मुद्दा बनाने वालों को जवाब देना और आसान हो गया है।
- कांग्रेस ने जरूर अय्यर की टिप्पणियों को फिज़ूल की बात बताया और कहा, अय्यर अब एक कुण्ठित नेता हैं, जिन्हें पार्टी अब काफी समय से महत्व नहीं दे रही है।
- कांग्रेस के नेता तारिक अनवर ने कहा, परीक्षा में फेल होना या उत्तीर्ण होना राजनीति की दृष्टि से कोई महत्वपूर्ण बात नहीं है, राजीव गांधी राजनीति में देश के सफल नेताओं में सदा गिने जायेंगे, क्योंकि पाँच साल में उन्होंने जो देश के लिये हासिल किया, शायद ही कोई ऐसा कर पाया है या कर पायेगा।

# 'ट्रम्प की विदेश नीति में स्थायित्व या सिद्धांत नज़र नहीं आ रहा'

## इस परिस्थिति में भारत की तत्कालिक चिंता है, कब अमेरिका फिर अपनी विदेश नीति बदलते हुए, पाकिस्तान की ओर झुकने लगेगा

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 मार्च। कई अन्य देशों की तरह, भारत के भी यूनाईटेड स्टेट्स के साथ मित्रता के दिन खत्म हो गए हैं। कोई भी देश, जिसका अमेरिका के साथ कोई भी लेना-देना है, बहुत अनिश्चित है और उसे अमेरिका के वादों और कमिटमैंट्स में विश्वास नहीं है। ये वादे एक मिनट के नोटिस पर या बिना नोटिस के भी पलटे जा सकते हैं।

भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है विदेश नीति में इन परिवर्तनों के कारण अमेरिका-पाकिस्तान के प्रति रणनीतिक झुकाव की पुरानी रणनीति पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- इसका संकेत अमेरिका की कांग्रेस को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने दिया, जब उन्होंने पाकिस्तान की प्रशंसा की और आभार जताया, एक कुख्यात आतंकवादी को पकड़ कर अमेरिका को सौंपने के लिए।
- इस आतंकवादी ने, जब अमेरिकी सेना अफगानिस्तान को छोड़कर वापस जा रही थी, एक भारी बम विस्फोट किया था, जिसमें दर्जनों अफगानी सैनिक व 13 अमेरिकी सैनिक मारे गये थे।
- कांग्रेस में दिये गये भाषण में ट्रम्प ने पाकिस्तान को तो भारी धन्यवाद दिया ही, उसी भाषण में भारत की आलोचना की, भारत द्वारा अमेरिकी सामान पर भारी टैरिफ लगाने की वजह से ।

## क्षतिग्रस्त एम.आई. रोड

जयपुर, 5 मार्च। राजस्थान विधानसभा में बुधवार को विधायक अमीन कागज़ी ने राजधानी जयपुर की प्रसिद्ध एम आई रोड का मामला उठाया, जो टूटी-फूटी पड़ी है। कागज़ी ने शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव के तहत यह

- राशि जमा होने के बाद भी मरम्मत नहीं?

मामला उठाते हुए राज्य सरकार से एम आई रोड एवं जौहरी बाजार की टूटी सड़कों की मरम्मत कराने का आग्रह किया, ताकि इन मुख्य बाजारों में लोगों को आने -जाने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने कहा कि दो साल पहले ही एम आई रोड पर काम हुआ था, लेकिन पेयजल पाइप लाइन डालने के लिए अजमेरी गेट से लेकर गवरमैंट हॉस्टल तक सड़क को खोद दिया गया है और अब सड़क की मरम्मत के लिए संबंधित विभाग की तरफ से राशि जमा करा देने के बावजूद, इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही हैं।

# बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण यू.पी., बिहार, मध्यप्रदेश व राजस्थान की सीटें बढ़ेंगी-संसद में

## यह भय दिखाकर स्टालिन ने देश में संसदीय सीटों के ''डीलिमिटेशन'' को तीस साल टालने की मांग की

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 मार्च। आगे के तीन दशकों तक लोकसभा सीटें यथावत बनाये रखने की जोरदार वकालत के बाद, तमिनलाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बुधवार को प्रस्तावित परिसीमन की कवायद के खिलाफ दक्षिण भारत के मुख्यमंत्रियों को लामबंद करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि परिसीमन के परिणामस्वरुप भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत को अप्रासंगिक कर दिये जाने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि परिसीमन की कवायद दक्षिण भारत को देश की सत्ता की राजनीति में पूरी तरह से उपेक्षित कर देगी, क्योंकि ऐसी आशा की जा रही है कि परिसीमन के परिणामस्वरुप, उत्तर भारत के उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश तथा राजस्थान जैसे राज्यों की बढ़ी हुई जनसंख्या के कारण, उन्हें सीटों की संख्या बढ़ने का लाभ मिल सकता है।

उनके द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय मीटिंग को सम्बोधित करते हुये, उन्होंने परिसीमन की कवायद पर जोरदार प्रहार किये और कहा कि यह साफ तौर पर दक्षिण भारतीय राज्यों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने दक्षिण भारतीय अन्य राज्यों के नेताओं से इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने के लिये एकजुट होने की अपील की।

स्टालिन की अध्यक्षता में हुई इस सर्वदलीय मीटिंग ने केन्द्र से विधिवत रुप से अनुरोध किया कि 2026 के बाद अगले 30 साल तक लोकसभा की सीटों की संख्या तथा संवैधानिक सीमाएं यथावत रखी जायें। उन्होंन् कहा कि 84 वें संविधान संशोधन ने 2026 तक उक्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- दक्षिण भारत के राज्यों के सर्वदलीय सम्मेलन में तमिलनाडु के मु.मंत्री स्टालिन ने ''सर्वसम्मति'' से इस मांग का प्रस्ताव पारित करवाया।
- स्टालिन का तर्क था, अगर डीलिमिटेशन होता है, तथा, संसदीय सीटों की संख्या 543 ही रहती है, तो तमिलनाडु की आठ संसदीय सीटें कम हो जायेंगी। अतः सर्वदलीय बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया, कि संविधान में संशोधन करके, यह निर्णय लिया जाये, कि जिस अनुपात में उत्तर भारत के भारी जनसंख्या वाले प्रांतों की सीटें बढ़ेंगी, उसी अनुपात में साउथ इण्डिया के राज्यों की राज्यसभा व लोकसभा सीटों की संख्या भी बढ़ाई जायेंगी।

## किसान नेता डल्लेवाल के अनशन के सौ दिन पूरे हुए

हिसार, 05 मार्च। हरियाणा के हिसार जिले में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के 100 दिन के आमरण अनशन के समर्थन में किसानों ने बुधवार को एक दिवसीय सांकेतिक अनशन किया। यह अनशन जिला सचिवालय और नारनौंद के उप मंडलाधीश कार्यालय के सामने आयोजित किया गया। ज्ञातव्य है कि यह आंदोलन संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में चल रहा है। किसान आंदोलन की दूसरी लहर 13 फरवरी 2024 से खनौरी बॉर्डर पर

- किसानों का कहना है कि सरकार डल्लेवाल की सेहत की चिंता तो जता रही है पर लिखित वादों से मुकर रही है।

शुरू हुई थी। डल्लेवाल 26 नवंबर से आमरण अनशन पर बैठेहैं । प्रदर्शनकारी किसानों ने सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य( एमएसपी) गारंटी कानून को जल्द लागू करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि सरकार एक तरफ डल्लेवाल की सेहत की चिंता जता रही है। वहीं दूसरी तरफ बातचीत के लिए सरकार लंबी तारीखें दे रही है। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार अपने लिखित वादों से मुकर रही है। उन्होंने मांग कि अगर सरकार वाकई डल्लेवाल की सेहत को लेकर चिंतित है, तो उन्हें तुरंत किसानों की मांगें पूरी करनी चाहिए।

# 'अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो या व्यापार युद्ध या किसी और तरह का युद्ध, तो हम अंतिम क्षण तक लड़ने को तैयार हैं'

## चीन के विदेश मंत्रालय के अधिकृत प्रवक्ता लिन जियान ने न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में बहुत कड़ा जवाब दिया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 मार्च। शेष विश्व के साथ "टैरिफ वॉर" की अमेरिका की एकतरफा धमकी पर साहसिक प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने कहा है कि अमेरिका चीन से आयातित माल पर टैरिफ बढ़ाने के लिए फैनटैनाइल (एक नशीली ड्रग) का झूठे बहाने के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ वॉर हो या ट्रेड वॉर, बीजिंग आखिरी दम तक लड़ने के लिए तैयार है।"

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मंगलवार को न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही। उनसे अमेरिका द्वारा चीनी आयात पर शुल्क में दस प्रतिशत वृद्धि किए जाने पर सवाल किया गया था।

उन्होंने कहा कि फैनटैनाइल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकन शुल्क बढ़ाने का बहाना मात्र है। हमारे अधिकारों और हितों की रक्षा करने के लिए हम जो कदम उठाएंगे, वे पूरी तरह वैध और आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में फैनटैनाइल संकट के लिए सिर्फ अमेरिका जिम्मेवार है, कोई और नहीं।

अमेरिकन राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मंगलवार को घोषणा की थी कि 2 अप्रैल से "रैसिप्रोकल टैरिफ" लागू हो जाएगा। भारत के पास अमेरिका से आने वाले सामान पर लगाए जाने वाले टैक्स को एडजस्ट करने के बारे में फैसला करने के लिए चार सप्ताह से भी कम समय बचा है।

चीन के मजबूत रुख के मुकाबले मोदी का रुख बहुत ढीला है और लगता है, ट्रम्प का आदेश मानने के लिए वे पूरी तरह झुक गए हैं।

इससे पूर्व लिन जियान ने कहा कि अमेरिका के लोगों के प्रति मानवता पूर्ण दृष्टिकोण रखते हुए हमने कई कदम उठाए और इस मसले से निपटने में अमेरिका की सहायता की है। हमारे प्रयासों को स्वीकारने और मानने की बजाय, अमेरिका ने चीन पर आरोप लगा दिया और टैरिफ बढ़ाने की बात कर अमेरिका चीन को ब्लैकमेल कर रहा है तथा दबाव डाल रहा है। हमने उनकी मदद की, इसके लिए वो हमें दंडित कर रहे हैं। इससे अमेरिका की समस्या हल नहीं होगी और इससे हमारे काउंटर नारकॉटिक्स विचार-विमर्श और सहयोग का महत्व कम हो जाएगा।

- जैसा कि विदित है, अमेरिका ने चीन से अमेरिका को जाने वाली अधिकतर वस्तुओं पर 10 प्रतिशत और टैरिफ लगाने की घोषणा की है।
- साथ ही चीन ने भी प्रत्युत्तर में अमेरिका से चीन को निर्यात किये जा रहे सामानः चिकन, गेहूँ, कपास आदि पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।
- चीन की इस आक्रामक जवाबी कार्यवाही की तुलना में भारत का रुख काफी नरम तथा ''एडजस्ट'' करने का रहा। जैसा कि ज्ञातव्य ही है, अमेरिका 2 अप्रैल से ''रैसिप्रोकल टैरिफ'' लगाने की घोषणा लागू करने की बात कह ही चुका है। अतः भारत के पास चार सप्ताह से भी कम समय बचा है, अमेरिका द्वारा लगाये गये ''टैरिफ'' को एडजस्ट'' करने के लिये। अगर अमेरिका से भारत को निर्यात किये गये सामान पर भारत ने वर्तमान ''टैरिफ'' चालू रखा तो अमेरिका भी भारत से अमेरिका को निर्यात वस्तुओं पर उतना ही ''टैरिफ'' लगायेगा और भारत का व्यापार चौपट हो सकता है।

चीन के प्रवक्ता ने आगे कहा, "हम धमकियों से डरने वाले नहीं है। डराने-धमकाने की नीति हम पर नहीं चलेगी। दबाव, डर और धमकी चीन से डील करने का सही तरीका नहीं है। अगर अमेरिका सही मायने में फैनटैनाइल मसले को हल करना चाहता है तो चीन के साथ बराबरी के स्तर पर वार्ता की जाए। अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे टैरिफ वॉर हो या ट्रेड वॉर हो या किसी भी प्रकार का वॉर हो, हम आखिरी दम तक लड़ने को तैयार हैं।"

सी.एन.एन. के अनुसार, ट्रम्प प्रशासन द्वारा चीनी आयात पर शुल्क दस प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के बाद चीन ने यह प्रतिक्रिया दी है।

जवाबी कार्यवाही करते हुए चीन ने भी अमेरिका से आने वाले सामान, जैसे चिकन, गेहूँ, मक्का और कपास पर टैरिफ 15 प्रतिशत कर दिया है। इसके अलावा, सोयाबीन, पोर्क, बीफ, एक्वैटिक उत्पाद, फल, सब्जी व डेयरी उत्पादों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है।

अमेरिकन राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए दो अप्रैल से रैसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।

फरवरी में वॉशिंगटन में ट्रम्प तथा भारत के प्रधानमंत्री के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देश इस वर्ष अक्टूबर तक कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले भाग पर चर्चा के लिए मान गए थे।

मोदी व ट्रम्प ने मिशन 500 की घोषणा की थी, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर तक पहुँचाना है।

नई दिल्ली ने एक कमेटी गठित की है, जो भारत-यूएस ट्रेड पर रैसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव का अध्ययन करेगी। वाणिज्य मंत्रालय की इस कमेटी में कृषि, खाद्य संवर्धन, भारी उद्योग, इलैक्ट्रोनिक्स व आईटी मंत्रालयों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

ट्रम्प ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए भारत की उच्च शुल्क दरों की ओर इशारा किया और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बोफोर्स : सीबीआई ने अमेरिका से हर्शमैन को ढूंढने की अपील की

नई दिल्ली, 05 मार्च। बोफोर्स घोटाला मामले से जुड़ी जांच में बड़ा अपडेट सामने आया है। भारत की केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने अमेरिका को रोगेटरी पत्र भेजा है, जिसमें अमेरिका से निजी जासूस माइकल हर्शमैन को ढ ूंढ ने और उनसे पूछताछ की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की है। ज्ञातव्य है कि माइकल हर्शमैन ने एक न्यूज़ चैनल पर दावा किया था कि वो 64 बोफोर्स तोप घोटाले की जांच में मदद कर सकता है। भारत में बोफोर्स घोटाला 1980 के दशक में सामने आया था और दौरान तत्कालीन राजीव गांधी सरकार पर घोटाले के आरोप लगे थे। दिल्ली की अदालत के आदेश पर अक्टूबर 2024 में अमेरिका को रोगेटरी पत्र भेजने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। पत्र अमेरिकी नागरिक के टीवी इंटरव्यू को जांच का आधार बनाया गया है। प्रशासनिक स्वीकृतियों के कारण इसे पूरा होने में 90 दिन लग सकते हैं। दिल्ली की अदालत ने सीबीआई के आवेदन को स्वीकार किया है। इसके बाद अमेरिका की न्यायिक प्राधिकरण को पत्र भेजा गया है।

- माइकल हर्शमैन ने एक न्यूज चैनल में दावा किया था कि वह बोफोर्स जांच में मदद कर सकता हैं।

## विचार बिन्दु

अपमान का डर कानून के डर से किसी तरह कम क्रियाशील नहीं होता। –प्रेमचंद

# अमेरिका का तिलस्म टूटा : ट्रम्प की नीतियों का यूरोप और भारत पर असर

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब अमेरिका के राष्ट्रपति से मुलाकात की थी उसके बाद अमेरिका की विदेश नीति और घरेलू नीति में काफी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। आक्रामक डोनाल्ड ट्रंप से पहले फ्रांस के राष्ट्रपति फिर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और अंत में यूक्रेन के राष्ट्रपति ने मुलाकात की थी। पूर्व के दोनों राष्ट्राध्यक्षों के साथ भी ट्रम्प का रवैया सम्मानजनक नही था। लेकिन इन दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने कूटनीतिक समझदारी दिखाई और बात का बतंगड़ नहीं बनने दिया। ट्रम्प का ब्रिटिश प्रधानमंत्री से यह कहना कि क्या ब्रिटेन अकेला रूस का मुकाबला कर सकता है? इस का उचित और करारा जवाब युक्रेन के राष्ट्रपति ने दिया था। उन्होंने कहा, अगर अमेरिका को युक्रेन जैसी परिस्थिति का सामना करना पड़े तो पता चलेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति भवन में उनके आफिस ओवल हाऊस में आज तक कभी किसी ने अमेरिका के राष्ट्रपति को इस तरह मुंहतोड़ जवाब नहीं दिया था।

सबसे पहले कनाडा और सबसे बाद में यूक्रेन के राष्ट्रपतियों की मुलाकात के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति का जो रुतबा बुलंद हुआ करता था वह धूमिल पड़ गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति को जिस अंदाज में डोनाल्ड ट्रंप ने डील किया वह यूक्रेन के जनता को अच्छा नहीं लगा। कनाडा में हाल ही वहां के प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी को केवल मात्र 12% लोगों का समर्थन हासिल रह गया था। लेकिन कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने को और कनाडा के प्रधानमंत्री को उसका गवर्नर कहना अमेरिका को भारी पड़ा। कनाडा ने भी टेरिफ युद्ध में बिगुल बजा ही दिया साथ ही कनाडा की जनता को भी बुरा लगा और सहानुभूति कि लहर कनाडा के प्रधानमंत्री के पक्ष में चल पड़ी और आज वे 38 प्रतिशत समर्थन के साथ सबसे आगे हैं। ध्यान रहे कनाडा में तीन माह बाद आम चुनाव होने वाली हैं। फिर सबसे सनसनीखेज मुलाकात रही युक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच। जब अमेरिका राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने युक्रेन के राष्ट्रपति को धमकाने का प्रयास किया तो ज़ेलेंस्की के ऐसे उत्तर की अमेरिकी सत्ताधारियों को उम्मीद नहीं थी।

ज़ेलेंस्की ने जवाबी हमला करते हुए कहा, जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, तब कई लोगों ने सोचा था कि यह युद्ध कुछ ही दिनों में खत्म हो जाएगा। खुद व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया था कि तीन दिनों में यूक्रेन घुटने टेक देगा। लेकिन इतिहास गवाह है कि कुछ नेता सिर्फ सत्ता के लिए नहीं, बल्कि अपने देश और जनता के सम्मान के लिए लड़ते हैं।

स्पष्ट है कि वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने न सिर्फ यूक्रेन की रक्षा की, बल्कि पूरी दुनिया को दिखा दिया कि साहस, संकल्प और नेतृत्व क्या होता है। युद्ध के शुरुआती दिनों में जब अमेरिका ने उन्हें सुरक्षित निकालने की पेशकश की, तो उनका जवाब था– 'मुझे सवारी नहीं, हथियार चाहिए।'

अब जब डोनाल्ड ट्रंप यह कहते हैं कि अमेरिका के बिना यूक्रेन दो हफ्तों में खत्म हो जाता, तो ज़ेलेंस्की उसी दृढ़ता से जवाब देते हैं– 'पुतिन ने भी कहा था तीन दिन में खत्म हो जाएगा।'

यह जवाब सिर्फ शब्दों का खेल नहीं, बल्कि ज़ेलेंस्की के अडिग इरादों की गूंज है। उसने हर चुनौती का सामना किया, अपने देशवासियों का मनोबल बनाए रखा और दुनिया के बड़े–बड़े नेताओं को कूटनीति का पाठ पढ़ाया। इतिहास जब भी निडर नेताओं की गाथा लिखेगा, वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। हो सकता है इससे जैलेंस्की और युक्रेन को नुक़सान हो लेकिन इसके आड़ में आप ज़ेलेंस्की की हिम्मत को नजरंदाज नहीं कर सकते। भले ही कुछ भी हो लेकिन देश के सामने हीरो बन गए हैं।

दुनिया भर के नेता जेलेंस्की के पक्ष में इसीलिए बोल रहे हैं कि वे ऐसा जवाब अमेरिका के राष्ट्रपति को नहीं दे सकते थे।

**अमेरिका की सहायता के अभाव में रूस यूक्रेन पर ओर अधिक आक्रामक होगा तब यूरोपीय संघ सीधे रूस से उलझ सकता और अमेरिका को अपने कदम पीछे खींचने पड़/ जाएं। अब भी भले ही यूक्रेन के मामले में रूस की बढ़त दिखाई पड़ती हो लेकिन रूसी अर्थ व्यवस्था पर इसका बहुत बुरा असर हुआ है।**

आज ताजा स्थिति ये है जब अमेरिका युक्रेन को सहायता देने को लेकर आनाकानी दिखाई है तो यूरोपीय संघ पूरी दृढ़ता और शक्ति के साथ युक्रेन के पक्ष में खड़ा ही नही हुआ अपितु रिकॉर्ड करोड़ो डॉलर की सहायता और पर्याप्त हथियारों की सप्लाई का भी ऐलान कर दिया। यूरोपीय संघ ने कुटनितिक चतुराई दिखाते हुए अमेरिकी से भी यह सहायता जारी रखने की अपील की है। हालांकि अमेरिका की ओर से नाटो को आर्थिक सहायता बन्द करने के ऐलान से नाटो के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। यूरोपीय यूनियन इस बात को समझ रही है इस लिए वे वैकल्पिक मार्ग की तलाश में आगे निकलकर सामने आ गये हैं।

भारत के लिए यूरोपीय यूनियन और अमेरिका के बीच रास्ता चुनना बहुत सावधानी भर काम होगा। यद्यपि दिखाने के लिए अमेरिका रूस के साथ अपनी मित्रता के लिए हाथ बढ़ा रहा है और चीन से भी आर्थिक मोर्चे पर टक्कर लेते हुए भी दोस्ती का हाथ बढ़ा रहा है लेकिन अमेरिका यह अच्छी तरह जानता है कि रूस और चीन के साथ उसके संबंध स्वाभाविक नहीं हो सकते हैं। भारत ने इसी बात को ध्यान में रखते हुए रूस के साथ जब कच्चा तेल खरीदना शुरू किया था तब से ही अमेरिका को आर्थिक रूप से भारी नुकसान हुआ है प्रधानमंत्री मोदी की हाल ही की अमेरिकी यात्रा में अमेरिका ने भारत पर परोक्ष रूप में यह दबाव भी बनाया है कि वह रूस के स्थान पर अमेरिका से महंगा तेल खरीदें और खराब घोषित हथियार खरीदे जो कि भारत के हित में नहीं होगा। भारत भले ही आज गुटनिरपेक्षक्ष आंदोलन का नेता ना हो और गुटनिरपेक्ष आंदोलन वैसे भी अब मृतप्राय हो चुका है लेकिन चतुराई के साथ इस परिस्थिति में भारत को एक तरह से तटस्थ रहकर अपने राष्ट्रीय हितों की पूर्ति करनी होगी। जाहिर सी बात है कि जो तेल आपूर्ति सोवियत रूस के साथ बहुत आसानी से हो पा रही है वह हमारे राष्ट्रीय हित में है। चीन के साथ हमारा यद्यपि व्यापारिक रिश्ता है लेकिन सीमा तनाव के कारण हम नहीं जानते कि यह रिश्ता कितना कामयाब बना रहेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर अधिक कर लगाने की घोषणा करके या एक प्रकार से धमकी देकर भारत अमेरिकी व्यापार को नुकसान पहुंचाने का संकेत किया है यदि अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर अधिक मात्रा में कर लगाने की घोषणा करेगा तो भारत को विकल्प के रास्ते चुनने पड़ेंगे। यूक्रेन के साथ अमेरिका का समर्थन उसकी नैतिक जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि अनिवार्यता भी है यूक्रेन के मंहगे खनिजों से भरे भूभाग और उनके मैटेरियल्स पर अपना अधिकार जमाने की अमेरिका की कोशिश एक प्रकार से उसके विस्तारवाद का ही संकेत कर रही है। कल्पना कीजिए जैसा दबाव बनाकर अमेरिका से डील करना चाहता है। भारतीय मध्यस्थता से वैसा ही समझौता युक्रेन रूस से कर बैठे तो अमेरिका की क्या हालत होगी। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में अल्प समय में ही विश्व को गहरी चुनौतियों में उलझा दिया है। क्या इससे पहले अमेरिका ने जिन देशों को सैनिक सहायता दी है उनसे भी इसी प्रकार की चौथ वसूली की है अफगानिस्तान, ईरान इराक युद्ध, वियतनाम और न जाने कितने युद्ध अमेरिका ने लड़े हैं दूर धरती पर जाकर। क्या उन देशों से भी यूक्रेन जैसी ही चौथ वसूली की गई है जाहिर है नहीं, अमेरिका केवल विश्व में अपनी चौधराहट बनाए रखने के लिए इस प्रकार सौदेबाजी कर रहा है। लेकिन अब माहौल बदल रहा है ऐसा न हो कि अगेन ठोट अमेरिका का सपना ट्रम्प के इसी कार्यक्रम में ध्वस्त हो जाए। विश्वमंच पर अपनी साख खोता ट्रम्प अपने कर्मचारियों की आक्रामक छंटनी से देश के भीतर भी अपनी विश्वसनीयता को दांव पर लगा बैठे हैं। अमेरिका ने जिस तरह से अवैध भारतीय प्रवासियों को निकाला वह भी एक प्रकार से अपमान और धमकी भरा रवैया ही था। हालांकि भारत ने अपना धैर्य नही खोया यद्यपि भारत की जनता को यह अच्छा नहीं लगा। आने वाले समय में भारत, अमेरिका, चीन और रूस के माध्यम से विश्व समुदाय का ध्रुवीकरण सुनिश्चित है। इसमें यूरोपीय संघ की भूमिका भी अत्यन्त महत्वपूर्ण होने जा रही है। कोई आश्चर्य नहीं होगा यदि यूक्रेन के बहाने विश्व नए सिरे से तनाव से ग्रस्त हो जाए। अमेरिका की सहायता के अभाव में रूस यूक्रेन पर ओर अधिक आक्रामक होगा तब यूरोपीय संघ सीधे रूस से उलझ सकता और अमेरिका को अपने कदम पीछे खींचने पड़/ जाएं। अब भी भले ही यूक्रेन के मामले में रूस की बढ़त दिखाई पड़ती हो लेकिन रूसी अर्थ व्यवस्था पर इसका बहुत बुरा असर हुआ है। आप इसी बात से अन्दाज लगा सकते हैं कि जब रूस का यूक्रेन से युद्ध आरम्भ हुआ था जब रूबल की कीमत एक रूपए तीस पैसे थी जो अब घटकर मात्र अस्सी पैसे रह गई है। इसीलिए रूस भारत से इस मसले पर सार्थक और सम्मानजनक समझौते की उम्मीद रखें हुए है।

**–राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**अतिथि संपादक**
**साहित्यकार, शिक्षाविद एवं चिन्तक**

# 13 करोड़ 71 लाख का सबसे बड़ा मायरा मेड़ता में भरा

## मायरे में 1 करोड़ 31 लाख नगद, एक ट्रैक्टर, एक बोलेरो, बेशकीमती प्लॉट सहित सवा किलो सोना तथा पांच किलो चांदी देकर बहन के मायरा भरा

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। नागौर के मेड़ता के समीपवर्ती ग्राम बेदावड़ी निवासी रामलाल, तुलसा राम फिड़ौदा ने अपनी बेटी संतोष देवी

- **ग्राम बेदावड़ी निवासी रामलाल, तुलसा राम फिड़ौदा ने अपनी बेटी संतोष देवी निवासी शेखासनी गांव में मायरा भरा**

पत्नी राजूराम बेड़ा निवासी शेखासनी गांव में 13 करोड़ 71 लाख का मायरा भरकर इतिहास में नाम दर्ज कराया। नागौर जिले में पहला सबसे बड़ा मायरा भरा गया।

गौरतलब है कि राजस्थान में एक भाई और बहन के अटूट प्रेम का रिश्ता है, जिसमें भाई बहन के मायरा भरकर उस फर्ज को निभाने का प्रयास करता है। 13 करोड़ 71 लाख का मायरा भरने के बाद पूरे राजस्थान में चर्चा है। मायरे में 1 करोड़ 31 लाख नगद, एक ट्रैक्टर, एक बोलेरो, बेशकीमती प्लॉट सहित सवा किलो सोना तथा पांच किलो चांदी देकर बहन के मायरा भरा। इस मायरे की पूरे राजस्थान सहित भारत में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मौके पर रामाकिशन जिन्झा, बाबू लाल खदाव, पूर्व विधायक सुखराम नेतड़िया, पूर्व प्रधान कैलाश मंडा, युवा नेता मोहन महेरिया, नंदाराम महेरिया, हड़मान भादू कलरू सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



नागौर में सबसे बड़े मायरे की रस्म अदा करते परिवार के लोग।

# झील किनारे आर्मी की फेसिंग में फंसा लेपर्ड, बेहोश कर रेस्क्यू किया

## मॉर्निंग वॉक करने निकले लोगों ने लेपर्ड को देख वन विभाग को सूचना दी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर में पिछोला झील किनारे बुधवार सुबह आर्मी कैंपस से सटे जलबुर्झ मार्ग पर लेपर्ड आर्मी की फेसिंग के तारों में फंस गया। मॉर्निंग वॉक करने निकले लोगों ने लेपर्ड को देखकर वन विभाग को सूचना दी। टीम ने सबसे पहले मुख्य रास्ता बंद किया। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर लेपर्ड को बेहोश किया।

शहर में माछला मगरा के जंगल और पिछोला झील के बीच से दूधतलाई से सीसारमा जाने वाले जलबुर्झ रास्ते पर बुधवार सुबह लेपर्ड देखा गया था। सुबह करीब आठ बजे वन विभाग के स्टाफ को आर्मी की

- **टीम ने मुख्य रास्ता बंद कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर लेपर्ड को बेहोश किया**

तरफ से सूचना मिली कि लेपर्ड फेसिंग के तारों में फंस गया है। इस पर डीएफओ मुकेश सैनी को सूचना दी गई। सबसे पहले सवा आठ बजे स्थानीय स्टाफ फोरेस्टर प्रदीप सिंह पहुंचे।उदयपुर दक्षिण के डीएफओ मुकेश सैनी और रेंजर धीरेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। इस बीच बुलाई गई रेस्क्यू टीम भी पहुंच गई। वहां देखा गया कि माछला मगरा की पहाड़ी इलाके में पावड़ा घाटी के नीचे जाते समय करीब 50 मीटर के पास ही पुलिया के वहां पर एकलिंगगढ़ आर्मी कैंपस की तारों की फेसिंग में एक लेपर्ड फंसा हुआ था। लेपर्ड ने तारों से निकलने का काफी प्रयास किया लेकिन वह नहीं निकल सका।

डीएफओ मुकेश सैनी ने रेस्क्यू कर लेपर्ड को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया शुरू कराई। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने सुबह करीब 9:30 बजे लेपर्ड को बेहोश किया। इसके बाद उसे वहां से चिकित्सकों के पास लेकर गए। वनकर्मियों का कहना है कि लेपर्ड यहां कैसे फंसा इसको लेकर अलग–अलग बात आ रही है। बताते हैं कि लेपर्ड ने जंप लगाया तब वह तारों में फंस गया।

यह माछला मगरा वन खंड क्षेत्र है जहां लेपर्ड का मूवमेंट रहता है और लेपर्ड अपनी प्यास बुझाने पिछोला झील में आता.जाता रहता है। इसके अलावा आगे भी जंगली इलाका ही है। वन विभाग ने लेपर्ड की सूचना मिलने के बाद गोवर्धन विलास वन नाका और नाई वन क्षेत्र में से भी स्टाफ को मौके पर बुलाया। असल में इस इलाके में सुबह शहरवासी मॉर्निंग वॉक करने आते हैं। लोगों की आवाजाही को देखते हुए यहां भीड़ जमा नहीं हो इसके लिए सबसे पहले दूधतलाई से सीसारमा वाले इस रास्ते को बंद किया।

# विश्व की सबसे छोटी सोने-चांदी की किताब बनाई

**उदयपुर,** (का.सं.)। उदयपुर के स्वर्ण शिल्पकार 100 विश्व रिकॉर्ड होल्डर डॉ. इकबाल सक्का ने रमजान के मुबारक मौके पर विश्व की सबसे छोटी सोने–चांदी की किताब बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया है। डॉक्टर इकबाल सक्का ने सोने–चांदी की किताब में अरबी में अल्लाह लिखा है संस्कृत में ओम लिखा हुआ है, सिख धर्म का खंडा बनाया, साथ में ईसाई धर्म का सलीब क्रॉस भी बनाया। इस सोने– चांदी की किताब में 64–64 पृष्ठ है, 6 गुना 4 मिलीमीटर की इस किताब में अल्लाह, ओम, खंडा व सलीब क्रॉस को लेंस की सहायता से ही देखा व पढ़ा जा सकता है। विश्व की सबसे छोटी सोने–चांदी की किताब का वजन मात्र 500, 500 मिलीग्राम है। सोने–चांदी की इस किताब के हर एक पन्ने को सुई की नोक से खोलकर पढ़ा जा सकता है। इसको बनाने में 15 दिन का समय लगा है।

# कोटा में 988 किलोग्राम गुलाब जामुन सीज किया



कोटा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नमूने लिये।

**कोटा,** (निसं)। कोटा में 988 किलोग्राम गुलाब जामुन सीज करने की कार्रवाई की गई। साथ ही विभिन्न खाद्य पदार्थों के 19 नमूने लिये गये है।

प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे कामयाब कोटा व राज्य में चलाए जा रहे "शुद्ध आहार मिलावट पर वार" होली स्पेशल अभियान के अंतर्गत प्रमुख शासन सचिव मेडिकल एंड हेल्थ गायत्री राठौर, आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच. गुइटे के मार्गदर्शन व जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी कोटा के निर्देशन में एवं अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र नगर के नेतृत्व में खाद सुरक्षा दल

- **विभिन्न डेयरी व किराना वालों का निरीक्षण करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थो के नमूने लिए**

द्वारा मिल रही सूचनाओं के आधार सुरक्षा दल द्वारा गुमानपुरा क्षेत्र से एक प्रतिष्ठान गुलाब जामुन (सुपर परिराज) को लेबल पर इंग्रेडिएंट्स में मीडिया डिक्लेयर नही होने के कारण शक के आधार पर 18 किलो के टिन को खुलवाकर नमूना लेकर शेष 54 टिन 18 किलोग्राम व 1 टिन 16 किलोग्राम को सीज किया गया। गुलाब जामुन के पीपों पर जो लेबल डिक्लेरेशन दिया गया था उसमें यह किस मीडिया में बनाया गया है, इसका विवरण अंकित नहीं था। यहां से एक नमूना लेकर 988 किलो गुलाबजामुन सीज किये। इसी के साथ कोटा में विभिन्न डेयरी व किराना वालों का निरीक्षण करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के 18 नमूने लिए। कुल 19 नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला कोटा भिजवाया गया, जहां से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। इस कार्यवाही में अधिकारी संदीप अग्रवाल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण सक्सेना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रवीर सिंह जादौन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोजी लाल कुम्भकार एवं सहायक चेतराम समिलित रहे।

# उदयपुर नगर निगम ने 25 दुकानों सहित अपार्टमेंट सीज किया



उदयपुर नगर निगम ने नगरीय विकास कर को लेकर कार्रवाई की।

**उदयपुर,** (का.सं.)। उदयपुर नगर निगम ने बुधवार सुबह नगरीय विकास कर को लेकर कार्रवाई करते हुए एक अपार्टमेंट को सीज किया। व्यवसायिक गतिविधियों वाली इस संपत्ति पर करीब नौ लाख रुपए का टैक्स बकाया था।

नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश की लगातार सख्ती के चलते बुधवार को शहर के प्रतापनगर क्षेत्र में 25 दूकानों सहित पूरा अपार्टमेंट ही सीज कर दिया। निगम ने इस अपार्टमेंट में आवासीय परिसर को भी सीज किया है। प्रतापनगर–भुवाणा बाइपास पर स्थित कहन अपार्टमेंट का नगर निगम में 8 लाख 92 हजार 52 रूपए नगरीय विकास कर के रूप में बकाया है। अपार्टमेंट के मालिक को निगम ने नोटिस दिया उसके बावजूद निगम की हिदायत को नजर अंदाज किया गया। बुधवार को निगम की टीम ने इस पूरे

- **व्यवसायिक गतिविधियों वाली इस संपत्ति पर करीब नौ लाख रुपए का टैक्स बकाया था**

अपार्टमेंट को ही सीज कर अपने कब्जे में ले लिया। इसमें 25 दुकानें भी शामिल है। अपार्टमेंट में आवासीय परिसर को भी सीज किया है। कहन अपार्टमेंट में बार एंड रेस्टोरेंट, कार्गो मूवर्स, भोजनालय, ऑयल सप्लायर, ट्रांसपोर्ट सर्विस, बेट्री सर्विस सेंटर और इंजीनियरिंग वर्क्स सहित करीब 25 दुकानें संचालित हो रही है। इनके संचालक सुबह दुकान खोलने कहन अपार्टमेंट आते उससे पहले ही दुकानों पर नगर निगम की सील लग चुकी थी।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 6 मार्च, 2025**

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, रोहिणी नक्षत्र रात्रि 12:06 तक, विष्कुम्भ योग रात्रि 3:29 तक, वणिज करण दिन 10:51 तक, चन्द्रमा वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–वृष, मंगल–मिथुन, बुध–मीन, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज भद्रा दिन 10:51 से रात्रि 10:05 तक है। आज रोहिणी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:17 तक, चर 11:11 से 12:38 तक, लाभ–अमृत 12:38 से 3:32 तक, शुभ 5:00 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:50, सूर्यास्त 6:27

**मेष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
घर/परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कन्या**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृश्चिक**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**धनु**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा।

**मकर**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

**कुंभ**
घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# बीकानेर संभाग में सिंचाई का पर्याप्त पानी नहीं मिलने से फसलें बर्बाद हो रही हैं : बुडानियां

## सिंचाई और पेयजल के मुद्दे पर विधानसभा में हुई चर्चा

**■ प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय पर पानी के लिए प्रयास नहीं किए गये जबकि राज्य में भजनलाल सरकार के आते ही हरियाणा से पानी लाने पर काम किया गया : गुरवीर सिंह**

**जयपुर।** विधानसभा के तृतीय एवं बजट सत्र में बुधवार को सिंचाई एवं पीने के पानी पर चर्चा हुई जिसमें विभिन्न सदस्यों ने भाग लिया और अपने क्षेत्रों में सिंचाई एवं पेयजल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की मांग की।

सदन में अनुदान की मांग संख्या 41 जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा मांग संखया 42 जल संसाधन एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना पर चर्चा शुरु हुई और इसकी शुरुआत विधायक नरेन्द्र बुडानियां ने की।

बुडानियां ने प्रदेश में पानी को महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए कहा कि प्रदेश के बीकानेर संभाग में किसानों को सिंचाई का पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं। किसानों के लिए फरवरी में ही पानी बंद कर दिया गया हैं। इससे किसान आंदोलनरत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को किसानों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए लेकिन किसानों के आंखों में आंसू हैं।

उन्होंने कहा कि पानी माफिया हावी होने एवं उनके अधिकारियों से मिलीभगत के कारण गांवों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है और एक हजार रुपए प्रति टैंकर के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव में गरीब तक पानी नहीं पहुंच पा रहा हैं क्योंकि रसूखदारों के द्वारा अवैध कनेक्शन लगा लिए हैं और गरीब तक पानी पहुंचने ही नहीं दिया जा रहा है।

बुडानियां ने सरकार से मांग की कि अभियान चलाकर अवैध कनेक्शनों पर नियंत्रण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीने का पानी गंदा आने के कारण लोग बीमार हो रहे हैं इस पर भी ध्यान देने की जरुरत हैं। उन्होंने मांग की कि पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मॉनटरिंग कमेटी विधानसभा स्तर पर बनाई जानी चाहिए। इसी तरह जिले में कमेटी बनाई जानी चाहिए और उसमें विधायक को शामिल किया जाना चाहिए।

इसी तरह विधायक श्रवण कुमार ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि प्रदेश में पानी को लेकर किसी को राजनीति नहीं करनी चाहिए। सभी जनप्रतिनिधियों को लोगों को पानी उपलब्ध कराने के बारे में सोचना चाहिए और पानी की समस्या का निदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं, चुरु एवं सीकर जिले जहां देश की सेवा करने में सैनिकों के रुप में सबसे आगे खड़े हैं लेकिन पानी के मामले में ये जिले पीछे वाली लाइन में खड़े हैं। उन्होंने पानी की 12 हजार करोड़ की योजना जो ठंडे बस्ते में पड़ी है उसका वर्क ऑर्डर कराये जाने की राज्य सरकार से मांग की।

चर्चा में भाग लेते हुए विधायक गुरवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय पर पानी के लिए प्रयास नहीं किए गये जबकि राज्य में भजनलाल सरकार के आते ही हरियाणा से पानी लाने पर काम किया गया। उन्होंने वर्षा जल संचयन की जरुरत बताते हुए कहा कि इस पर और काम करने की जरुरत हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जनआंदोलन के रुप में लेना चाहिए।

विधायक अमित चाचाण ने अपने नोहर विधानसभा क्षेत्र में किसानों को अपने हिस्से का पूरा पानी नहीं मिलने का मामला उठाते हुए कहा कि हरियाणा से राजस्थान के हिस्से का पूरा पानी दिलाया जाना चाहिए ताकि किसानों को पूरा पानी मिल सके। उन्होंने उनके क्षेत्र में किसानों की डिग्गियों के निर्माण के काम को भी पूरा कराये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आज भी कई घरों तक पानी नहीं पहुंचा हैं ऐसे में प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने का काम किया जाना चाहिए।

# भाजपा के मंत्रियों में आपसी समन्वय का अभाव है : पायलट



**टोंक में राजमिडवे होटल पर कांग्रेसजनों ने बुधवार को पूर्व उपमुखमंत्री एवं वर्तमान टोंक विधायक सचिन पायलट का भव्य स्वागत किया।**

**■ 'जूली व डोटसरा के बीच ऐसा कोई विवाद नही है लेकिन किरोडीलाल मीणा आज मंत्री भी है या नही यह संदेह बना हुआ है'**

**टोंक।** पूर्व उपमुखमंत्री एवं वर्तमान टोंक विधायक सचिन पायलट अल्प प्रवास पर टोंक आये तथा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद यहां उन्होने प्रेस से मिलकर बताया कि टोंक में जो प्रोजेक्ट शुरू किये गये थे उनको लेकर उन्होने अधिकारियें की बैठक ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिये है। विशेष रूप से नगर परिषद से जुडे वे सभी कार्य जो कांग्रेसकाल में शुरू थे वे सभी पूरे किये जायेंगे। जिले में मीठे पानी को लेकर कन्टीजेन्सी प्लान बनाये गये है, जो एक-दो महिने में ही पूरे हो जायेगें। धन्नातलाई प्रोजैक्ट के बारे में उन्होने कहा कि उसके गन्दे पानी की निकासी कर, उसका सौन्दर्यकरण का कार्य भी होना है, जिसके लिए मैं दो करोड की राशि पूर्व में दे भी चुका हूं।

नगर परिषद टोंक द्वारा सीवरेज, ड्रेनेज व शहर की साफ-सफाई का कार्य किया जाना है, जिसके लिए नगर परिषद को और बजट राशि दिलवायी जाने के हमारे प्रयास रहेगे। वहीं विपक्ष की भूमिका के सम्बन्ध में पायलट ने कहा कि जूली व डोटसरा के बीच ऐसा कोई विवाद नही है, किरोडीलाल मीणा आज मंत्री भी है या नही यह संदेह बना हुआ है। भाजपा की राज्य सरकार में अधिकारी ही हावी है, सरकार तो सिर्फ घोषणाये व भाषणबाजी ही कर रही है। भाजपा के मंत्रियों में आपसी समन्वय का पूरा अभाव है। टोंक सहित राज्यभर में बलात्कार की घटनायें बढ़ रही है, सरकार की जिम्मेदारी है कि उनकी सुरक्षा को लेकर वह अपनी जिम्मेदारी पूरी करें। भाजपा के इस कार्यकाल में अब तक यह स्थाई नौकरियां भी नही दे पा रहे है। क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन को लेकर माफियां को नियत्रंण करने में सरकार असफल रही है, यह सरकार केवल सत्ता के लिए राजनीति कर रही है। सरकार के पास किसी भी सवाल का जवाब नही है, कांग्रेस ने दलित आवाज बहुत मजबूती से उठाई है। अपनी साईकिल यात्रा के सम्बन्ध में पायलट ने कहा कि यह यात्रा युवा वर्ग को नशे से दूर रखने का संदेश देने हेतु यह यात्रा की गई, यह कोई राजनैतिक यात्रा नही थी, टोंक में भी जिला प्रशासन के सहयोग से नशे के विरूद्ध बडा अभियान चलाये जाने की जरूरत है।

इससे पूर्व राजमिडवे होटल पर कांग्रेसजनो ने पायलट का भव्य स्वागत किया, इसके बाद पायलट मुकुल परिवार के यहां शोक सतप्तं परिवार को ढांढस बांधने पंहुचे तथा वही पूर्व भाजपा की पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन के यहां सम्पन्न हुए वैवाहिक कार्यक्रम में वर-वधु को आर्शीवाद देने पंहुचे, वही एडवोकेट कदीर के यहां पहुंचकर परिवार को सात्वना प्रकट की। पायलट ने टोंक शहर सहित ग्राम लक्ष्मीपुरा (छानबाससूर्या), ग्राम सेंतीवास (खरेडा) तथा ग्राम संवारिया (मालपुरा) में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की।

प्रेस वार्ता के दौरान पायलट ने पत्रकारो के साथ भोजन किया, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा, दिनेश चौरसिया, कमल बैरवा, शिवपाल खंडवा, राजेंद्र गोयल, हंसराज गाता, अब्दुल खालिक, धर्मेंद्र सालोदिया, मयंक गोयल, शैलेश गुर्जर, पूर्व सरकारी पीपी राजेश गुर्जर, सतवीर गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी शिक्षा का हो प्रभावी प्रसार : राज्यपाल




**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार ने हरिशचन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान 'रीपा' में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री और पदक प्रदान किए।**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पढ़ाई के लिए कोई शोर्टकट नहीं होता। केवल पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें ही नहीं विद्यार्थी जीवन व्यवहार और नित नए हो रहे परिवर्तनों से जुड़ी सामग्री का भी अध्ययन करे। इसी से उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी और वे जीवन में सफल हो सकेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाए जाने के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का भी आव्हान किया।

बागडे ने बुधवार को हरिशचन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान 'रीपा' में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर के दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ज्ञान-विज्ञान में आरंभ से ही समृद्ध रहा है। यहां नालंदा जैसा महान विश्वविद्यालय था। यहां सुदूर देशों से विद्यार्थी पढ़ने आते थे। उन्होंने बख्तियार खिलजी द्वारा नालंदा के पुस्तकालय को जलाने की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के निरंतर प्रयास हुए परन्तु वे सफल नहीं हुए। उन्होंने राजस्थान को शूरवीरों की भूमि बताते हुए कहा कि बप्पा रावल ने सौ सालों तक विदेशी आक्रमणकारियों को यहां आने नहीं दिया।

राज्यपाल ने आरंभ में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को डिग्री और पदक प्रदान किए। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा रोजगार के साथ-साथ शिक्षा प्राप्त करने वाले, श्रमिकों आदि को भी डिग्री प्रदान कर सफल होने का रिकॉर्ड संधारित किए जाने के निर्देष दिए।

राज्यपाल ने इससे पहले इग्नू के रिजनल सेंटर की गतिविधियों की प्रदर्शनी लोकार्पण किया। इससे पहले क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ममता भाटिया ने इग्नू के पाठ्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। राममूर्ति मीना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# व्यापार कितना भी बढ़ जाए, व्यवहार कभी नहीं बदलना चाहिए : सुमित काबरा

**जयपुर।** सीआईआई-यंग इंडियंस जयपुर ने आज आरआर ग्लोबल के प्रमोटर डायरेक्टर सुमित काबरा के साथ इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया।

इंटरैक्टिव सत्र के दौरान काबरा ने बताया कि "एक मजबूत विरासत वाले पारिवारिक व्यवसाय में प्रवेश करना और अभिनव बदलाव लाना रोमांचक है, लेकिन यह व्यवसाय को उसकी जड़ों का सम्मान करते हुए विकसित होने में मदद करने का अवसर भी है। सफलता परंपरा को नवाचार के साथ मिलाने, खुले संचार को बनाए रखने और पारिवारिक गतिशीलता का सम्मान करने में निहित है। जब सोच-समझकर किया जाता है, तो नवाचार व्यवसाय के भविष्य को सुरक्षित कर सकता है और साथ ही उन मूल्यों को बनाए रख सकता है, जिन्होंने इसे पहले स्थान पर सफल बनाया था।"

सत्र के दौरान, वाईआई जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष, मोहित जाजू ने साझा किया कि "पारिवारिक व्यवसाय कई संपन्न अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ बनते हैं, जो परंपरा को नवाचार के साथ मिलाते हैं। एक व्यावसायिक बिरादरी में, वे विश्वास, विरासत और दीर्घकालिक दृष्टि की शक्ति का उदाहरण देते हैं। पारिवारिक व्यवसायों का महत्व न केवल धन बनाने की उनकी क्षमता में निहित है, बल्कि रिश्तों को पोषित करने और पीढ़ियों से आगे के मूल्यों को बनाए रखने की उनकी प्रतिबद्धता में भी निहित है। पारिवारिक बंधनों के साथ व्यावसायिकता को संतुलित करके, वे सफलता के लिए एक अनूठा मॉडल पेश करते हैं जहाँ विकास कड़ी मेहनत और व्यक्तिगत संबंध की ताकत दोनों से प्रेरित होता है।"

सीआईआई-वाईआई जयपुर चैप्टर के सह-अध्यक्ष राहुल कलानी ने बताया कि यंग इंडियंस (वाईआई) के भारत में 71 चैप्टरर्स के साथ युवा भारतीयों के लिए एक पैन इंडिया मंच के रूप में 2002 में गठित सीआईआई का एक अभिन्न अंग है। वाईआई सदस्यता में 21-45 वर्ष की आयु के बीच के युवा प्रगतिशील भारतीय सदस्य हैं।

# होम गार्ड जवानों के नियोजन में पारदर्शिता लाने के लिए सिस्टम विकसित : खराड़ी

**■ गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने प्रश्नकाल में विधायक लक्ष्मण राम के प्रश्न पर जवाब दिया**

**जयपुर** (वि स.)। गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि होम गाड्र्स के नियोजन में पारदर्शिता लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा सिस्टम विकसित किया गया है। खराड़ी प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में इसे प्रायोगिक तौर पर प्रदेश के पांच जिलों में लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सफल प्रयोग के पश्चात इस सिस्टम को सपूर्ण प्रदेश में लागू किया जाएगा, जिससे प्रदेश के विभिन्न राजकीय उपक्रमों में नियोजित होमगार्डों की ड्यूटी की समयावधि का वास्तविक आकलन हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान होम गाड्र्स अधिनियम, 1963 की धारा दो के अनुसार होम गाड्र्स एक स्वयं सेवक निकाय है। जिन्हें मांग के आधार पर, आवश्यकता होने पर विभिन्न राजकीय उपक्रमों में नियोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि होमगार्डों को नियमित रोजगार देने के संबंध में कोई निर्धारित मापदंड तय नहीं है।

इससे पहले विधायक लक्ष्मण राम के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि राजस्थान होम गाड्र्स अधिनियम, 1963 एवं राजस्थान होम गाड्र्स नियम, 1962 में संशोधन कर होम गाड्र्स सेवा नियम बनाए जाने एवं होमगार्डों को ईपीएफ सुविधा दिए जाने का वर्तमान में प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। होमगार्ड स्थायी तथा अस्थाई कर्मचारी की श्रेणी में नहीं होने के कारण इनको कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 के तहत ईपीएफ की सुविधा देय नहीं है।

# व्यापारी के लापता होने का मामला सदन में उठा

**जयपुर।** विधानसभा में बुधवार को नीमकाथाना क्षेत्र के डाबला के एक व्यापारी के लापता हो जाने का मामला उठा। शून्यकाल में विधायक सुरेश मोदी ने स्थगन प्रस्ताव के तहत यह मामला उठाते हुए बताया कि डाबला में अपना व्यापार कर रहे सुनील जांगिड़ एक मार्च को जयपुर आये थे और उनके पास देनदारियां चुकाने एवं खरीददारी के लिए धनराशि भी थी। व्यापारी ने शाम को घर पर फोन करके बताया भी था कि उसका थोड़ा काम शेष रह गया हैं और वह रात में या सुबह घर लौट आयेगा।

# ट्रेनिंग पर हुआ खर्च जमा कराने के दिए आदेश

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कांस्टेबल के दूसरी नौकरी के लिए पद छोड़ने के मामले में आदेश दिए हैं कि वह परिवीक्षा काल में ट्रेनिंग पर हुए खर्च को पुलिस विभाग में जमा कराए। अदालत ने स्पष्ट किया है कि कांस्टेबल को इस अवधि में दिए वेतन की वसूली नहीं की जाएगी। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश राजेश की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि वह याचिकाकर्ता को प्रशिक्षण खर्च हुई राशि निर्धारित कर चार सप्ताह में इसकी जानकारी मुहैया कराए। वहीं याचिकाकर्ता एक माह में इस राशि को जमा कराए। अदालत ने कहा कि राशि जमा होने पर विभाग उसे एनओसी जारी करे। अदालत ने याचिकाकर्ता को संगणक पद पर कार्य ग्रहण करने की सशर्त अनुमति देते हुए कहा कि यदि तय अवधि में याचिकाकर्ता राशि जमा नहीं कराता है तो पुलिस विभाग उसे वापस बुलाने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

# जीएसएस निर्माण के कार्यादेश जल्द : नागर

**जयपुर।** ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने बुधवार को विधानसभा में आश्वस्त करते हुए कहा कि उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र के विर धोलिया में 400 केवी जीएसएस के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है और निविदा कार्य पूरा होते ही इस जीएसएस के निर्माण के लिए कार्यादेश जारी किया जायेगा, जिससे गर्मियों में उदयपुर ग्रामीण के जनजातीय क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। नागर प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत उदयपुर ग्रामीण के 31 गांवों में एक हजार से अधिक विद्युत कनेक्शन देने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे गए है। स्वीकृति उपरांत ऑन ग्रिड कनेक्शन दिए जाएंगे।

# दिया कुमारी को आईफा अवाड्र्स समारोह का निमंत्रण

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को आईफा अवाड्र्स समारोह के आयोजकों ने बुधवार को सचिवालय में मुलाकात कर, समारोह में शामिल के लिए निमंत्रण दिया। आईफा अवाड्र्स आयोजन समिति के सदस्य सब्बास जोसेफ, कविता वकील ने 8 एवं 9 मार्च को जयपुर में आयोजित होने वाले आईफा समारोह में उप मुख्यमंत्री की उपस्थिति के लिए अनुरोध किया।

# नाबालिग विवाहिता से दुष्कर्म करने वाले को सजा

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर प्रथम ने नाबालिग विवाहिता को अपने साथ ले जाने और कई महीनों तक उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त राजाराम चौधरी को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर चालीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने मामले में दो अन्य युवकों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। पीठासीन अधिकारी मीना अवस्थी ने अपने आदेश में कहा कि यदि नाबालिग पीडिता अपने घर नहीं जाना चाहती थी तो वह उसे समझा बुझाकर पुलिस को सौंप सकता था, लेकिन उसने काम वासना की पूर्ति के चलते पीडिता को सात माह तक पत्नी के रूप में रखा और कई बार दुष्कर्म किया। जिससे वह गर्भवती भी हुई। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

# युवा संसद में 9 मार्च तक होंगे रजिस्ट्रेशन

**जयपुर।** राजकीय महाविद्यालय, जयपुर द्वारा विकसित भारत युवा संसद का जिला स्तरीय कार्यक्रम" आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना, युवाओं की आवाज को बढ़ाना, सार्वजनिक मुद्दों में युवाओं के निर्णय लेने के कौशल और विविध विचारों के प्रति सहिष्णुता को बढ़ावा देना है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्निग्धा शर्मा ने बताया कि इसमें युवाओं को 09 मार्च तक माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाकर विकसित भारत से आप क्या समझते हैं। विषय पर 01 मिनट का वीडियो बनाकर अपलोड करना होगा जिसमें चयनित 150 प्रतिभागियों की ऑफलाईन प्रतियोगिता 11-12 मार्च, 2025 को महाविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। इसमें चयनित 10 प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में विधान सभा जयपुर में शामिल होने का अवसर मिलेगा। इसके पश्चात इनमें से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से तीन प्रतिभागी चयनित हो कर राष्ट्रीय स्तर पर संसद भवन नई दिल्ली में केन्द्र स्तर के कार्यक्रम में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में जयपुर, जयपुर ग्रामीण और दौसा जिले के 18 से 25 वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव देश के लिए नई व्यवस्था नहीं, पहले भी देश में हो चुके एक चुनाव : सुनील भार्गव

**जयपुर।** एक राष्ट्र एक चुनाव जन जागरूकता अभियान के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने प्रेसवार्ता कर बताया कि स्वतंत्रता के बाद से अब तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के 400 से अधिक चुनावों ने निष्पक्षता और पारदर्शिता के प्रति भारत के चुनाव आयोग की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। हालांकि, अलग-अलग और बार-बार होने वाले चुनावों की प्रकृति ने एक अधिक कुशल प्रणाली की आवश्यकता पर चर्चाओं को जन्म दिया है। इससे "एक राष्ट्र, एक चुनाव" की अवधारणा में रुचि फिर से जग गई है।

"एक राष्ट्र, एक चुनाव" के इस विचार को एक साथ चुनाव के रूप में भी जाना जाता है, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक ही साथ कराने का प्रस्ताव प्रस्तुत करता है। इन चुनावी समय-सीमाओं को एक साथ जोड़ने के दृष्टिकोण का उद्देश्य चुनावों के लिए किए जाने वाले प्रबंध से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करना, इसमें लगने वाले खर्च को घटाना और लगातार चुनावों के कारण कामकाज में होने वाले व्यवधानों को कम करना है।

संयोजक सुनील भार्गव ने बताया कि




**"एक राष्ट्र एक चुनाव" जन जागरूकता अभियान के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।**

भारत में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट को 2024 में जारी किया गया था। रिपोर्ट ने एक साथ चुनाव के दृष्टिकोण को लागू करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान की। इसकी सिफारिशों को 18 सितंबर 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार किया गया, जो चुनाव सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रक्रिया के समर्थकों का तर्क है कि इस तरह की प्रणाली प्रशासनिक दक्षता को बढ़ा सकती है, चुनाव संबंधी खर्चों को कम कर सकती है और नीति संबंधी निरंतरता को बढ़ावा दे सकती है। भारत में शासन को सुव्यवस्थित करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को उसके अनुकूल बनाने करने की आकांक्षाओं को देखते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में उभरी है जिसके लिए गहन विचार-विमर्श और आम सहमति की आवश्यकता है।

एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा भारत में नई नहीं है। संविधान को अंगीकार किए जाने के बाद, 1951 से 1967 तक लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित किए गए थे। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव 1951-52 में एक साथ आयोजित किए गए थे। यह परंपरा इसके बाद 1957, 1962 और 1967 के तीन आम चुनावों के लिए भी जारी रही। हालाँकि, कुछ राज्य विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण 1968 और 1969 में एक साथ चुनाव कराने में बाधा आई थी। चौथी लोकसभा भी 1970 में समय से पहले भंग कर दी गई थी, फिर 1971 में नए चुनाव हुए। पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा ने पांच वर्षों का अपना कार्यकाल पूरा किया। जबकि, आपातकाल की घोषणा के कारण पांचवीं लोकसभा का कार्यकाल अनुच्छेद 352 के तहत 1977 तक बढ़ा दिया गया था। इसके बाद कुछ ही, केवल आठवीं, दसवीं, चौदहवीं और पंद्रहवीं लोकसभाएं अपना पांच वर्षों का पूर्ण कार्यकाल पूरा कर सकीं। जबकि छठी, सातवीं, नौवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं और तेरहवीं सहित अन्य लोकसभाओं को समय से पहले भंग कर दिया गया। इन घटनाक्रमों ने एक साथ चुनाव के चक्र को अत्यंत बाधित किया, जिसके कारण देश भर में चुनावी कार्यक्रमों में बदलाव का मौजूदा स्वरूप सामने आया है।

# महिला को ब्लैकमेल करने वाला फर्जी पत्रकार गिरफ्तार

**जयपुर।** सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को ब्लैकमेल करने वाले एक फर्जी पत्रकार को गिरफ्तार किया हैं। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन पर आरोपी एक महिला को परेशान कर रहा था। इसी दौरान निर्भया की टीम मौके पर पहुंची। जहां निर्भया टीम को महिला ने आरोपी के बारे में बताया कि वह उसे नहीं जानती कई समय से वह उसे परेशान कर रहा हैं। जिस पर निर्भया ने आरोपी को डिटेन किया और सदर थाने लेकर पुलिस को सौंपा। जहां आरोपी ने खुद को पत्रकार बताया और उसके दस्तावेजों की जांच की गई तो आरोपी के पास फर्जी दस्तावेज मिले। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि जयपुर कमिश्नर और निर्भया की नोडल प्रभारी के दिशा निर्देशन में जयपुर पुलिस की निर्भया की सिविल टीम महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन गरिमा अभियान के तहत लगातार राउंड पर रहती है। बुधवार को भी टीम सदर थाना इलाके में राउंड कर रही थी। इस दौरान रेलवे स्टेशन के पास टीम रुकी तो एक महिला युवक को कुछ कह रही थी। इस पर जब महिला से बात की तो उसने बताया कि पाली जिले के रोहट के आदर्श नगर में रहने वाला कमलेश कुमार उसे परेशान कर ब्लैकमेल कर रहा है। वह उसे साथ चलने का कह रहा है जबकि वह उसे जानती भी नहीं है। इस पर टीम ने युवक को पकड़ा और पूछताछ की तो वह अपने अपने आप को पत्रकार बताने लगा और धमकाया कि उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकते हो। इस पर टीम उसे थाने लेकर आई और पूछताछ की। दस्तोवज देखने पर पता चला कि वह फर्जी पत्रकार निकला।

# विदेश का वीजा दिलाने का झांसा देकर की 60 लाख की धोखाधड़ी

## आरोपियों ने आस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके आदि कई देशों में वीजा लगवाने की बात कही थी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** विदेश का वीजा दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के संचालन का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिला मुख्यालय पर जवाहरनगर थाने में चार लोगों के खिलाफ 60 लाख रुपए की ठगी का केस दर्ज किया गया है। आरोपियों में से एक व्यक्ति श्रीगंगानगर जिले व तीन हरियाणा के हिसार जिले के निवासी हैं। पुलिस ने पीड़ित तरुण कुमार की शिकायत पर बलराज मील निवासी गांव मुकलान जिला हिसार, मोहित सहारण पुत्र प्रमोद सहारण निवासी गणेशगढ़, कोमल निवासी खेरी हरियाणा और मलिशका निवासी अर्बन स्टेट हिसार के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश रचने की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पीड़ित तरुण कुमार पुत्र पुत्र धर्मपाल मूलतः घड़साना का रहने वाला है और श्रीगंगानगर में डीसीटी एजूकेशन कंसल्टेंट का संचालन करता है। उसकी फर्म की ओर से स्टडी वीजा का काम किया जाता है।

तरुण ने पुलिस को बताया कि उसकी मुलाकात आरोपी मोहित सहारण से हुई। मोहित ने तरुण को बातों में ले लिया और कहा कि उसका दोस्त बलराज मील चंडीगढ़ में बड़े स्तर पर इमीग्रेशन का काम करता है। बलराज वर्क वीजा तथा टूरिस्ट वीजा की प्रोसेसिंग में मदद कर सकता है। तरुण मोहित की बातों में आ गया तो उसे चंडीगढ़ बुलाकर उसकी मुलाकात बलराज मील और कोमल से करवाई। बलराज ने खुद को इमीग्रेशन एक्सपर्ट बताते हुए कहा कि वह स्टडी वीजा के अलावा अन्य देशों के वर्क वीजा भी प्रोसेस कर सकता है। उसने कोमल को अपनी पार्टनर बताकर कहा कि आगे की सारी बातचीत वही संभालेगी।

■ आरोपियों में से एक व्यक्ति श्रीगंगानगर जिले व तीन हरियाणा के हिसार जिले के निवासी हैं

तरुण ने बताया कि बलराज और कोमल के कहने पर उसने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूके के वीजा के लिए कुल 17-18 फाइलें उन्हें सौंप दीं। इन मामलों की प्रोसेसिंग के लिए आरोपियों ने अलग-अलग किस्तों में 60 लाख से ज्यादा की रकम वसूल ली।

शुरू में कोमल ने श्रीगंगानगर आकर भरोसा दिलाया कि सभी फाइलें प्रोसेस में हैं। कुछ समय बाद जब तरुण ने स्टेटस जानना चाहा तो कोमल और बलराज टालमटोल करने लगे। धीरे-धीरे सभी आरोपियों ने संपर्क बंद कर दिया और तरुण को ठगे जाने का अहसास हुआ।

पीड़ित तरुण ने बताया कि उसने आरोपियों के बताए गए खातों में किश्तों में रकम जमा करवाई। इनमें बलराज मील और कोमल के खाते शामिल हैं। इसके अलावा आरोपी मलिशका के खाते में भी बड़ी रकम ट्रांसफर की गई। आरोपियों ने कई देशों में वीजा लगवाने का झांसा दिया। पीड़ित तरुण ने बताया कि आरोपियों ने उसे आस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके आदि कई देशों में वीजा लगवाने की बात कही थी। शुरुआत में ही आरोपियों ने उससे अलग-अलग देशों के वीजा के लिए करीब 11 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद अलग-अलग खातों में राशि जमा करवाई गई। कुल मिलाकर 17-18 फाइलों के एवज में 60 लाख से अधिक की राशि जमा करवा ली। तरुण कुमार ने बताया कि आरोपियों ने कनाडा जाने के लिए अंप्लाई करने वाले लोगों के पासपोर्ट मंगवाकर फर्जी वीजा स्टाम्प तक लगा दिए। इसके अलावा आस्ट्रेलिया के लिए फर्जी टिकट तक दे दिए। यह भी कहा गया कि आस्ट्रेलिया जाने वालों की बोर्डिंग स्वयं कोमल एयरपोर्ट पर करवाएगी। पीडि़त के क्लाइंट विदेश जाने के लिए एयरपोर्ट तक पहुंच गए लेकिन इसके बाद आरोपियों ने फोन उठाना तक बंद कर दिया।

# भीलवाड़ा में कांग्रेसी नेता के ठिकानों पर सर्वे

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** इस्पात कारोबारी और कांग्रेसी नेता ओम नारनीवाल के ठिकानों पर डीजीजीआई का सर्वे चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, कामधेनु और चारभुजा नाम के गोदामों पर अधिकारियों की टीम ने दस्तावेजों की गहन जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जीएसटी चोरी से जुड़ी अहम जानकारियां हाथ लग सकती हैं। डीजीजीआई की यह कार्रवाई सुबह से ही जारी है, और फिलहाल आधा दर्जन से ज्यादा अधिकारी इस सर्वे में जुटे हुए हैं। दस्तावेजों की छानबीन के बाद बड़े घोटाले का खुलासा हो सकता है। हालांकि, अभी तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि करोड़ों की कर चोरी का मामला उजागर हो सकता है।

■ माना जा रहा है कि सर्वे के दौरान करोड़ों की कर चोरी का मामला उजागर हो सकता है

# 'गंग कैनाल जल को शुद्ध कर मिल रहा स्वच्छ जल'

**जयपुर।** राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि पंजाब की फैक्ट्रियों से गंग कैनाल में आ रहे जल को विभिन्न विधियों से शुद्ध कर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। रावत प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सतलुज नदी में दूषित जल प्रवाहित होने से रोकने के लिए पंजाब सरकार द्वारा भी प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए सतलुज नदी के जल संग्रहण क्षेत्र में कुल 57 एसटीपी का निर्माण किया गया है, जिसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त 10 नए एसटीपी एवं सीईटीपी का निर्माण कार्य भी प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा वर्ष 2011 से 2014 तक हर वर्ष जल के नमूने लिए गए, जिसमें दूषित जल की पुष्टि हुई। मंडल द्वारा पंजाब प्रदूषण नियंत्रण मंडल को प्रदूषण के मुख्य स्त्रोतों की जानकारी दी गई। साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कैपेसिटी बढ़ाने तथा स्थापित ट्रीटमेंट प्लांट की पूर्ण उपयोगिता सुनिश्चित कर सीवरेज को सतलुज में प्रवाहित नहीं करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि दूषित जल की मॉनिटरिंग के लिए बीकानेर कैनाल की आर.डी. 368.50 (राजस्थान-पंजाब बॉर्डर) पर रीयल टाइम वाटर क्वारलिटी मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर**

क्रमांक-6002 दिनांक-24.02.2025

**Notice Inviting Bid- 57/2024-25**

Bid for the "Construction of RUB at 321/9-10 Lalgarh Bikaner, PBM Hospital and MLA Lad Works" are invited from interested bidders from 24.02.2025 (09.30 AM) to 08.03.2025 (06.00 PM) & Open date 10.03.2025 (11.00 AM), other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 223.55 Lakh.

UBN NO. PWD2425WSOB15924

Executive Engineer,
PWD City Division, Bikaner

DIPR/C/2918/2025


# पाक को सूचनाएं भेजने वाला रेलकर्मी रिमांड पर

**बीकानेर, (निसं)।** राजस्थान इंटेलीजेंस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले महाजन रेलवे स्टेशन पर तैनात कर्मचारी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

उसे बीकानेर के महाजन में लाकर जानकारियों की तस्दीक की जायेगी। महाजन रेलवे स्टेशन पर तैनात कर्मचारी पाकिस्तानी युवती निमी के संपर्क में आया और हनी ट्रैप शिकार हो गया। वह पिछले डेढ़ साल से पाक एजेंट निमी के संपर्क में था और उसे गुप्त सूचनाएं भेज रहा था। इंटेलीजेंस की टीम ने उसके खिलाफ ऑफिशियल सिक्रेट एक्ट में मुकदमा दर्ज किया और गिरफ्तार कर लिया। भवानीसिंह को जयपुर कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

■ महाजन रेलवे स्टेशन पर तैनात कर्मचारी पाक युवती निमी के संपर्क में आ गया था

जयपुर इंटेलीजेंस की टीम आरोपी को महाजन लाएगी और उससे जानकारियों की तस्दीक करेगी। भवानीसिंह ने महाजन में सैन्य गतिविधियों और फायरिंग रेंज की सूचनाएं पाक एजेंट निमी को भेजी हैं। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भवानीसिंह को यूपीआई से रुपए रुपए भी भेजे। भवानीसिंह के मोबाइल की फोरेंसिक जांच होगी। पाक लड़की से चैटिंग की जानकारियां भी सामने आएंगी।

# फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** सदर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी बुधाराम बिश्नोई ने बताया कि 4 फरवरी को राजतालाब थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने शहर के इंदिरा कॉलोनी के एक मकान से तबस्सुम उर्फ तब्बु से 9, जुनैद पुत्र ईकबाल से 1 व अमजद पुत्र शाहनवाज से 1 ग्राम एमडीएमए मिथाईलीन डाईऑक्सी मैथेमफेटामाईल जब्त कर आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया। जिस पर राजतालाब थाने में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया। अनुसंधान का जिम्मा सदर थानाधिकारी बुधाराम को सौंपा गया। अनुसंधान के बाद आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। अनुसंधान में तबस्सुम उर्फ तब्बु ने पूछताछ में उक्त एमडीएमए उसक बहन कायनात खान से खरीदना बताया था।

# नांदवेल सरपंच पर बदमाशों ने फायरिंग की, अस्पताल में भर्ती कराया

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में मावली विधायक पुष्करलाल डांगी के भांजे और नांदवेल सरपंच देवीलाल डांगी पर मंगलवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दी। घटना में सरपंच देवीलाल घायल हो गए। गोली उनकी जांघ पर लगकर आर-पार निकल गई। घायल हालत में उन्हें एक निजी हॉस्पिटल भर्ती कराया गया है।

घटना रात करीब 10:30 बजे डबोक थाना क्षेत्र के नांदवेल गांव की है। घायल सरपंच देवीलाल ने बताया मैं कार लेकर जैसे ही घर पहुंचा। तब घर के बाहर टंकी पर दो युवक पानी पीते नजर आए। जैसे ही कार से बाहर उतरा तो उनमें से एक ने मुझ पर फायरिंग कर दी। इसके बाद वे बाइक लेकर फरार हो गए। मैं जोर से चिल्लाया तो पिताजी घर से बाहर निकलकर आए। सरपंच ने बताया कि आरोपियों को वे नहीं जानते, न ही उनकी किसी से कोई रंजिश है। परिजन तुरंत घायल सरपंच को हॉस्पिटल लेकर गए और पुलिस को सूचना दी।

■ मावली विधायक पुष्करलाल डांगी का भांजा है नांदवेल सरपंच देवीलाल डांगी

■ पुलिस ने एक हमलवार को हिरासत में लिया, दूसरे की तलाश जारी

जानकारी अनुसार हमलावर भागते हुए खेड़ा चंदेसरा गांव में पहुंचे थे, जहां हमलावरों को गांव के मोहित शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने देखा तो उन्हें शक हुआ। मोहित ने उनका परिचय जानने की कोशिश की तो एक हमलवार तुरंत भाग गया। वहीं दूसरे अन्य साथी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और डबोक थाने में सूचना दी। सूचना पर डबोक थाने से जाब्ता मौके पर पहुंचा और हमलवार को हिरासत में लिया। इसके बाद डबोक और घासा थाने का पुलिस जाब्ता खेड़ा चंदेसरा पहुंचे। ग्रामीणों के साथ खेतों में रातभर ढूंढा, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी है।


**भिवाड़ी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण**

bida BHIWADI INTEGRATED DEVELOPMENT AUTHORITY

एच-5, भगतसिंह कॉलोनी, भिवाड़ी, अलवर, दूरभाष :- 01493-230819
ई-मेल :- bida.bhiwadi@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- बीड़ा/अभि./6781/25 दिनांक :- 04/03/2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for "Installation of open gym, S&F of outdoor games in BIDA parks, Repair and maintenance work of EWS sector 3 and BIDA's quarter's, P&F of new street light at various location in BIDA" is invited from interested Bidders up to 12.00 Noon date 17.03.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in** of the state; and **https://bida.rajasthan.gov.in** departmental website.

UBN : BDA2425WSOB00075, BDA2425WSOB00076, BDA2425WSOB00077, BDA2425WSOB00078, BDA2425WSOB00079

Executive Engineer
BIDA, Bhiwadi

Raj.Samwad/C/24/12672

राजस्थान सरकार

**कार्यालय जिला कलक्टर (भू.अभि.) करौली**

क्रमांक-लेखा/भू.अभि./निविदा/2025/2401 दिनांक-28.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

कार्यालय जिला कलक्टर (भू.अभि.) करौली में फसल कटाई प्रयोग हेतु प्रयुक्त उपकरण क्रय करने हेतु इच्छुक आपर्तिकर्ता/विनिर्मित/थोक वितरक/अधिकृत डीलर/विपनन एजेन्ट फर्मो से अनुमानित राशि 21.00 लाख रूपये की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि का विवरण राजस्थान लोक उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthn.nic.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जाकर https://eproc.rajasthan.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। UBN NO.- CKL2425GLOB00015

वरिष्ठ लेखाधिकारी (सदस्य सचिव)
कलेक्ट्रेट करौली

DIPR/C/3154/2025

**नगर विकास न्यास, पाली**

जिला कलेक्ट्रेट परिसर, पाली, फोन नं. 02932-223222, ई मेल – uitpali@gmail.com

क्रमांक :- न्या.पा./निविदा/2025/2330 दिनांक :- 04/03/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या - 34/2024-25**

नगर विकास न्यास, पाली की और से न्यास/राजकीय विभाग से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यो हेतु ऑन-लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण **https://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है तथा न्यास कार्यालय, पाली में कार्य दिवस के दौरान देखी जा सकती है। **यूबीएन नम्बर :– ITP2425WSOB00050**

राज.संवाद/सी/24/12689 अधिशाषी अभियन्ता, नगर विकास न्यास, पाली

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, सा.नि.वि. वृत्त-ग्रामीण, जयपुर**

पी.डब्ल्यू.डी. कैम्पस, जैकब रोड, जयपुर क्लब के सामने, जयपुर फोन-0141-2223527

क्रमांक-12134-47 दिनांक-21.02.2025

**निविदा सूचना संख्या-21/2024-25**

ग्रामीण वृत्त, जयपुर अन्तर्गत ग्रामीण वृत्त, जयपुर अन्तर्गत बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की पालना में विभिन्न सड़क निर्माण कार्य हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 17.03.2025 को सायं 06.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित अन्य विवरण राज्य की उपापन पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट पर देखे जा सकते है। उपापन की अनुमानित कुल लागत रू. 172.68 लाख है।

UBN NO. PWD2425WSOB15736

अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. ग्रामीण वृत्त-जयपुर
फोन नं. 0141-2223527

DIPR/C/2795/2025


# पारिश्रमिक की मांग को लेकर धरना दे रहे मजदूरों को पुलिस ने खदेड़ा

**उदयपुर, (कासं.)।** उदयपुर में मध्यप्रदेश से आए मजदूरों का वन विभाग की साइट पर काम करवाने के बावजूद भुगतान नहीं किया। अपनी बकाया रुपयों के भुगतान के लिए बुधवार को मजदूर कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठ गए।

आरोप है कि ठेकेदार ने उनसे काम करवाया गया और बकाया साढ़े 48 लाख का भुगतान नहीं किया। सड़क जाम कर बैठे मजदूरों को उठाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इसमें एक महिला की तबीयत बिगड़ गई। वहीं एक महिला बेहोश हो गई। मामला उदयपुर के कलेक्ट्रेट के बाहर भूपालपुरा थाना इलाके का दोपहर दो बजे का है। मजदूर पिछले तीन दिन से अपने मेहनताने को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें दो रात तो कलेक्टर के आवास के बाहर ही सोए। इसके बाद बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच गए।

मजदूरों के अनुसार 100 लोग मध्य प्रदेश से काम के लिए उदयपुर आए थे। वन विभाग के ठेकेदारों ने पौधरोपण के लिए गड्ढे खोदने का काम करवाया था। मजदूरों का आरोप है कि उन्होंने दो जगह काम किया था। इसमें ठेकेदार बसंतीलाल के लिए परसाद में काम किया। वहीं दूसरे ठेकेदार दिलीप सिंह के लिए काला मगरा में काम किया था। मजदूरों ने बताया कि पिछले दिनों में किए गए उनके काम का कुल भुगतान 51 लाख 12 हजार 735 रुपए बनता है। उन्हें 3.59 लाख रुपए ही मिले हैं। उनके 47 लाख 53 हजार 735 रुपए बकाया है।

■ उदयपुर में मध्यप्रदेश से आए मजदूरों का वन विभाग की साइट पर काम करवाने के बावजूद भुगतान नहीं किया था

ठेकेदार दिलीप ने बताया कि मेरे पास मजदूरों के 81 हजार 150 रुपए और ठेकेदार बसंतीलाल पर करीब 3.50 लाख रुपए बकाया है। कुल बकाया राशि 4.31 हजार 150 रुपए अभी देने को तैयार हैं। लेकिन मजदूर बहुत ज्यादा की डिमांड कर रहे हैं। इसी विवाद को लेकर मजदूर बुधवार को कलेक्ट्रेट के सामने पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन के दौरान भूपालपुरा थानाधिकारी आदर्श कुमार यहां आए और उन्हें हटाने लगे। इस दौरान कुछ महिलाएं बेहोश होकर गिर गई। वहीं परिजन उन्हें पानी पिलाकर संभालते नजर आए। करीब 72 मजदूर बीते तीन दिन से धरना दे रहे हैं। वे अपने साथ भोजन बनाने का सामान और बिस्तर प्लास्टिक के कट्टों में भरकर साथ लाए थे, जिन्हें पुलिस ने रोड से हटवा दिया। मजदूर अपनी मांग को लेकर बीते दो दिन कलेक्टर आवास के बाहर फुटपाथ पर डेरा डाले हुए थे। मंगलवार रात को एक गर्भवती महिला अंकिता बाई की हालत बिगड़ गई थी जिसे अस्पताल भर्ती कराया गया।

दो दिन कलेक्टर आवास पर धरना देने के बाद तीसरे दिन बुधवार को सभी मजदूर कलेक्ट्रेट पर आ गए और धरने पर बैठ गए। ऐसे में पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और डंडे के जोर पर मजदूरों को वहां से खदेड़ दिया। मामले को लेकर कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि ये ठेकेदार और मजदूरों के बीच का मामला है। इसे लेकर मैंने डीएफओ से तत्काल रिपोर्ट मांगी है। कलेक्टर ने बताया कि मेरी जानकारी में आया है कि मजदूर तय रेट से तीन गुना भुगतान मांग रहे थे। जो भी भुगतान बकाया है उन्हें दिया जाएगा। कलेक्ट्रेट के बाहर डंडे मारकर भगाने की जानकारी मुझे नहीं है।

# बाड़मेर में जंगली सुअरों के आतंक का मामला सदन में उठा

**जयपुर।** विधानसभा में बुधवार को बाड़मेर जिले में जंगली सुअरों के आतंक से किसानों की फसलें बर्बाद होने का मामला उठा। शून्यकाल में विधायक आदूराम मेघवाल ने पर्ची के माध्यम से यह मामला उठाते हुए बताया कि उनके चौहटन विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे बाड़मेर जिले में किसान जंगली सुअरों के आतंक से जूझ रहे हैं और यह सुअर झुंड में आकर किसानों की हरी भरी फसल को बर्बाद कर रहे हैं। सुअर किसानों की सब्जियां भी बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसान इन जंगली सुअरों से अपनी फसलों की रखवाली करने में असहाय हो रहे हैं। ऐसे में राज्य सरकार को किसानों की फसलें इन जंगली सुअरों से बचाने के लिए कोई ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करके इन सुअरों को पकड़कर अन्य सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जाना चाहिए ताकि किसानों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

■ चौहटन विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में किसान जंगली सुअरों के आतंक से जूझ रहे हैं

# भरतपुर सांसद के घर के बाहर अवैध वसूली कर रहे थे पुलिसकर्मी

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिले में भरतपुर सांसद संजना जाटव के घर के बाहर पुलिसकर्मियों द्वारा ट्रक चालकों से अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। भरतपुर सांसद संजना जाटव ने देर रात यह देखा तो ओवरलोड गाड़ियों से वसूली का वीडियो बना लिया और एसपी संजीव नैन को भेज दिया। साथ ही सांसद ने खेरली थाने के एक एएसआई पर ओवरलोड वाहनों, ट्रैक्टरों से अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए एसपी को फोन पर शिकायत की है।

सांसद संजना जाटव ने बताया कि वे सवाईमाधोपुर के दौरे से मंगलवार रात करीब पौने दस बजे खेरली आवास पर लौट रही थी। तभी सांसद आवास के पास खेरली पुलिस का एक एएसआई तूड़े से ओवरलोड भरे ट्रैक्टरों, ट्रकों के चालकों से अवैध वसूली कर रहा था। चालकों ने मुझे लिखित वसूली की शिकायत की। सांसद ने इसकी सूचना फोन पर एसपी को देते हुए कार्रवाई की मांग की। भरतपुर सांसद ने ओवरलोड तूड़ी से भरे वाहनों से कथित रूप से रिश्वत लेते पुलिसकर्मियों का वीडियो बनाया। वीडियो में एक ट्रक ड्राइवर पुलिस जीप के ड्राइवर को कुछ देते हुए दिखाई दे रहा है। सांसद ने रात को ही अलवर एसपी संजीव नैन को वीडियो भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

■ सांसद जाटव ने वीडियो बनाकर एसपी को भेजा और शिकायत की

■ एसपी संजीव नैन ने कहा है कि मामले की जांच डीएसपी कठूमर को दे दी गई है, कोई भी दोषी मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी

इधर, मामला सामने आने के बाद अलवर एसपी संजीव नैन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। एसपी संजीव नैन ने कठूमर सीओ को इस पूरी घटना की जांच की जिम्मेदारी दी है। हालांकि, एसपी संजीव नैन का कहना है कि पुलिसकर्मी के अनुसार उसने किसी से फोन पर बात की थी। ड्राइवर ने खुद का मोबाइल देकर बात कराई थी। एसपी ने कहा है कि फिर भी मामले की जांच डीएसपी कठूमर को दे दी गई है, कोई भी दोषी मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय नगरपरिषद, राजसमन्द**

जिला परिषद रोड, राजनगर

टेलिफोन नं. 02952-220034, फेक्स नं. 02952-221233, ई-मेल rajsamandnagarpalika@gmail.com

क्रमांक : एफ( )नपरा/इंजी/ई निविदा/22/2024-25/9070 दिनांक :- 25.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 22/2024-25**

नगर परिषद राजसमन्द द्वारा विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कार्य की संख्या | 1 |
| कार्यो की अनुमानित लागत | 20.00 लाख |
| निविदा अपलोड की तिथि | 27.02.2025 06:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 27.02.2025 09:00 AM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 10.03.2025 06:00 PM |
| भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि | 11.03.2025 01:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 11.03.2025 03:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| दोष निवारण अवधी | नियमानुसार |
| UBN NO- | DLB2425WSOB18438 |

राज.संवाद/सी/24/12679 सभापति नगरपरिषद राजसमन्द आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द


# प्रेमजाल में फंसाकर रूपये हड़पने वाली गैंग का पर्दाफाश, गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** फैसबुक पर फैक आईडी बनाकर अपने प्रेमजाल में फंसाकर कोटा के लोगों व व्यापारियों से लूट करने वाली गिरोह का अनंतपुरा पुलिस टीम ने पर्दाफाश करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। वारदात में मुख्य आरोपी महिला व उसका एक साथी फरार चल रहा है, जिसकी पुलिस टीम तलाश कर रही है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि फरियादी प्रशान्त विजय ने अनंतपुरा थाने में 3 मार्च को रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसके फैसबुक अकाउंट पर एक लड़की ने मोनिका सिंघानिया नाम की आईडी से उससे पांच दिन तक बातचीत की। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि फैसबुक पर बातचीत के दौरान 25 फरवरी को कर्णेश्वर महादेव मंदिर पर उसे मिलने के लिए बुलाया। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि जहां पर उसे चार लड़के मिले, जिन्होंने उसे कार में 2 से 3 घंटे तक किडनैप कर सुनसान इलाके में ले जाकर डरा धमकाकर ऑनलाईन फोन-पे के माध्यम से दो बार रूपये ट्रांसफर करवाये जिसमें एक बार 50 हजार और दूसरी बार 49 हजार 999 रूपये। फरियादी ने कहा कि चारों युवक आपस में बातचीत करते हुए कार चलाने वाले को सागर कह रहे थे और जो सागर के पास बैठा था, उसको साजन वैष्णव और दो लड़के जिन्होंने उसे पकड़ रखा था वो आपस में एक दूसरे को चेतन और इलत्मास खान के नाम से बुला रहे थे।

शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिये शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने आसूचना संकलन, फेसबुक एवं अकाउंट नम्बर की जानकारी कर कड़ी मेहनत करते हुए लाड़पुरा हाल बोरखेड़ा निवासी चेतन जांगिड़ उर्फ बिट्टू (25), मोती नगर निवासी अलत्मस खान उर्फ अल्लू (20) एवं



फैसबुक पर प्रेमजाल में फंसाकर व्यापारी से लूट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया।

मोती नगर निवासी मुज्जमील खान (20) को डिटेन कर थाने लाकर पूछताछ कर मामले में अनुसंधान किया तो तीनों ने पूछताछ में 25 फरवरी को कर्णेश्वर महादेव मंदिर के पास किडनेप कर रूपये हड़पने की वारदात को कबूला जिस पर तीनों को गिरफ्तार किया गया।

■ फैसबुक पर चैट करके फंसाते थे

■ वारदात में मुख्य आरोपी महिला व उसका एक साथी फरार चल रहा है, जिसकी पुलिस टीम तलाश कर रही है

शहर एसपी अमृता दुहन ने बताया कि मामले मे अनुसंधान में सामने आया कि विज्ञान नगर निवासी अलीना नाम की एक लड़की ने बोम्बे योजना निवासी सागर अग्रवाल को अपना मुंह बोला भाई बना रखा है। मामले में सामने आया कि अलीना ने फेसबुक अकाउंट पर मोनिका सिंघानिया (अन्सु) नाम से अकाउंट बना रखा है।

जिसके माध्यम से वह कोटा के लोगों व व्यापारियों को अपने प्रेमजाल में फंसा लेती है और कुछ दिन तक चैटिंग करने के बाद अलीना उनको सुनसान जगह पर मिलने के लिये बुलाती है। उसके बाद जैसे ही वह व्यक्ति प्रेमजाल में फंसकर उस स्थान पर पहुंचता तो महिला अपने मुंह बोले भाई सागर उर्फ नन्नु व उसके साथियों को बुलाकर उक्त व्यक्ति को पकड़कर उस पर दुष्कर्म का आरोप लगाने का बोलकर बंधक बना लेते थे। फिर उसके एकाउंट में जो भी रकम होती थी उसको निकालकर उसकी तरफ से अपनी फेसबुक पर की गई चैटिंग को डिलिट कर देती थी और उसके बाद उसको छोड़ देते थे।

शहर एसपी ने बताया कि उद्योग नगर थाना इलाके में भी अलीना द्वारा पूर्व में एक वारदात कर व्यापारी राजकुमार अग्रवाल से 45 हजार रूपये अकाउंट में डलवाये थे, जिसके बाद से अलीना फरार हो गई। शहर एसपी ने बताया कि पूर्व मे भी कुछ मामले दर्ज हुए जिसमे राजीनामा किया गया। शहर एसपी ने बताया कि घटना के बाद से ही महिला अलीना और उसका मुंह बोला भाई सागर अग्रवाल फरार है जिनकी तलाश जारी है।


Government of Rajasthan
**OFFICE OF THE SUPERINTENDENT & MEMBER SECRETARY, RAJASTHAN MEDICARE RELIEF SOCIETY, MAHILA CHIKITSALAYA, SANGANERI GATE JAIPUR.**

No. Store/MCSG/2024-25/2486 Dated: 25.02.2025

**E-TENDER NOTICE**

Tenders are invited rate contract for supply of Surgical Disposable & Consumable Items for hospital Use. Tender Document will be available on the website. The tender notice and other details can be downloaded from the website http://eproc.rajasthan.gov.in No separate hardcopy will be given from this office. Any technical diffculty please contact the Office.

Bidding Schedule

| S.No. | Description | Surgical Disposable & Consumable Items |
|---|---|---|
| 1 | Estimated Cost | Rs. 01 Crore (Rupees One Crore Only) |
| 2 | Tender Fees | Rs. 500.00 (Rupees Five Hundred Only) |
| 3 | RISL Processing Fees | Rs. 1500.00 (Rupees One Thousand Five Hundred Only) |
| 4 | Earnest Money | Rs. 2,00,000/- (Rupees Two Lac Only) |
| 5 | Publishing in e-Tender Dated & Time | 05.03.2025 at 12.00 PM |
| 6 | Document downlad start date & Time | 05.03.2025 from 12.00 PM |
| 7 | Document Download end time & date | 17.03.2025 till 5.00 PM |
| 8 | Bid submission start date & Time | 05.03.2025 from 12.00 PM |
| 9 | Bid submission end date & Time | 17.03.2025 till 5.00 PM |
| 10 | Tender Fee, Tender Processing Fee, EMD Submission (Date and Time) | 17.03.2025 till 4.00 PM |
| 11 | Tender opening date & venue | 18.03.2025 at 1.00 PM at Superintendent & Member Secretary Office, Jaipur |

1. Earnest Money and tender fees (in the form of Bankers Cheque/Demand Draft in favour of Member Secretary. Rajasthan Medicare Relief Society, Mahila Chikitsalaya, Sanganeri Gate, Jaipur. Payable at Jaipur and RISL processing fees (by way of bankers Cheque/ Demand Draft in favour of MD, RISL, Jaipur to be submitted physically at the office of Member Secretary Rajasthan Medicare Relief Society, Mahila Chikitsalaya, Sanganeri Gate, Jaipur.
2. Bidders who wish to participate in this tender will have to register on http://eproc.rajasthan.gov.in.
3. To participate in online tender, bidders will have to procure digital signature certificate (DSC) as per information Technology Act.2000
4. The Member Secretary Rajasthan Medicare Relief Society, Mahila Chikitsalaya, Sanganeri Gate, Jaipur Reserves the right to reject all/any application received from the firm without assigning and reason thereof.

NIB- SMS2425A0343, UBN- SMS2425GLOB00553

(Dr. Asha Verma)
Superintendent & Member Secretary
Mahila Chikisalaya, Saganeri Gate, Jaipur
Phone No. 0140-2600242

DIPR/C/2884/2025

# जेडीए ने 20 साल में तीन बार मास्टर प्लान की 100 फ़ीट सेक्टर रोड का अलाइनेंट बदला, अब 250 मकानों पर टूटने का खतरा

## सांगानेर एयरपोर्ट रोड के नजदीक चीलगाड़ी रेस्टोरेंट से श्योपुर की ओर जाने वाले 100 फ़ीट सेक्टर रोड अजय मार्ग का मामला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के अफ़सरों ने मास्टर प्लान से छेड़छाड़ कर पिछले 20 सालों में तीन बार 100 फीट सेक्टर रोड का अलाइनमेंट बदल डाला। इसके चलते अब क़रीब 250 मकानों पर टूटने का ख़तरा मंडरा रहा है। यह मामला सांगानेर एयरपोर्ट के नजदीक स्थित चीलगाड़ी रेस्टोरेंट से श्योपुर की ओर जाने वाले 100 फीट सेक्टर रोड अजय मार्ग का है।

जयपुर विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2006 में जब मास्टर प्लान 2025 बनाया, जिसमें सांगानेर एयरपोर्ट के पास चीलगाड़ी रेस्टोरेंट से लेकर प्रताप नगर में कुम्भा मार्ग को जोड़ने वाली 100 फीट रोड अजय मार्ग प्रस्तावित किया। इस सड़क को बनाने के बजाय जेडीए के अफसरों ने इस सड़क के बीच में आ रही डॉक्टर्स कॉलोनी और शिवपुरी कॉलोनी को एप्रूव्ड करते हुए पट्टे बांट दिए। अपनी इस गलती को छिपाने के लिए वर्ष 2015 में जेडीए प्रशासन ने इस सेक्टर रोड का




अलाइनमेंट बदलते हुए राजस्थान हाईकोर्ट में संशोधित नक्शा पेश किया, परन्तु यह सड़क भी जेडीए ने नहीं बनाई। जबकि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने वर्ष 1990 के आसपास जब सेक्टर 63 व 64 की बसावट की थी, तब अजय मार्ग के लिए 100 फीट सेक्टर रोड़ छोड़ी थी। जेडीए द्वारा वर्ष 2015 में जो संशोधित नक्शा प्रस्तुत किया गया था, उसके मुताबिक भी यह सड़क आपस में मिल रही थी। इससे आवासन मंडल के यह 150 मकान प्रभावित नहीं थे।

इसके बाद जेडीए के अधिकारियों ने वर्ष 2018 में सेक्टर रोड के बजाय आनन फानन में नया ज़ोनल प्लान बनाया और कॉलोनियों के बीच से गुज़र रही 30 फीट रोड को 100 फीट चौड़ा करने का फ़ैसला कर लिया। हैरानी की बात है कि 100 फीट रोड के लिए सीधी जगह मौजूद होने के बावजूद अफसरों ने अलाइनमेंट त्रिभुजाकार करके एक्सीडेंट जोन बनाया।

सड़क का बार बार अलाइनमेंट बदलने का नतीजा यह हुआ कि अब राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड, मान सागर, सियाराम नगर और तिरुपति बालाजी नगर के क़रीब 250 मकान प्रभावित हो रहे है। गत फ़रवरी माह में जेडीए प्रशासन ने इन कॉलोनियो और आवासन मंडल के मकानों पर डिमार्केशन की कार्रवाई की, इससे लोगों में मानसिक तनाव और भय व्याप्त हो गया। हालांकि यह पूरा प्रकरण राजस्थान हाईकोर्ट में लम्बित है, ऐसे में जो भी कार्रवाई होगी, वह कोर्ट के आदेश के बाद ही होनी है।

परन्तु बड़ा सवाल यह है कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि पिछले 20 सालों में जेडीए द्वारा 3 बार सड़क का अलाइनमेंट बदला गया। इसके साथ ही वर्ष 2006 से इस 100 फ़ीट सेक्टर रोड से प्रभावित डॉक्टर्स कॉलोनी और शिव पूरी कॉलोनी के प्लॉट अप्रूव्ड करने पड़े?

- **100 फीट रोड के लिए सीधी जगह मौजूद होने के बावजूद अलाइनमेंट त्रिभुजाकार करने पर उतारु हुआ जेडीए प्रशासन**
- **ताज्जुब की बात यह है कि वर्ष 2006 में मास्टर प्लान में 100 फीट रोड से प्रभावित डॉक्टर्स कॉलोनी और शिवपुरी को जेडीए प्रशासन एप्रूव्ड कर चुका, इसी कारण अब बार बार सड़क घुमानी पड़ रही है।**
- **जेडीए के अफसरों ने ऐसा कारनामा किया कि, नई प्रस्तावित सड़क को हाऊसिंग बोर्ड के 100 तथा सियाराम नगर व मान सागर कॉलोनी के क़रीब 150 मकानों के ऊपर से प्रस्तावित कर दिया**

# जयपुर मंडल के 6 रेलवे स्टेशनों पर जल्द होगी रेल कोच रेस्टोरेंट की शुरुआत

## जयपुर जंक्शन पर फूड ट्रक चौपाटी बनाई जाएगी

**जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर सफर करने के साथ-साथ लोग स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी उठा सकेंगे। रेलवे ने स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट शुरू करने का निर्णय लिया है साथ ही जयपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर फूड ट्रक चौपाटी बनाई जाएगी जो जल्द ही जयपुर रेल मंडल में शुरू हो जाएगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर कृष्ण कुमार मीना ने बताया कि मंडल पर यात्री सुविधाओं के विस्तार के साथ ही लंबे समय से स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट की मांग थी। इसे देखते हुए कोच,फर्म और स्थान चिह्नित कर लिए गए हैं। यह सेवा जयपुर मंडल में पहली बार और फूड ट्रक चौपाटी की सुविधा उत्तर पश्चिम रेलवे में पहली बार शुरू की जाएगी। दोनों सुविधाएं यात्रियों और आम लोगों के लिए उपयोगी साबित



होंगी। जयपुर मंडल के खातीपुरा, दुर्गापुरा, गैटोर जगतपुरा, रींगस समेत सीकर व दौसा जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट की शुरुआत होगी,जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं जयपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर फूड ट्रक चौपाटी बनाई जाएगी, जहां लोग स्थानीय,इटालियन, साउथ इंडियन और अन्य प्रकार के व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे।

यह रेस्टोरेंट कंडम ट्रेनों के कोच को आकर्षक तरीके से सजाकर स्टेशन पर रखा जाएगा। कोच पूरी तरह से वातानुकूलित होगा। यहां लोग चलती ट्रेन में खाने का अहसास करते हुए स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। हर कोच में 60 से 64 लोग एक साथ बैठकर भोजन कर सकेंगे। यह सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी और इसमें स्थानीय व्यंजन समेत अन्य पसंदीदा व्यंजन भी मिलेंगे।

- **खातीपुरा, दुर्गापुरा, गैटोर जगतपुरा, सीकर समेत दौसा व रींगस रेलवे स्टेशनों पर मिलेगी कोच रेस्टोरेंट की सुविधा**
- **लजीज व्यंजनों के साथ शहरवासी करेंगे सफर का अहसास, 24 घंटे मिलेगी सुविधा**

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की कार्रवाई : 25 हजार रुपये इनामी गिरफ्तार

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने लूट एवं मारपीट के मामले में झुंझुनू जिले के थाना पिलानी में दो साल से वांछित आरोपी को पकड़ा है। आरोपी अमन सिंह जाट (27) पिलानी के दुदी गांव का रहने वाला है। आरोपी जयपुर के मानसरोवर इलाके में छुपकर फरारी काट रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर झुंझुनू एसपी की ओर से 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को पता चला कि झुन्झुनू के थाना पिलानी में वर्ष 2023 के मारपीट व लूट के प्रकरण का 25 हजार का इनामी अमन जाट जयपुर के शिप्रापथ थाना इलाके फरारी काट रहा है। इस पर टीम द्वारा सूचना को विकसित कर लगातार आरोपी का पीछा करती रही। काफी मशक्कत के उपरान्त आरोपी अमन को जयपुर के शिप्रापथ थाना इलाके से डिटेन कर थाना पिलानी पुलिस की टीम को सुपुर्द किया। आरोपी के विरुद्ध मारपीट, जमीनी विवाद, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट आदि



अमन सिंह जाट

के जयपुर झुंझुनू चूरू एवं हरियाणा के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन प्रकरण दर्ज है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक जिला झुंझुनू की ओर से 25 हजार का इनाम घोषित था। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हैड कांस्टेबल कमल सिंह व झुंझुनू आग एजीटीएफ के हेड कांस्टेबल शशिकांत की महत्वपूर्ण व विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कमल सिंह, मोहन लाल, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम, चालक सुरेश कुमार का सराहनीय सहयोग रहा है।

# चोरी के ऑटो सहित ऑटो रिक्शा चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो रिक्शा चोरी करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ़्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का एलपीजी ऑटो रिक्शा भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर दुर्ग सिंह राजपुरोहित ने बताया कि रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो रिक्शा चोरी करने वाले शातिर बदमाश रिजवान हुसैन उर्फ असरार उर्फ अशू मूलतः आगरा रोड हाल खोनागोरियान को गिरफ़्तार किया है। जिसके पास से चुराया गया ऑटो रिक्शा भी बरामद किया है। जांच पड़ताल में सामने आया है कि आरोपी रिजवान नशे का आदी है और नशे की लत को पूरा करने के लिए लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस आरोपी से अन्य चोरी के मामलों में भी पूछताछ कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि उसने और कितनी जगहों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। थानाधिकारी देवेन्द्र प्रताप ने बताया कि पीड़ित सलमान खान (32) ने गत 10 फरवरी को थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनका एलपीजी ऑटो रिक्शा जो 7 फरवरी की रात खड़ा किया गया था और अगले दिन सुबह गायब मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों से जानकारी जुटाई।

# ट्रकों से लोड लोहे के सरियों को निकालने वाली संगठित गैंग पुलिस के हत्थे चढी

**जयपुर।** विश्वकर्मा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रको में लोड होकर जाने वाले लोहे के सरियो को पूर्वनियोजित षड्यंत्र व धोखाधड़ी पूर्वक निकालकर उसके वजन की बराबर ही ट्रको मे बने गुप्त केबिन में बजरी भरकर धोखाधडी करने वाली संगठित गैंग के खिलाफ करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने धोखाधड़ी पूर्वक लोहे के सरियों से लोड ट्रक में से निकाले गये लोहे के 5 क्विंटल सरियो के 6 बंडलो सहित घटना में प्रयुक्त वाहन ट्रक भी जब्त किया है।

पुलिस उपायुक्त जिला जयपुर पश्चिम अमित ने बताया कि विश्वकर्मा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रको मे लोड होकर जाने वाले लोहे के सरियो को निकालकर उसके वजन की बराबर ही ट्रको मे बने गुप्त केबिन में बजरी भरकर धोखाधडी करने वाली संगठित गैंग के विकास कुमार निवासी खेतड़ी जिला झुंझुनू,पवन निवासी गांव मंडावा जिला झुंझुनू हाल विश्वकर्मा जयपुर,विकास कुमार यादव निवासी बिहार हाल विश्वकर्मा जयपुर,राजेश कुमार निवासी लहरपुर जिला सीतापुर(उत्तर प्रदेश) हाल विश्वकर्मा जयपुर,रोहित कुमार निवासी सकरन जिला सीतापुर(उत्तर प्रदेश) हाल विश्वकर्मा जयपुर और आकाश कुमार निवासी लहरपुर जिला सीतापुर (उत्तर प्रदेश ) हाल विश्वकर्मा जयपुर को गिरफ्तार किया है। शेष वांछित मुख्य आरोपित चेतन खटीक निवासी शाहपुरा व वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि संगठित गैंग के मुख्य आरोपित चेतन खटीक निवासी शाहपुरा ने ट्रक चालक विकास कुमार व अन्य आरोपियों के साथ सुनियोजित तरीके से आपराधिक षड्यंत्र रचकर ट्रक नंबर आरजे 18 जीबी 1878 मे बगरू से लोहे के सरिये भरकर मंगवाता था तथा उक्त सरियो को अपने गोदाम में मुनीम का काम करने वाले सह आरोपित पवन व अन्य आरोपित विकास कुमार यादव, राजेश कुमार, रोहित कुमार व आकाश कुमार से मिलीभगत कर उक्त ट्रक में से लोहे के सरिये निकालकर उसके वजन के बराबर ट्रक के गुप्त विशेष केबिन मे बजरी भर देते है तथा उक्त निकाले गये सरियो को मुख्य आरोपित चेतन खटीक अपने गोदाम मे रखवा लेता था।

# साइबर ठगों ने डॉक्टर से ठगे 32 लाख

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना इलाके में डॉक्टर के मोबाइल को हैक कर मोटा निवेश का झांसा देकर साइबर ठगों ने 32 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित डॉक्टर रुंगटा अस्पताल में कार्यरत है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार रुंगटा अस्पताल निवासी दीपक बगानी ने मामला दर्ज करवाया कि किसी ने उसका मोबाइल हैक कर लिया और फिर उसके मोबाइल पर आदित्य बिडला एप डाउनलोड कर दिया। इसके बाद उसके वाट्सअप नम्बर पर मैसेज आने लगे। एप के माध्यम से निवेश करने पर मोटा मुनाफे का झांसा दिया गया। इसके बाद पीड़ित ने कई बार में करीब 29 लाख रुपए का निवेश कर दिया। इसके बाद साइबर ठगों ने उसे कॉल किया और कहा कि तीन लाख और निवेश करने पर उसे रुपए वापस मिल सकते है। इस पर पीड़ित ने दूसरे बैंक खाते से तीन लाख रुपए और डाल दिए। इसके बाद भी पीड़ितों को रुपए नहीं मिले तो उसने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जांच अधिकारी एएसआई गंगासहाय ने बताया कि रुंगटा अस्पताल के डॉक्टर से 32 लाख 98 हजार 331 रुपए की ठगी हुई है। साइबर ठगों ने सबसे पहले डॉक्टर को मोबाइल हैक किया और उसके मोबाइल पर एक एप डाउनलोड़ कर दिया। इसके बाद उसे व्हाट्सएप पर मेसेज भेज कर उसे ऐप के माध्यम से निवेश करने पर मोटा लाभांश का झांसा दिया।

# नर्सिंग ऑफिसर से मारपीट के मामले ने पकड़ा तूल

## मारपीट करने वाली सिक्योरिटी गार्ड पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना इलाके में स्थित स्टेट कैंसर संस्थान में कार्यरत सीनियर नर्सिंग आफिसर से मारपीट करने का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां पीड़ित की ओर से थाने में आरोपित लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस की ओर से मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

पुलिस के अनुसार पीड़ित महेश चन्द गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया है कि वह इलाके में स्थित स्टेट कैंसर संस्थान में कार्यरत सीनियर नर्सिंग आफिसर कार्यरत है और उसे ठेका कर्मचारी की उपस्थिति पॉइन्ट पर कर्मचारियों की उपस्थिति प्रमाणीकरण के लिए नियुक्त किया हुआ है। जिनमें से अधिकांश कर्मचारी पॉइन्ट पर ही मिलते है लेकिन कुछ कर्मचारी जो पॉइंट पर अनुपस्थित मिलते है उन कर्मचारियों की अनुपस्थिती दर्ज करने पर दुर्भावना रखते है।

इसी क्रम में 1 मार्च की सुबह ब्लड बैंक में निरीक्षण के दौरान अजय एवं प्रकाश ने उसका हाथ पकड़ा और ऊपर ले गये। उसके बाद वह नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। वहां पर अस्पताल गार्ड सीता ने उसकी कॉलर पकडी और मारपीट करते हुए अस्पताल परिसर गेट



**प्रताप नगर थाना इलाके में स्थित स्टेट कैंसर संस्थान में कार्यरत सीनियर नर्सिंग आफिसर से मारपीट करने का मामला में प्रताप नगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई ।**

से बाहर ले गये। वहां पर सीता के साथ मंजू,एम्बुलेंस ड्राइवर रवि व अन्य लोगों ने मारपीट की। इसके अलावा उसकी मारपीट का एनजीओ की एक महिला वीना ने विडियो बनाकर वायरल कर उसकी छवि भी खराब कर दी गई। इस प्रकरण की घटना की सूचना उसने लिखित में चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में दे दी थी, पर कोई कार्यवाही नहीं की। जबकि चिकित्सा अधीक्षक को राजस्थान चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी अधिनियम 2008 के अंतर्गत विभाग को घटना की रिपोर्ट पुलिस को करनी थी, लेकिन उसी दिन शाम को उसके साथ हुई और मारपीट का वीडियो वायरल हो गया।

और इस घटना में लिप्त आरोपी उसे डराने और धमकाने लग गए। तीन मार्च को उसने सुप्रीडेंट चिकित्सा अधीक्षक को लिखित में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की तो सुप्रीडेंट चिकित्सा अधीक्षक ने उसकी और आरोपित पक्ष की लिखित में शिकायत लेकर संबंधित थाना प्रताप नगर को भेजे दी। पीड़ित को लगातार मिल रही धमकियों और अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

नर्सिंग अधीक्षक शशिकांत शर्मा ने बताया कि मारपीट के घटना के बाद सिक्योरिटी गार्ड सीता और महेश चंद उनके पास आए थे और दोनों अपनी मर्जी से समझौता कर लिया था इसलिए उन्होंने आगे कार्रवाई नहीं की।

चिकित्सा अधीक्षक संदीप जसुजा ने बताया कि घटना बाद मैंने जानकारी ली तो पता लगा कि चिकित्सा अधीक्षक ने समझौता करवा दिया है। इस कारण आगे कोई कार्यवाही नहीं की। लेकिन जब 3 मार्च को दोनों ने लिखित में शिकायत दी तो उन्होंने संबंधित थाने में घटना की जानकारी दी। थाने ने परिवाद जमा कर लिए और आगे की कारवाही जारी है। बाकी जांच का विषय है। और उक्त संबंधित सिक्योरिटी ठेकेदार को बुलाकर उसे पाबंद किया और आरोपी सिक्योरिटी सीता को विभाग के कार्य से हटा दिया।

राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राणा ने बताया कि स्टेट कैंसर संस्थान प्रताप नगर में नर्सिंग ऑफिसर के साथ हुई घटना की संपूर्ण राज्य कर्मचारी संघ निंदा करता है। ओर नर्सिंग आफिसर के साथ संघ खड़ा है। आगे भविष्य ने ऐसी कोई दुबारा घटना ना हो उसके लिए आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। इस लिए अगर आंदोलन करना पड़ा तो करेंगे। जल्द ही संघ के द्वारा कमेटी बनाकर पूरे मामले की जांच की जाएगी।

## सार-समाचार

### डायनैमिस, तरंग-2025 शुरू



**जयपुर।** स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम, "डायनैमिस, तरंग-2025" का शुभारंभ सरस्वती पूजा, मशाल प्रज्वलन तथा विद्यार्थियों की मार्च पास्ट के साथ शुरू हुआ। प्राचार्या योगेश्वरी गुप्ता ने स्वागत भाषण में कहा कि बच्चों के लिए पढाई के साथ-2, खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी जरूरी है। सीईओ, श्रद्धा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया व उनकी मेहनत व कोशिश की सराहना की निदेशक डॉ. पंकज शर्मा ने बच्चों को अपने आशीर्वचन से संबोधित किया, मुख्य अतिथि बेडमिंटन चेंपियेन प्रशांत कुमार व विशिष्ट अतिथि शक्वेश चेंपियेन रविता जैन रहीं, दोनों अतिथियों ने महाविद्यालय का अवलोकन किया व अपने सुविचार विद्यार्थियों से साझा किए।

### महिला चेन स्नेचर गिरफ्तार



**जयपुर।** विद्याधर नगर थाना इलाके में देवरानी के साथ सास से मिलने आई महिला के गले से एक महिला सोने की चेन तोड़कर भागने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार माधव मार्ग इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी पूजा खंडेलवाल ने मामला दर्ज करवाया कि वह और उसकी देवरानी एक मिठाई की दुकान के पास सास से मिलने आए थे। इसी दौरान श्याम बाबा की पदयात्रा की भीड़ में से एक महिला आई और उसके गले से सोने की चेन तोड़कर भाग निकली। वह जब तक कुछ समझ पाती तब तक महिला भीड में ही कहीं खो गई। इस पर पीडिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 4 मार्च की है। इस मामले में पुलिस ने 58 वर्षीय डाला देवी निवासी शिकारियों का मोहल्ला घोड़ा निकास रोड रामगंज को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने लूट की चेन बरामद कर ली है।

### 500 लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ



**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान, पूर्णिमा इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एवं आरोग्य क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम आशावाला एवं रामपुरावास में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य परिचर्या का आयोजन किया गया। ट्रस्ट समन्वयक कौशल सत्यार्थी ने जानकारी दी कि शिविर में जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, दंत रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग, रक्तचाप (बी.पी.), मधुमेह (शुगर), ई.सी.जी., दवाई सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की गईं। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ आचार्य, चिकित्सक ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो डॉ राजीव सक्सैना ने बताया कि 500 से अधिक ग्रामीणों ने लाभ उठाया शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की।

### धमकी देकर मांगे 10 लाख

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में युवती से दोस्ती गांठ कर उसकी फोटो-विडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे 10 लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार रायसर निवासी एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बेटी से सवाई माधोपुर निवासी अमोलक ने दोस्ती कर ली। इसके बाद आरोपी ने उसके अश्लील फोटो-विडियो बना लिए। आरोपी ने उसकी बेटी को कई बार धमकी दी और कहा कि वह उसे 10 लाख रुपए घर से लाकर दे नहीं तो वह उसके फोटो-विडियो वायरल कर देगा। इससे परेशान होकर पीडिता ने परिजनों को आपबीती बताई। इस पर युवती के पिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया।

### ताइक्वाडो कोच पर दुष्कर्म का आरोप

जयपुर। करधनी थाना इलाके में एक महिला ताइक्वाड़ो खिलाड़ी ने अपने कोच पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 18 वर्षीय महिला ताइक्वाड़ो खिलाड़ी ने मामला दर्ज करवाया कि वह एमटी एकेडमी में ताइक्वाड़ो सीख रही है। कोच बाल कंवर उसका बैक पेन ठीक करने के बहाने कमरे में गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीडित ने इस सम्बंध में थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। मामले की जांच सीआई सवाई सिंह कर रहे है।

### जॉब दिलाने के नाम से महिला से ठगे 9 लाख

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में जॉब दिलाने के नाम पर साइबर ठगों ने महिला से 9 लाख 25 हजार 430 रुपए ठग लिए। मामले की जांच थानाधिकारी ममता मीणा कर रही है। पुलिस के अनुसार आदर्श बाजार बरकत नगर निवासी तमन्ना भागतानी ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास ऑनलाइन जॉब दिलाने को लेकर एक कॉल आया। कॉल कर्ता ने जॉब सिक्योरिटी के नाम पर उससे रुपए डलवा लिए। आरोपी ने कई बार अलग-अलग बहाने से पीडिता ने रुपए डलवा लिए। ठगों ने जॉब का दिलाने का झांसा देकर महिला से कई बार में 9 लाख 25 हजार 430 रुपए ठग लिए। ठगी का पता चलने पर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन सूने मकानों को चोरों ने निशाना बनाया

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में चोरों ने एक के बाद एक कर तीन सूने मकानों को निशाना बनाया है। चोर मकानों से लाखों रुपए के जेवरात व नगदी ले गए। पुलिस के अनुसार मंगलविहार कावेरी पथ गोकुलपुरा निवासी रामनारायण माली ने मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ शादी में गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और मकान से लाखों रुपए के जेवरात व नगदी ले गए। घटना का पता पीडित को अगले दिन घर लौटने पर लगा। इस पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार एक मार्च को शादी में गया था। दूसरी घटना में हनुमान मार्ग गोकुलपुरा निवासी सुनील कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ 27 फरवरी को शादी में गया था दो मार्च को वापस आया तो मकान का ताला टूटा मिला और कमरों एवं अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। चोर मकान से एक लाख रुपए की नगदी और लाखों रुपए के जेवरात ले गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। तीसरी घटना में नारायण विहार निवासी गेगराज वर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ रिश्तेदार के यहां पर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी से लाखों रुपए के जेवरात व 1 लाख सात हजार रुपए ले गए। घटना 26 से 27 फरवरी के बीच की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## Alamo Day

Alamo Day commemorates the significant battle at the Alamo Mission in San Antonio, which occurred during the Texas Revolution. This day, observed annually, honours the bravery and sacrifice of the Alamo defenders. The celebration's roots trace back to when the state of Texas purchased the Alamo site in 1883. Efforts to preserve and honour the Alamo intensified in the early 1900s, led by figures like Adina De Zavala and Clara Driscoll, who played crucial roles in saving the historic site from potential demolition. Alamo Day's formal observance began in the late 19th and early 20th centuries as preservation efforts grew stronger.

#SUSTAINABILITY

# The Future of Daytime EV Charging

Powering the Transition to Green Energy!





With the rapid adoption of electric vehicles (EVs), the need for accessible and efficient charging solutions has become a top priority. While overnight charging at home remains a common practice, daytime EV charging is emerging as a key component in building a sustainable transportation ecosystem.

### The Benefits of Daytime Charging

Daytime charging offers numerous advantages for EV owners, businesses, and the energy grid. It allows commuters to recharge their vehicles while at work, during shopping trips, or at public charging stations. This reduces range anxiety and ensures that EVs remain ready for use throughout the day. Moreover, daytime charging aligns with peak solar energy production, making it an environmentally friendly option. By utilizing renewable energy sources during the day, EVs can significantly reduce their carbon footprint, contributing to a cleaner and more sustainable future. Additionally, daytime charging helps optimize grid usage by distributing demand more evenly, reducing the pressure on power infrastructure during peak evening hours.

### Expanding Infrastructure for Convenience

Governments and private enterprises are recognizing the importance of expanding daytime charging infrastructure. Offices, malls, restaurants, and public parking areas are increasingly installing EV chargers to cater to the growing demand. This expansion not only enhances convenience for EV users but also supports businesses by attracting eco-conscious customers. Several countries have already introduced policies and incentives to accelerate the deployment of public charging stations, including subsidies for commercial properties that install EV chargers. Innovations such as ultra-fast chargers and wireless charging pads are also making daytime charging more practical and accessible.

### Challenges and the Road Ahead

Despite its potential, daytime charging faces challenges such as grid capacity constraints and the need for widespread charging infrastructure. Investments in smart grid technology and energy storage solutions will be essential to balance electricity demand and supply efficiently. Another challenge is the cost of setting up charging stations, which requires significant investment from both private businesses and government bodies. Ensuring that charging stations remain cost-effective for consumers while maintaining profitability for operators is key to sustaining growth in the industry. Additionally, the availability of real-time data and smart scheduling tools can help optimize charger usage and prevent bottlenecks at charging stations.

### The Future of Daytime EV Charging

As technology advances and policies evolve, daytime EV charging is set to play a crucial role in accelerating the transition to sustainable transportation. By integrating renewable energy sources, expanding charging accessibility, and implementing smart charging solutions, the future of electric mobility looks brighter than ever. Public and private collaborations, continued investment in green energy infrastructure, and consumer awareness will be essential in shaping a world where EVs are not just an alternative but the primary mode of transport. As the adoption of electric vehicles continues to rise, daytime charging will become a vital component in ensuring a seamless and sustainable EV experience.

### A Call for Innovation and Collaboration

The shift towards daytime EV charging will require continuous innovation and collaboration among automakers, energy providers, and policymakers. Advancements in battery technology, grid integration, and fast-charging solutions will be crucial to improving the efficiency and accessibility of daytime charging networks. By fostering partnerships and embracing smart solutions, stakeholders can ensure that EV charging infrastructure keeps pace with the growing demand, paving the way for a greener and more energy-efficient future.



# Bollywood Character Actors

Gone are the days when Bollywood actors simply played different versions of themselves on screen, relying on their star power rather than their acting chops. With the evolution of storytelling in Hindi cinema, a fresh wave of actors is stepping up, delivering performances so refined and immersive that they leave audiences spellbound. These actors aren't just about glamor, they are about depth, and authenticity. Whether their films are box-office hits or not, their performances remain unforgettable.



Shruti Kothari





Picture this: You've cleared your schedule for the day, treating yourself to a much-needed break. Maybe, you're out with your loved one, family, or best friend. A giant tub of popcorn rests in your lap, the lights dim, and you sink into your seat, ready to be transported into another world for the next couple of hours. The film unspools, a historical epic, a rip-roaring comedy, a spine-chilling thriller, or perhaps something that drags a little. But then, it happens.

A character appears. They aren't the protagonist. They might not even have the biggest role. But their presence electrifies the screen. Their performance grips you, leaves you amazed, speechless, completely captivated. They bring depth, nuance, and an ineffable magic to the story, so much so that, without them, the film just wouldn't be the same.

Yet, when the credits roll, their name often gets lost in the crowd. The spotlight may not shine on them during promotions, and the box office numbers might not reflect their brilliance. But real cinephiles know that their contribution is invaluable.

Today, let's turn the spotlight on Bollywood's unsung heroes, the hidden and forgotten gems of the industry. These are actors who live and breathe their craft, often without the privilege of connections or an easy way in. Many are veterans of the stage, trained in the art of storytelling. Some were once celebrated but have faded from mainstream memory, while others are fresh faces redefining excellence. They don't just act, they transform. They don't just play a part, they embody it, losing themselves in their roles, sometimes to the extent that they need therapy afterwards. But their dedication never wavers.

So, let's celebrate these artists who give cinema its soul. Let's recognize the brilliance that often lingers in the shadows, yet makes the biggest impact. After all, Bollywood wouldn't be the same without them.

#IIFA

























### Tripti Dimri in Animal: A Scene-Stealer

Tripti Dimri may not have had a lead role in *Animal*, but her presence was unforgettable. Playing a layered, emotionally driven character, she brought an effortless intensity to the screen. Her chemistry with Ranbir Kapoor and the depth she infused into her role have solidified her as one of the most promising actors of the new generation.

### Manoj Bajpayee: The Timeless Powerhouse

If there's one actor who has never needed mainstream validation, it's Manoj Bajpayee. Whether it was *Gangs of Wasseypur*, *The Family Man*, or *Joram*, Bajpayee continues to be a class apart. He adapts seamlessly to every role, whether it's an intense gangster, a middle-class intelligence officer, or a distressed father. He's proof that consistent talent outshines momentary stardom.

### Bobby Deol in Animal: A Resurgence Like No Other

Let's start with an actor, who has been around for decades, but has suddenly found himself in the spotlight for all the right reasons, Bobby Deol. In *Animal*, Deol barely had dialogues, yet his haunting presence, intense screen aura, and brutal action sequences made him one of the most memorable characters of the film. It's not easy to leave such an impact with minimal words, but Deol proved that a powerful performance doesn't always require monologues.

### Shefali Shah: The Queen of Impactful Acting

Shefali Shah has been around for years, but her recent resurgence in *Darlings* and *Delhi Crime* shows how powerful an actor can be when given the right material. In *Darlings*, she played a mother navigating domestic abuse with a darkly comic edge, and in *Delhi Crime*, she embodied the sheer resilience of a female police officer fighting against the odds. Shefali's performances are not just entertaining, they are moving, thought-provoking, and deeply human.

### Vikrant Massey: The Underdog Who Steals Every Scene

From *12th Fail* to *Haseen Dillruba*, Vikrant Massey has consistently chosen roles that demand serious acting prowess. A true product of theatre and television, Massey brings an unfiltered, raw energy to his characters, making them feel like real people rather than scripted figures. His portrayal in *12th Fail*, where he played a struggling yet determined UPSC aspirant, struck a chord with the audience and proved that you don't need to be a 'star kid' to shine in Bollywood.

### Jaideep Ahlawat: The Actor Who Disappears into His Roles

If there's an actor who can blend into any character and make it feel like he was born to play it, it's Jaideep Ahlawat. His portrayal of the ruthless, cunning, yet oddly likable cop in *Paatal Lok* and his recent performance in *Jaane Jaan* with Kareena Kapoor were nothing short of spectacular. He is the kind of actor who doesn't rely on flamboyance but rather on subtle expressions, deep voice modulation, and commanding screen presence.

### Priyamani in Article 370: A Fierce Powerhouse

Priyamani has time and again proven her mettle, and her performance in *Article 370* was no exception. Playing a strong-willed intelligence officer, she brought intensity and credibility to a role that required grit and conviction. Priyamani's ability to blend strength with subtle vulnerability made her a standout in the political thriller. Her past works, including *The Family Man* and *Jawan*, further exemplify her talent in bringing layered characters to life. "Priyamani has been nominated for Performance in a Supporting Role (Female) for her outstanding portrayal in the film *Article 370*."

### R. Madhavan in Shaitaan: A Masterclass in Dark Intensity

R. Madhavan, known for his versatility, stunned audiences with his gripping performance in *Shaitaan*. Playing an antagonist with a sinister aura, he delivered a bone-chilling act that left viewers both terrified and mesmerized. Madhavan seamlessly balanced charm with menace, making his portrayal one of the most nuanced villains in recent Bollywood cinema. His ability to shift between intense psychological depth and cold-blooded ruthlessness showcased his immense range as an actor. "R. Madhavan has been nominated for Performance in a Negative Role (Male) for his gripping portrayal in the film *Shaitaan*."

### Abhishek Banerjee: The Master of Versatility

If there's one actor who has redefined the art of playing impactful supporting roles, it's Abhishek Banerjee. Whether as the terrifying Hathoda Tyagi in *Paatal Lok*, the eerie yet hilarious Janaa in *Stree*, or his spine-chilling antagonist in *Apurva*, Banerjee brings an edge to every character he plays. Speaking for *Stree 2*, Banerjee reprises his role as Janaa, the lovable yet perpetually terrified friend, caught in the chaos of a haunted town. His impeccable comic timing, paired with his ability to switch between humor and horror, makes him an absolute scene-stealer in the franchise. "Abhishek Banerjee has earned a nomination for Best Performance in a Supporting Role (Male) for his role in *Stree 2: Sarkate Ka Aatank*."

### Akshaye Khanna: Bollywood's Most Underappreciated Gem

Akshaye Khanna is one of those rare actors who bring an old-school charm blended with modern-day intensity. His performance in *Drishyam 2* as a sharp, no-nonsense cop was a testament to his ability to command the screen effortlessly. Khanna's ability to convey emotions through micro-expressions and his strong screen presence make him one of Bollywood's most refined actors. In *Chhava*, Khanna takes on yet another compelling role, proving his adaptability and mastery of historical dramas. Playing a character from Maratha history, he seamlessly brings to life the intricacies of his role, adding a fresh dimension to his already impressive filmography. His ability to embody layered characters with precision makes him an indispensable talent in Bollywood.

### It's About the Art, Baby!

With these actors redefining the rules of stardom, Bollywood is witnessing an exciting transition. Audiences are no longer swooning over just good looks, they crave depth, complexity, and performances that stay with them. While big-budget commercial films will always have their place, the real stars of the industry are those who can transform into their characters so seamlessly that we forget who they are in real life. So, the next time someone says Bollywood is just about pretty faces, remind them of these phenomenal actors, who are proving, one film at a time, that talent always wins in the long run.

rajeshsharma1049@gmail.com

#WORKPLACE

# Too Much Communication

"Over-communicators may be given the benefit of the doubt by their employees, who might view them as trying to meet their needs, even if they are not necessarily succeeding," Lide says. Better safe than sorry. That is the message.



A boss who bombards you with communication may be frustrating, but one who leaves you in the dark may come off as uncaring, research finds. That's the key finding from a new study that examines how employees perceive managers who assume that less is more when it comes to communicating at work.

After reviewing thousands of 360-degree leadership assessments in MBA and executive education classes, Francis Flynn notes that complaints about managers' communication were common, and often harsh. "More than just about any other leadership skill, people are fiercely criticized for poor communication," says Flynn, a professor of Organizational Behaviour at Stanford University Graduate School of Business. "The higher up you get, the more brutal that criticism becomes." Noting this, he and doctoral candidate, Chelsea Lide, saw an opportunity to examine the quantity and quality of communication between managers and the people they supervise.

In a recent paper, Flynn and Lide examine the concept of 'communication calibration.' They find that employees often see their leaders mis-calibrating the amount they communicate. Indeed, they write, "Leaders are often seen by their employees as under-communicating rather than over-communicating."

"The importance of how much leaders communicate became apparent during the pandemic," Lide says. "It brought into sharp relief just how important communication was, not only in terms of the message being communicated, but also how often people are checking in with one another and exactly how detailed leaders are being in their communication to employees."

Flynn and Lide's research shows that employees' preference for too many versus too few messages stems from the perception that even if an over-communicating leader can't communicate the ideal amount, at least they mean well.

"Over-communicators may be given the benefit of the doubt by their employees, who might view them as trying to meet their needs, even if they are not necessarily succeeding," Lide says. Making an effort can give the impression of empathy, whereas under-communicators are 'not really seen as trying at all. Instead, they tend to be seen as really missing the mark in terms of meeting the needs of their employees.' Flynn says that these results contrast with prior research that found that information overload hurts employee performance. "Over-communication may be seen as annoying and a nuisance, but it's not seen as a damning flaw for a leader, partly because a leader's over-communication is seen as an attempt to benefit you, even if it is misguided, as opposed to an attempt to undermine you or simply ignore you."

### Manager's Communication

The authors conducted four studies to test their hypotheses that employees identify under-communication as a leadership weakness more often than over-communication and perceive under-communicating managers as having relatively less concern and compassion. 'Communication' was limited to task-related messages, not small talk or office chatter. Flynn and Lide examined qualitative comments from more than 2,700 archived leadership assessments. Less than a quarter of employees rated their manager as a well-calibrated communicator. Leaders, who mis-calibrated their communication, were nearly 10 times more likely to be criticized for under-communicating than over-communicating. The assessments also showed that perceived empathy was significantly lower for under-communicating leaders than for well-calibrated and over-communicating leaders.

The researchers then tested their model's robustness in a real-world setting, surveying employees on the perceived quantity of communication they had received from their managers and how much they'd prefer to receive. The results confirmed a lack of congruence between perceived and preferred communication. Employees judged their under-communicating leaders as lacking empathy and, in turn, leadership ability.



### When In Doubt, Speak Up

Based on their findings, Flynn and Lide offer advice for leaders, Ask employees about their personal communication preferences, and when in doubt, increase the amount of task-related communication 'to send a stronger message of caring and concern.' Flynn says that many leaders falsely believe they are communicating the correct amount. "It might be that what they need at the start of their relationship with a direct report or any kind of project management role is to suss out the preferences that others have. Figuring that out upfront is going to serve them well down the line to make sure that others' silence isn't misinterpreted as a sign of success, when in fact, it's a sign of struggle." If perfect calibration is an unrealistic goal, err on the side of over-communicating, which relays a desire to see your employees succeed. When a leader over-communicates, Flynn says, "You might not be very effective at helping, but at least, you are not also coming across as completely unfeeling. When you're under-communicating, there's no evidence of any pro-social motivation to go along with an apparent lack of helpfulness." These insights may seem counterintuitive to managers who believe in giving employees independence and letting them figure things out for themselves.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# उपकारागृह राजगढ़ पर पत्थरबाजी मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

## पूर्व में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था

**सादुलपुर,** (निसं)। उप कारागृह राजगढ़ पर पत्थरबाजी कर राजकार्य में बांधा पहुंचाने वाले तीन और आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि राजगढ़ थाना पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के निकटतम सुपरविजन में उप कारागृह राजगढ़ में पत्थरबाजी कर राजकार्य में बांधा पहुंचाने वाले अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थानाधिकारी द्वारा टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा अथक प्रयास कर पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के अलावा घटना में शामिल तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी सिहाग ने बताया कि प्रकरण में आरोपी योगेश कुमार पुत्र जयप्रकाश जाट निवासी कामाण पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरु, सुनिल कुमार उर्फ ढोला उर्फ घोलु पुत्र जसवन्त जाट निवासी कामाण पुलिस थाना हमीरवास व हरेन्द्र पुत्र रतनसिंह नाई निवासी कामाण पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि घटना के बारे में गहनता से जांच जारी है।



उप कारागृह राजगढ़ पर पत्थरबाजी कर राजकार्य में बांधा पहुंचाने वाले तीन और आरोपियों को पकड़ा।

गौरतलब है कि पूर्व में आरोपी अमित कुमार पुत्र बाबूलाल स्वामी निवासी माणोता कला पुलिस थाना खेतड़ी जिला झुंझुनू हाल हमीरवास तथा जोगेंद्र पुत्र अमर सिंह राजपूत निवासी भोजाण पुलिस थाना हमीरवास, सन्टी पुत्र राम सिंह जाट निवासी नवा पुलिस थाना हमीरवास को गिरफ्तार किया गया था, जिन्हें जेल भेज दिया गया है।

■ पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को जेल भिजवा दिया था

कार्रवाई टीम में सदस्य राजेश कुमार पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना राजगढ़, रामनिवास सउनि., सुनिल कुमार हैड कांनि., रवि कुमार कांनि., सन्दीप कुमार कांनि. व सज्जन सिंह कांनि. आदि शामिल रहे। गौरतलब है कि घटना में आरोपिओं का पता लगाने व गिरफ्तारी में रवि कुमार कांनि. व सन्दीप कुमार कांनि. की विशेष भूमिका रही।

# पचास हजार का इनामी आरोपी बद्रीराम गिरफ्तार

## आरोपी ब्रदीराम द्वारा कारित किए गए 44 प्रकरण पुलिस के संज्ञान में आ चुके हैं

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम ने वांछित 50 हजार के इनामी बद्रीराम पुत्र गंगाराम को पकड़ा है। उसे जोधपुर के ओसियां क्षेत्र से पकड़ा गया है।

जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि उसकी आपराधिक यात्रा बहुत ही दिलचस्प रही है। अब तक 44 प्रकरण पुलिस के संज्ञान में आ चुके हैं, जोकि ब्रदीराम द्वारा कारित किए गए हैं। मेवाड़ और मारवाड़ के छह जिलों में अपराध की गूंज मचा चुका है बद्रीराम चोरी, नकबजनी, वाहन चोरी, शराब तस्करी, पुलिस के साथ मारपीट, हत्या का प्रयास, मारपीट, बलात्कार जैसे हर अपराधों में लिप्त रहा है। आईजी विकास कुमार ने बताया कि उसने 27 साल पहले अपनी आपराधिक यात्रा शुरू की थी। दसवीं-बारहवीं करने के बाद अपने आवारा भाइयों की संगत में रहकर गुमराह हो गया और जल्दी पैसे कमाने की धुन सवार होने लगी। अपने चचेरे भाई की शादी के लिए गांव में एक सोसायटी में चोरी की। बाद में उसने चोरी और नकबजनी का सिलसिला शुरू किया तो कई सारे मामले हो गए।

■ आरोपी बद्रीराम ने मेवाड़-मारवाड़ के मंदिरों में कई कई बार चोरियां की है

आईजी विकास कुमार के अनुसार वह विशेष रूप से मंदिरों में चोरी करता था। मेवाड़-मारवाड़ के मंदिरों में कई कई बार जाकर चोरियां की है। कई बार पकड़ा भी गया और जेल गया और छूटता रहा। इसी के साथ उसके कई सारे शौक पनपते रहे। चाहे विलासिला हो या अन्य अनैतिक गतिविधियां वह हर तरह से इंवाल्व होता रहा। पिता का पितृत्व उस पर हमेशा बना रहा, वह जेल जाता रहा और पिता जमानत कराते रहे। हर बार वह वादा करता रहा और कहता था कि अपराध की दुनिया से पैर खींच लूंगा। मगर वह ऐसा नहीं कर पाया। उसकी रंगीन मिजाजी और आशिक मिजाजी उसे अपराध की दुनिया में धकेलती रही।

आईजी विकास कुमार के अनुसार चोरियों से उसके खर्चे पूरे नहीं होने पर शराब तस्करी में आ गया। हरियाणा से गुजरात तक शराब तस्करी का सूत्रधार बना। लंबे समय तक उसने तस्करी का धंधा चलाया। इसमें भी जेल गया और जेल की दीवारें तोड़कर भी भागा। जेल भागने के मामले में कुख्यात रहा बद्रीराम के पिता की मौत भी इसी बीच हुई थी। पिता की मौत के बाद जमानत को जो साया था वह विलीन हो गया। भाइयों ने भी मुख मोड़ लिया। बाद में ससुराल का दामन थामा और खनन कार्य करने लगा। खनन में ज्यादा पैसे आए तो सत्ता का सुख जागा। इससे उसने गांव की सरपंची चुनाव में उसने अपनी मां को खड़ा किया था। सफलता तो नहीं मिली मगर सत्ता का मोह बढ़ता गया। सत्ता से संघर्ष की यात्रा शुरू हो गई और लोगों से दुश्मनियां भी बढ़ती गई। महिला मित्रों का अंबार लगा दिया था। वह रंगीन मिजाजी हो गया। इसी कारण से उसके खिलाफ वर्ष 2023 में उसके खिलाफ रेप और पॉक्सो का केस दर्ज हुआ था। तब से यह फरारी काट रहा था।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि जिन मंदिरों से चोरियां का सिलसिला शुरू किया उन्हीं मंदिरों में अब जाकर साधना में लिप्त हो गया। वह बागेश्वर धाम में पर्ची निकलने का इंतजार करता रहा और शांति की तलाश में लग गया। वृंदावन में खूब खाक छानी और अभी महाकुंभ मेले में धूणी जमाकर बैठ गया। यह तपस्या और साधना भी भारी रही कि वह हर महिने दो महिने में अपनी महिला मित्रों के पास में आता रहता।

साइक्लोनर टीम उसकी तीन महिला मित्रों पर निगाह रखे हुए थे। वह अभी दो दिन पहले महिला मित्र से मिलने आया था। वह हमेशा महिला मित्र से मिलने के समय शानों शौकत से जाता था। महिला मित्र से मिलने जाने से पहले वह अपनी गाड़ी की अच्छे धुलाई करवाता था। एक महिला मित्र नहीं मिली तो दूसरी से मिलने पहुंचा था। लोकेशन में उसकी गाड़ी नजर आई थी। वह फिर से ओसियां में एक वर्कशॉप पर गाड़ी धुलाई के लिए पहुंचा तब साइक्लोनर टीम के हत्थे चढ़ गया।

# लड़की को भगा ले गया पड़ौसी युवक, पुलिस ने पीछा कर अजमेर से पकड़ा

**बीकानेर,** (निसं)। 16 साल की लड़की को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर दोनों को अजमेर दरगाह में जियारत कर बाहर निकलने पर दस्तयाब कर लिया और युवक को गिरफ्तार कर लिया है और लड़की को नारी निकेतन भेजा गया है।

एक महिला ने सोमवार को गंगाशहर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी कि उसकी 16 साल की पुत्री को फरियाद खां बहला फुसलाकर भगा ले गया। लड़की के साथ दुष्कर्म और उसे जान से मारने की आशंका जताई। लड़की और युवक दोनों अलग समुदाय के होने पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और खोजबीन शुरू की। पता चला कि दोनों बस में सवार होकर देशनोक पहुंचे और वहां से अलग बस में बैठकर नोखा गए। नोखा से प्राइवेट बस में बैठकर सोमवार की रात को करीब 12 बजे अजमेर पहुंच गए। गंगाशहर के एएसआई किसनाराम बिश्नोई, हेड कांस्टेबल मांगीलाल, कांस्टेबल रामनेरी, रघुवीर और सीताराम की टीम रात को एक बजे अजमेर के लिए रवाना हो गई और सुबह पांच बजे पहुंच गई थी। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी लड़की को लेकर अजमेर दरगाह जाएगा। पुलिस ने वहां निगरानी शुरू कर दी। सुबह आरोपी और लड़की दोनों दरगाह में जियारत कर वापस बाहर निकल रहे थे तो वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। पुलिस अलर्ट हो गई और दोनों को दरगाह से बाहर निकलने पर दस्तयाब कर लिया।

मामले की जांच कर रहे सीओ गंगाशहर पार्थ शर्मा ने बताया कि आरोपी युवक और लड़की को लेकर पुलिस की टीम बीकानेर पहुंची। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की का मेडिकल मुआयना करवाया जाएगा।

# केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने जन्मदिन मनाया

**जोधपुर,** (कासं)। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को जोधपुर में सादगी से अपना जन्मदिवस मनाया। मंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां बड़े पुत्र कार्तिकेय की शादी के लिए आए हुए हैं।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय की शादी की रस्में जोधपुर में शुरू हो गई हैं। कार्तिकेय लिबर्टी शू कंपनी के डायरेक्टर अनुपम बंसल की बेटी अमानत के साथ गुरुवार को सात फेरे लेंगे। बुधवार को शिवराज सिंह का 66वां जन्मदिन भी है,

■ मंत्री शिवराज सिंह चौहान जोधपुर में बड़े पुत्र कार्तिकेय की शादी के लिए आए हुए हैं

प्रतिदिन की तरह आज भी उन्होंने उम्मेद भवन पैलेस परिसर में कार्तिकेय और अमानत के साथ पौधारोपण किया। शिवराज फरवरी 2021 से एक पौधा रोज लगाते हैं। शादी में शामिल होने देश के कई दिग्गज राजनेता, उद्योगपति भी जोधपुर पहुंच रहे हैं।

# प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने देर शाम को नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हैड कांस्टेबल मुकेश ने आरोपी राकेश कुमार पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी केदार चौक पुरानी आबादी श्रीगंगानगर को पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से प्रीगाबालिन के 200 कैप्सूल और बिक्री से प्राप्त 220 रुपए बरामद किए। हैड कांस्टेबल मुकेश ने बताया कि नशे के तौर पर उपयोग होने वाले कैप्सूल की तस्करी की सूचना मिली थी। सोमवार देर शाम पदमपुर रोड पर गोसांई कल्याण भूमि के सामने एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था। तलाशी लेने पर 200 कैप्सूल प्रीगाबालिन बरामद हुए। आरोपी से दवाइयों के बिल व डॉक्टर की पर्ची के बारे में पूछा गया तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया। कोतवाली थाना में मामला दर्ज किया गया है।

# अजमेर के सरकारी वकीलों की नियुक्ति के मामले में हाईकोर्ट की तलवार लटकी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के सरकारी वकीलों द्वारा राजस्थान के उच्च न्यायालय जयपुर के समक्ष एक रिट याचिका दायर कर सरकारी वकीलों की नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती दे रखी है।

याचिका में अजमेर के लोक अभियोजक विवेक पाराशर अपर लोक अभियोजक राजेन्द्र सिंह राठौड़ व राजेश कुमार ईनाणी द्वारा यूनियन आफ इंडिया, राजस्थान सरकार सहित प्रिंसिपल सेक्रेटरी लॉ डिपार्टमेंट, राजस्थान सरकार एडिशनल चीफ सेक्रेटरी राजस्थान सरकार व जिला कलेक्टर अजमेर को पक्षकार बनाते हुए सरकारी वकीलों की नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती दे रखी है, जिस याचिका पर उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति अनिल कुमार उपमन द्वारा 29 अगस्त 2024 को ही आदेश पारित कर राज्य सरकार व अन्य को निर्देश जारी कर रखे हैं कि वे किसी भी रिपेनल के आधार पर सरकारी वकीलों की नियुक्ति ना करें। उक्त मामला अभी उच्च न्यायालय में विचाराधीन है तथा उच्च न्यायालय की तलवार अभी भी सरकारी वकीलों की नियुक्ति प्रक्रिया पर लटकी हुई है।

इस संदर्भ में लोक अभियोजक विवेक पाराशर ने बताया कि हाल ही में उच्चतम न्यायालय में यह सिद्धांत प्रतिपादित किया है कि सरकारी वकीलों व अभियोजकों को योग्यता के आधार पर नियुक्त किया जाना चाहिए , राजनीतिक विचारों या भाई-भतीजावाद पर नहीं। उच्चतम न्यायालय ने 29/01/25 के निर्णय 'महाबीर और अन्य बनाम हरियाणा राज्य' में यह स्पष्ट कहा है कि राजनीतिक विचारों के आधार पर हाईकोर्ट में सरकारी वकीलों और लोक अभियोजकों की नियुक्ति करने वाली सरकारों की प्रवृत्ति पर नाराजगी जताई। न्यायालय ने कहा कि सरकारी वकीलों और लोक अभियोजकों की नियुक्ति करते समय 'पक्षपात और भाई-भतीजावाद' कारक नहीं होनी चाहिए। ऐसे में उक्त फैसले व रिट याचिका के बाद नये सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की मांग राजस्थान राजकीय अधिवक्ता संघर्ष समिति राजस्थान ने की है और मुख्यमंत्री एवं विधि मंत्री, शासन सचिव को उक्त आदेशों की पालना करने हेतु पत्र प्रेषित किये हैं।

# कार-बाइक में भिड़ंत, एक छात्र की मौत, तीन जयपुर रैफर

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के पचेवर थानान्तर्गत बनेडिया चारणान के पास बुधवार को कार व बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक चालक एक छात्र की मौत हो गई व तीन गंभीर घायल हो गये जिन्हें जयपुर रैफर किया।

■ बोर्ड परीक्षा के लिये अपना प्रवेश पत्र लेकर वह अपने गांव लौट रहे थे

मामले के अनुसार बुधवार को थाना क्षेत्र के अजीतपुरा गांव निवासी छात्र हंसराज पुत्र घासीलाल गुर्जर, रीना पुत्री भंवर लाल गुर्जर, रचना पुत्री जगदीश गुर्जर, अजय पुत्र बद्री गुर्जर जो कि मोटरसाइकिल से पचेवर आये थे। गुरूवार से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिये अपना प्रवेश पत्र लेकर वह अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बनेडिया चारणान के पास सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। कार इतनी तेज गति में थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गये। हादसे में बाइक सवार सभी चारों चचेरे भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को मालपुरा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।



हादसे में गंभीर घायलों को मालपुरा जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

अस्पताल में उपचार के दौरान छात्र हंसराज गुर्जर ने दम तोड़ दिया। शेष तीनों को चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर किया गया। बोर्ड परीक्षा से एक दिन पूर्व छात्र की मौत व तीन छात्र-छात्राओं के गंभीर घायल होने की सूचना आग की तरह फैल गई। परिजनों व विद्यालय परिवार के साथ-साथ गांव में शौक की लहर दौड़ गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग गया।

## दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गढ़ी थाना पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त जयंती निनामा को गिरफ्तार कर लिया है।

गढ़ी थानाधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि गत 28 जनवरी को पीड़िता ने रिपोर्ट दी थी कि एक माह पूर्व वह ब्यूटी पार्लर से अपने घर पैदल जा रही थी कि तभी जयंती मोटरसाइकिल लेकर आया और गढ़ी बस स्टैंड छोड़ देने को कहा। गढ़ी बस स्टैंड पर जयंती ने बोतल से पानी पिलाया तो प्रार्थिया बेहोशी जैसी अवस्था में आ गयी और जयंती उसे एक गेस्ट हाउस में ले गया और दुष्कर्म किया। दूसरे दिन विवाह के लिये दबाव बनाते हुए भगा ले जाने की धमकी दी और एक कागज पर हस्ताक्षर करवाये। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशानुसार गढी थानाधिकारी रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। इस टीम ने जयंती कुमार पुत्र कचरा निनामा को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में थानाधिकारी रोहित कुमार, सहायक उपनिरीक्षक मोती सिंह, हैड कांस्टेबल दिग्पाल सिंह, कांस्टेबल वासुदेव व मदनसिंह शामिल रहे।

# पिता की हत्या का आरोपी बेटा गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। कुंआ थाना क्षेत्र के पारड़ा विष्णुजी में पिता के हत्यारे बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पिता के साथ झगड़े के बाद बेटे ने सिर पर हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस आरोपी बेटे से पूछताछ कर रही है।

कुंआ थानाधिकारी ने बताया कि दो मार्च को पारड़ा विष्णुजी गांव में गौतम पारगी का शव घर के आंगन में लहूलुहान हालत में पड़ा मिला था। सूचना पर पारड़ा विष्णुजी गांव पहुंचे। गौतम पारगी के सिर में गंभीर चोंटें आई थी। घटना को लेकर मृतक गौतम पारगी के बेटे हरीश पारगी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसमें बताया कि

■ पिता के साथ झगड़े के बाद बेटे ने सिर पर हमला कर हत्या कर दी थी

वह और उसका बड़ा भाई मुकेश दोनों ही गुजरात में नौकरी करते हैं। एक मार्च को दोनों गुजरात से अपने घर आने के लिए निकले, लेकिन भाई मुकेश अपने ससुराल चला गया। दो मार्च को हरीश भी अपने ससुराल चला गया। घर पर पिता गौतम और छोटी बहन दोनों थे। 2 मार्च को बड़ा भाई मुकेश अपने घर आ गया, जबकि बहन किसी काम से चिखली गई। शाम के समय बड़े भाई मुकेश ने उसे फोन कर बताया कि पिता के साथ झगड़ा हो गया है।

मारपीट की वजह से पिता गौतम बेहोश हो गए हैं। चिखली से बहन घर पहुंची तो पिता की लाश घर के आंगन में लहूलुहान हालत में मिली। सिर, मुंह और नाक से खून बह रहा था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी बेटे मुकेश पारगी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी बेटे से पूछताछ कर रही है।

## बैंक मैनेजर ने फांसी लगाई

**मालपुरा,** (निसं)। टोडारायसिंह कस्बे में ऐयू बैंक शाखा मैनेजर ने बुधवार को फांसी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी में सामने आया कि ऐयू स्मॉल फाईनेंस बैंक मैनेजर महावीर यादव पुत्र जगदीश यादव निवासी गादोपथ पंचायत इंदोकिया थाना टोडारायसिंह ने कमरे मे पंखे से फांसी का फंदा बना पानी के केन पर चढ़कर फांसी के फंदे से झूल ल गया। मौहल्लेवासियों ने जब बार-बार आवाजें लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में जब लोगों ने खिड़की से देखा तो बैंक मैनेजर फांसी के फंदे से लटका हुआ था। कुछ दिन पूर्व ही मकान किराये पर लेकर रहने लगा था। अचानक बुधवार को कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला।

# वकील के साथ मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**पुष्कर,** (निसं)। वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम जाखेटिया पर शराब के नशे में धुत्त युवकों द्वारा किए गए जानलेवा हमले के आरोप में पुष्कर पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले कल मंगलवार को भी पुलिस ने होकरा गांव के रहने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया था। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह राठौड़ की अगुवाई में पुलिस इन सभी आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर इस वारदात में शामिल बाकी युवकों के बारे में पता करने में जुटी है। पुलिस ने आज फिर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी घनश्याम सिंह राठौड़ ने बताया कि पुलिस ने शंकर पुत्र लक्ष्मण सिंह रावत, दीपक पुत्र बज्जासिंह रावत, जीतू सिंह पुत्र हरिसिंह रावतको गिरफ्तार किया है। यह तीनों आरोपी भी छोटी होकरा थाना पुष्कर के निवासी है। इस मामले में पुलिस ने कल भी होकरा निवासी प्रदीप कर्मा, राहुल जाचक और सोनू रावत को गिरफ्तार किया था जिन्हें आज न्यायालय में पेश किया गया। जिसके बाद अदालत ने तीनों आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया, जहां उनसे अब पुलिस कड़ी पूछताछ कर बाकी बचे आरोपियों का पता लगाने में जुटी हुई है। सीआई राठौड़ ने कहा कि इस मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। हम जल्द ही बाकी बचे अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दिलवाएंगे।

■ अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल की गहन इकाई में एडवोकेट जाखेटिया की हालत अभी भी गंभीर

शराबी युवकों के हमले में गंभीर रूप से घायल होकर बीते चार दिनों से लगातार अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल की गहन इकाई में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे एडवोकेट पुरुषोत्तम जाखेटिया की हालत अभी भी बेहद नाजुक बनी हुई है। जेएलएन के पांच वरिष्ठ चिकित्सकों की मेडिकल टीम के द्वारा अभी तक जाखेटिया दो बड़े जटिल ऑपरेशन किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अभी तक ना तो उन्हें होश आया है और ना ही उनकी हालत में कोई सुधार हो रहा है, चिकित्सकों की माने तो जाखेटिया की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है।

जाखेटिया पर हुए हमले की घटना के विरोध में आज पुष्कर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप पाराशर की अगुवाई में कई अधिवक्ता भी एकत्रित होकर पहले एसडीएम कार्यालय और फिर पुष्कर थाने पहुंचे जहां उन्होंने एसडीएम गौरव मित्तल को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बार एसोसिएशन ने एडवोकेट जाखेटिया पर हुए हमले की निंदा करते हुए जल्द से जल्द बाकी बचे सभी हमलावरों को भी गिरफ्तार करने की मांग की। इसके पश्चात पुलिस थाने पहुंचकर अधिवक्ताओं ने सीआई घनश्याम सिंह राठौड़ से भी मुलाकात कर हमलावरों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की। इस दौरान सचिव पाराशर सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

घटना के विरोध में पुष्कर सहित अजमेर जिले के सभी न्यायालयों में आज लगातार तीसरे दिन भी वकीलों ने कार्य का बहिष्कार कर हड़ताल जारी रखी। बार अध्यक्ष कुलदीप पाराशर ने बताया कि अधिवक्ता जाखेटिया पर हुए जानलेवा हमले से सम्पूर्ण जिले के अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। जब तक इस मामले में शामिल सभी हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक हमारी हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में उन्होंने जयपुर और जोधपुर हाईकोर्ट सहित राजस्थान की सभी बार एसोसिएशन से भी आंदोलन में समर्थन करने के लिए आग्रह किया है। जल्द ही राजस्थान की सभी न्यायालयों में ही हड़ताल की जा सकती है।

## बिजयनगर प्रकरण में एक और आरोपी गिरफ्तार

**बिजयनगर,** (निसं)। शहर के बहुचर्चित नाबालिग बालिकाओं का शोषण ब्लैकमेल कांड प्रकरण में एक और आरोपी आमान उर्फ अमन मंसूरी निवासी बिजयनगर को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों प्रकरणों में अब तक कुल 11 आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके है व 3 विधि विरूद्ध बालकों को निरूद्ध किया गया है। थाना अधिकारी करण सिंह खंगारोत ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी वृत मसूदा के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना बिजयनगर मय टीम द्वारा 16 फरवरी पुलिस थाना विजयनगर पर दर्ज तीनों प्रकरणों में अब तक कुल 11 आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके है व 3 विधि विरूद्ध बालकों को निरूद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद लुकमान, रेहान उर्फ रेयान, अफराज, शोहल उर्फ सोयल मन्सूरी, करीम क्रैशी, श्रवण, आशिक कुरैशी, अब्दूल हकीम जावेद, सांवरलाल व आमान उर्फ अमन है।

■ अब तक कुल 11 आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके हैं

## खेत में करंट लगने से महिला की मौत

**मालपुरा,** (निसं)। चावंडिया गांव में करंट प्रवाहित हाई वोल्टेज विद्युत तार टूटकर गिरने से खेत में काम कर रही महिला कृषक की मौत हो गई।

महिला के परिजनों ने बताया कि लक्ष्मी पत्नी बजरंग प्रजापत बुधवार की दोपहर अपने खेत पर कृषि कार्य कर रही थी। इसी दौरान हाई वोल्टेज विद्युत लाइन का तार टूटकर खेत में गिर गया। करंट की चपेट में आने से महिला अचेत हो गई, जिसे अचेतावस्था में मालपुरा जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर महिला को मृत घोषित किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि झूलते विद्युत तारों को ऊंचे करने के लिये पूर्व में कई बार अधिकारियों व लाईनमैन को अवगत करवाया गया लेकिन आज तक तारों की खिंचाई नहीं करने से आज महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी।

# चार किलो गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

**कोटा,** (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने इलाके में गश्त चैकिंग के दौरान कार से अवैध मादक पदार्थ गांजा 4 किलो 850 ग्राम सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि ऑपरेशन नश्वर के तहत कोचिंग एरिया को नशे से मुक्त कराने हेतु मादक पदार्थ एवं तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन मे जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि जवाहर नगर थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने राजीव गांधी नगर में गश्त चैकिंग के दौरान एक कार को रोककर चैक किया तो तलाशी के दौरान कार से अवैध मादक पदार्थ गांजा 4 किलो 850 ग्राम बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए लाड़पुरा बस स्टेण्ड थाना मांडलगढ़ भीलवाड़ा निवासी उमेश जोशी (48) एवं डाबी जिला बूंदी हाल प्रताप नगर बोरखेड़ा निवासी धनराज मेघवाल (28) को गिरफ्तार किया है। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए घटना में प्रयुक्त कार को भी जप्त कर लिया है। वहीं जवाहर नगर थानाधिकारी ने बताया कि इलाके में गश्त चैकिंग के दौरान पकड़े गये दोनों तस्करों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है।

विज्ञान नगर थाना इलाके में पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि शहर एसपी के निर्देश पर ऑपरेशन नश्वर अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए इलाके में गश्त के दौरान एक जने पर संदेह होने पर उसे मौके पर डिटेन कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 410 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए ग्राम लुहारिया जिला झालावाड़ हाल गोबरिया बावडी अनंतपुरा निवासी राजुलाल बंजारा (39) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है।

## संक्षिप्त

### ट्रैक्टर चालक ने मारी कॉन्स्टेबल को टक्कर

टोंक। ड्यूटी के बाद थाने से घर लौट रहे कॉन्स्टेबल की बाइक को रॉन्ग साइड से आए ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में कॉन्स्टेबल की मौत हो गई, जबकि आरोपी ड्राइवर फरार हो गया, हादसा देवली में मंगलवार रात को हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजमहल निवासी लड्डू लाल रैगर (45) बूंदी के हिंडौली थाने में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात थे। मंगलवार को ड्यूटी खत्म होने के बाद वे बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। घर से करीब 5 किलोमीटर पहले देवली के बीसलपुर रोड पर रूपारेल नहर के पास ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल लड्डूलाल रैगर को गंभीर हालत में देवली के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन भी रात में ही अस्पताल पहुंच गए।

### धमकी देने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**पावटा।** विराटनगर के ग्राम मेड से झाड़ौदिया की ढाणी निर्मित रोड ठेकेदार को एक व्यक्ति द्वारा फोन पर धमकी देने के आरोप में बुधवार को एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल ने दी। कोटपूतली बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध गतिविधियों एवं आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु अभियान के तहत अभियान को सफल बनाने एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन एवं विराटनगर थाना सोहनलाल के नेतृत्व में थाना पुलिस गठित टीम द्वारा ग्राम मेड से झाड़ौदिया की ढाणी मेड निर्मित रोड के ठेकेदार जयराम यादव को मोबाइल से फोन कर धमकी देने वाले युवक हेमराज मीणा की गहनता से तलाश करते हुए।


नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**खोया पाया**

मेरे स्वामित्व के प्लॉट नं.9, जगन्नाथ नगर-।। बढ़ारना, जयपुर के मूल दस्तावेज जिनमें सोसायटी पट्टा, साईट प्लान, रसीद जो कि नवयुवक गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड के द्वारा मुझे आवंटित थे कहीं गुम हो गये है। कृपया मिलने पर सूचित करें। श्योनाथ गुर्जर-8005594526

**नाम परिवर्तन**

मैं राखी नंदवाणी पत्नी श्री हरीश नंदवाणी निवासी 173-बी, शंकर नगर, ब्रह्मपुरी, जयपुर। मैंने अपना नाम भाग्यश्री मेघलानी (Bhagyashri Meghlani) से बदलकर राखी नंदवाणी (Rakhi Nandwani) रख लिया है भविष्य में मुझे राखी नंदवाणी (Rakhi Nandwani) के नाम से जाना जाये।

मैं अपना नाम खत्री ललित लाल चन्द मनीषा से बदलकर ललित खत्री पुत्र श्री लाल चन्द खत्री, निवासी 66/58 हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर (राज.) 302020 रख रहा हूँ भविष्य में मुझे मेरे उक्त नये नाम से ही जाना पहिचाना जावें।

मै आर्मी नं. 15686006M रैंक HAV जितेन्द्र चौहान पुत्र शिवचंद निवासी ग्राम औन्हाईच, पोस्ट-बगली, पिंजडा, तहसील-सदर, मऊ ने भविष्य के लिए अपने पिताजी का नाम शिवचंद चौहान से बदलकर शिवचंद व जन्मतिथि 01.07.1957 से 01.01.1958 कर लिया है।

मै आर्मी नं. 15686006M रैंक HAV जितेन्द्र चौहान पुत्र शिवचंद निवासी ग्राम औन्हाईच, पोस्ट-बगली, पिंजडा, तहसील-सदर, मऊ ने भविष्य के लिए अपनी माताजी का नाम देवंती दावी से बदलकर देवंती देवी व जन्मतिथि 01.07.1961 से 01.01.1960 कर लिया है।

मै आर्मी नं. 15686006M रैंक HAV जितेन्द्र चौहान पुत्र शिवचंद निवासी ग्राम औन्हाईच, पोस्ट-बगली, पिंजडा, तहसील-सदर, मऊ ने भविष्य के लिए अपने पुत्र का नाम अनुज चौहान से बदलकर अनुज चौहान कर लिया है।

मेरा वर्तमान नाम, निशा कुमारी पाटीदार/निशा पाटीदार, श्री मनीष सरदाना से विवाह के बाद बदलकर नया नाम निशा सरदाना हो गया है। अत भविष्य में मुझे निशा सरदाना नाम से पहचाना जाए।


# डीजे कोर्ट की मांग को लेकर कोटपूतली बंद रहा पूर्ण रूप से सफल


अग्रसेन तिराहा पर सर्वसमाज की विशाल आमसभा का आयोजन हुआ।

- कोटपूतली बंद का कस्बे के बाजारों सहित व्यावसायिक संस्थान व परिसर, शिक्षण संस्थान आदि पर दिखा व्यापक असर

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में नगर व्यापार महासंघ, विभिन्न व्यापारिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं व जनप्रतिनिधियों के द्वारा बुधवार 05 मार्च को बुलाया गया कोटपूतली बंद पूर्ण रूप से सफल रहा। बंद का व्यापक असर कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, व्यावसायिक संस्थानों, व्यावसायिक परिसरों व शिक्षण संस्थानों पर देखने को मिला। बुधवार अल सुबह ही बड़ी संख्या में अधिवक्तागण कस्बे के बाजारों में उतर आये। जहाँ विभिन्न जगहों पर जाकर उन्होंने कुछ खुली हुई दुकानों को भी बंद करवाया। कुल मिलाकर बंद पूर्णतयारू शांतिपूर्ण व सफल रहा। इसकी तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन की व्यवस्थायें भी चाक-चौबंद थी। कोटपूतली बंद शांतिपूर्ण तरीके से निपट जाने पर पुलिस प्रशासन ने भी चन की सांस ली। वहीं दुसरी ओर जिला अभिभाषक संघ व नगर व्यापार महासंघ के तत्वाधान में कस्बे के अग्रसेन तिराहा पर सर्वसमाज की विशाल आमसभा का आयोजन अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर की अध्यक्षता में हुआ। जहाँ बड़ी संख्या में वकीलों सहित व्यापार मण्डलों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं में सभा में भाग लेते हुये कोटपूतली में ही डीजे कोर्ट खुलवाने को लेकर आर-पार की लड़ाई की हुंकार भरी। सभा में भाग लेने वाले वक्ताओं ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय कोटपूतली-बहरोड़ को नवीन जिला गठित करते हुये गजट नोटिफिकेशन में यह घोषणा की गई थी कि कस्बे के निकट पनियाला-कालुहेड़ा में आवंटित जिला मुख्यालय की जमीन में स्थाई निर्माण होने तक जिला मुख्यालय कोटपूतली ही रहेगा। साथ ही सभी कार्यालय भी कोटपूतली में ही खोले जायेगें। इसके क्रम में यहाँ जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, जिला रसद अधिकारी, जिला कोषालय, सीएमएचओ समेत सभी महत्वपूर्ण कार्यालय यहाँ खोल दिये गये है। जबकि डीजे कोर्ट के लिये सरकार ने पुरी तैयारी करते हुये कोटपूतली कस्बे में ही जगह भी चिन्हित कर ली थी। यही नहीं प्रस्तावित जिला मुख्यालय कालुहेड़ा-पनियाला के पास मिनी सचिवालय के साथ-साथ डीजे कोर्ट हेतु भूमि भी आवंटित की जा चुकी है। लेकिन इसको लेकर अब राजनैतिक षड्यंत्र रचा जा रहा है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सभा को सम्बोधित करते हुये पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कहा कि कोटपूतली के हितों के लिये हरसम्भव संघर्ष हेतु तत्पर है। यदि एक भी कार्यालय यहां से जायेगा तो आने वाले दिनों में इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। यह कतई बर्दाश्त से बाहर है। हम सबको एकजुटता के साथ इस लड़ाई को लडना होगा।

### द्वितीय जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन

**कोटपूतली।** कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की ओर से कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित श्री सीताराम अर्जुनदास रामविलास पंसारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार 05 मार्च को द्वितीय जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोजगार आशार्थी युवाओं को नियोजन के अवसर प्रदान करने के लिये निजी क्षेत्र की 20 कम्पनियों के प्रतिनिधि ने भाग लिया। इस मौके पर 1190 रोजगार आशार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया। जिनमें से 768 रोजगार आशार्थियों का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। इसके लिये कोटपूतली-बहरोड़ जिले की कोटपूतली, बहरोड़, नीमराणा, मांढ़ण, बानसूर, नारायणपुर, विराटनगर व पावटा तहसीलों के वे बेरोजगार युवा जिन्होंने जिला रोजगार कार्यालय जयपुर अथवा अलवर में पंजीकरण करवाया हुआ है समेत अन्य उपस्थित रोजगार आशार्थी युवाओं को भी नियोजन कार्यवाही में सम्मिलित किया गया।

# विश्वविद्यालय में किसान मेले का आयोजन

- खेती किसानी नवाचारों के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर किसान आय में कर सकते हैं वृद्धि : विधायक रामावतार बैरवा

**चाकसू।** जगन नाथ विश्वविद्यालय परिसर में किसान मेले का आयोजन कृषि संकाय के सौजन्य से आयोजत किया गया। डॉ. पी. एन. कल्ला, अधिष्ठाता, कृषि संकाय ने बताया कि मेले का उद्घाटन विधायक रामावतार बैरवा द्वारा किया गया तथा जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा ने भी इस अवसर पर मंच साझा कर किसानों को राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली विभन्न योजनाओं से अवगत कराकर लांभावित किया। संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी.एन. कल्ला ने किसान मेले के महत्व के बारे में बताते हुये कई महत्वपूर्ण जानकारी किसानों से साझा की।

विधायक द्वारा मेले में किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। बैंक प्रभारियों ने किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी दी। डॉ बलराज सिंह कुलपति एस के एन ए यु जोबनेर, डॉ एस के व्यास कुलपति कोटा विश्वविद्यालय कोटा डॉक्टर त्रिभुवन शर्मा कुलपति वेटरनरी विश्वविद्यालय जयपुर ने भी खेती किसानी संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां किसानों से साझा की उन सभी ने कहा कि कुछ हम पास आते हैं कुछ आप पास आओ जिससे नई तकनीकी के साथ खेती किसानी करके अपनी उपज को बढ़ा सके। क्योंकि उन्नत उपज एवं समृद्ध किसान से ही देश समृद्ध हो सकता है

कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन कर विधायक बैरवा ने कृषि मेले की प्रशंसा की। विधायक बैरवा किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि की नवीनतम जानकारी प्राप्त कर कृषि एवं पशुधन उत्पाद में आशातीत वृद्धि की जा सकती है।कृषि संकाय द्वारा विकसित उन्नत कृषि तकनीकों से फसल, सब्जी, फल, दुग्ध उत्पादन की वृद्धि हेतु निरन्तर लाभ उठाना चाहिए। किसानों को खेती किसानी नवाचारों के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए जिससे उनकी आय में लगातार वृद्धि हो। केंद्र और राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चल रही है। कुलपति प्रो. वैशाली शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कुलसचिव तन्मय पट्टनायक ने बताया कि करीब 40 स्टॉलों के माध्यम से किसानों को नवीनतम तकनीक का लाभ प्राप्त करने के लिए लगाया गया था।

जगन नाथ विश्वविद्यालय के शोधकर्ता व संयुक्त निदेशक, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार डॉ. राजेन्द्र खींचड़ को राज्य सरकार द्वारा कृषि पुरस्कार प्राप्त होने पर शॉल पहनाकर सम्मानित किया।डॉक्टर विजय सिंह कुलहरी, डॉ श्रवण लाल शर्मा एवं रघुप्रसाद यादव को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया ।

### निगरानी समिति का गठन

**बौंली-बामनवास।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर जिले एवं उपखंड स्तरीय नगर निकाय, वार्ड पंचायत समिति, जिला परिषद व ग्राम पंचायत गठन को लेकर जिला एवं उपखंड स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। सवाई माधोपुर जिला कांग्रेस सेवादल के जिला मुख्य संगठन (जिलाअध्यक्ष) संतोष कुमार स्वामी ने बताया कि गठित समितियां जिले व उपखंड स्तर पर हो रहे वार्ड परमिशन पंचायत समिति वार्ड, जिला परिषद वार्ड परमिशन व ग्राम पंचायत में परमिशन की निगरानी करेगी एवं वार्ड का परमिशन गलत ढंग से किया जा रहा होगा तो आपत्ति दर्ज कराकर दुरुष्त कराने का कार्य करेगी। इस मामले को लेकर कांग्रेस सेवादल के जिला स्तरीय समिति में गुरुवचन वाल्मीकि को संयोजक, शिवप्रकाश कांवरिया को सहसंयोजक, अनुज कुमार गौतम, मीनू कुमारी मीणा, उषाझा, शाहीन अंसारी व शकुंतला वर्मा को सदस्य बनाया गया है, बौंली उपखंड स्तर पर सलीम मिर्जा को संयोजक धर्मराज मीणा को सहसंयोजक व प्रेमचंद वर्मा, जाकिर शाह, कुंजीलाल मीणा को सदस्य बनाया गया है।

# मांग को लेकर नारायणपुर आंशिक बंद, अधिवक्ताओं ने दिया ज्ञापन


तहसीलदार अनिल कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

**नारायणपुर।** कस्बे में बुधवार को अभिभाषक संघ बानसूर के नेतृत्व में नारायणपुर में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट और कोटपुतली में जिला न्यायालय की स्थापना की मांग को लेकर नारायणपुर बंद का आव्हान किया गया। बंद का कस्बे में मिलाजुला असर देखने को मिला। इस आंदोलन को अभिभाषक संघ नारायणपुर, व्यापार मंडल, डीडराइटर्स, स्टाम्प वेण्डर्स और निजी शिक्षण संस्थानों का पूर्ण समर्थन मिला।

बंद के दौरान अधिवक्ताओं, डीडराइटर्स और स्टाम्प वेण्डर्स ने कार्य बहिष्कार कर तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद तहसीलदार अनिल कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता रविंद्र कुमार ने बताया कि पहले नारायणपुर उपखंड अलवर जिले का हिस्सा था, लेकिन अब इसे कोटपुतली-बहरोड़ जिले में शामिल कर दिया गया है। इसके साथ बासदयाल थाना भी इस जिले का हिस्सा है। अधिवक्ताओं ने कहा कि नारायणपुर थाना क्षेत्र का न्यायिक क्षेत्राधिकार अब थानागाजी न्यायालय से हटाया जाना तय है, इसलिए न्यायिक प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए नारायणपुर में सिविल न्यायालय और कोटपुतली में जिला न्यायालय की स्थापना आवश्यक है। इससे क्षेत्रवासियों को सस्ता और सुलभ न्याय मिल सकेगा। इस अवसर पर महेश, विजय महर्षि, अर्जुन, रामकृष्ण, अमित, राहुल, रामपाल, समीक गंगावत, नरेंद्र शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद, कैलाश, दाताराम, महेंद्र उर्फ मारुति, सचिन, नेतराम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### खाटू धाम के लिये 41 वीं ध्वज पद यात्रा रवाना

**कोटपूतली।** राजमार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर से बुधवार को श्री श्याम शक्ति मण्डल कोटपूतली ट्रस्ट के तत्वाधान में 41 वीं अखंड ज्योत व निशान पद यात्रा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ रवाना हुई। पद यात्रा को पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने पूजा अर्चना कर, ज्योत जलाकर व श्री श्याम ध्वज दिखाकर रवाना किया।

पद यात्री श्री श्याम बाबा की झांकी रथ के साथ खाटू नरेश के जयकारों और भजनों के साथ नाचते गाते हुये रवाना हुये। स्थानीय मंडल के कलाकारों द्वारा यात्रा में भजनों की प्रस्तुति दी गई। पद यात्रियों द्वारा मंदिर प्रांगण से कस्बे के मुख्य मार्गो से गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का जगह-जगह क्षेत्रवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। महामंत्री मनोज दीवान व रमेश जिंदल ने बताया कि मण्डल द्वारा यात्रियों के लिये रास्ते में भोजन, पानी, विश्राम की व्यवस्था की गई है। पद यात्रियों का प्रथम पड़ाव होटल शकुंत रिसोर्ट पावटा, दूसरे दिन त्रिवेणी धाम, तीसरे दिन महरौली, चौथे दिन पद यात्री श्री श्याम खाटू धाम में निशान चढ़ायेगें। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामलाल बंसल, उपाध्यक्ष ख्यालीराम सैनी, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, पूर्व चेयरमैन महेंद्र सैनी, जगन दीवान, रमेश जिंदल, जितेन्द्र जोशी, रजत जिंदल, विश्वनाथ सोनी, विजय गोयल, महेश बंसल, मनोज दीवान, हीरालाल सैनी, ख्यालीराम सैनी, जगदीश सैनी, कैलाश सैनी, दिलीप मित्तल, कमल गुप्ता, पवन मोरीजावाला,सीताराम अग्रवाल, गोविंद बिदाणी, सियाराम शर्मा, घनश्याम शर्मा (बब्बल), घनश्याम अथोनिया, सोनू लाडला, अरविंद सैनी, महेंद्र सैनी, भीम सैनी, बाबूलाल सैनी, राजू सैनी, श्रीराम सैनी, करण सवाईका, मुकेश शेखावत समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

# शुभकामना समारोह तथा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन


राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाएं को सम्मानित किया।

**टोंक।** सैंट सोल्जर महिला महाविद्यालय में शुभकामना समारोह तथा प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाविद्यालय में तीन वर्षो में जिन छात्राओं ने विविध गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया उनके सम्मान और तृतीय वर्ष की छात्राओं में से मिस फेयरवेल के चुनाव रहा।

सैंट सोल्जर महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रिया सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना सी.एल.मीणा एवं सैंट सोल्जर शिक्षा समिति के निदेशक बाबूलाल शर्मा तथा प्रबंध निदेशक हितेश शर्मा नें माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जूनियर छात्राओं द्वारा सीनीयर छात्राओं को शुभकामनाएँ दी गई। इसी बीच मिस फेयरवेल हेतु नामित हुई 12 छात्राओं के मध्य एक्टिविटी राउण्ड, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी व अभिव्यक्त कौशल परख प्रतियोगिताओं के अलग-अलग तीन राउण्ड करवाये गये।

जिसमें बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्रा प्रगति शर्मा नें सर्वाधिक अंक अर्जित करते हुये सत्र 2024-2025 का मिस फेयरवेल खिताब जीता। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी.एल. मीणा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के 240 घण्टे कार्य पूर्ण करने वाली स्वय सेविकाओ को विविध प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में सी.एल.मीणा ने कहा कि हमें अपनी स्वंय सेविकाओं पर गर्व है। आपके राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों की जानकारी मुझे समय-समय पर मिलती रहती है और मुझे प्रसन्नता है कि आपका प्रदर्शन काफी सराहनीय है।

### बैठक आयोजित

**बौंली- बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर 5 मई 2025 को जानकी नवमी पर वैष्णव ब्राह्मण सेवा संस्थान सवाई माधोपुर के तत्वावधान में आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी को लेकर खेड़ापति बड़े बालाजी बौंली के सभागार में बैठक आयोजित की गई। वैष्णव ब्राह्मण समाज के उपखंड स्तरीय प्रवक्ता सूरजमल वैष्णव ने बताया कि बैठक में वैष्णव समाज सवाई माधोपुर के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र वैष्णव, सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष श्यामलाल वैष्णव, संरक्षक मुरारी लाल वैष्णव पूर्व सरपंच के सानिध्य में विचार विमर्श बैठक आयोजित की गई।

## एमनेस्टी योजना की जानकारी दी

**अलवर।** अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ललित कुमार गुप्ता एवं जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज ने आज ट्रांसपोर्ट नगर में यूनियन के पदाधिकारियों व ट्रांसपोट्रस व्यवसासियों की बैठक लेकर एमनेस्टी योजना के तहत दी जा रही छूट आदि रियायतों की जानकारी दी। बैठक में अधिकारियों ने वाहन स्वामियों को राहत देने के लिए एमनेस्टी योजना के तहत ई-रवन्ना ओवरलोडिंग चालानों में भारी छूट, नष्ट हो चुके वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्रा निरस्तीकरण की सुविधा और पुराने बकाया कर पर नई पैनल्टी दरें, खनिज विभाग से प्राप्त ई-रवन्ना के तहत ओवरलोडिंग के मामलों में बनाए चलानों में 95 प्रतिशत की छूट के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने वाहन स्वामी एवं यूनियन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया।


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-7/2024/डी-336 दिनांक-25.02.2025
**आम सूचना** सर्व साधारण कोसूचित किया जाता है कि श्रीमती कौशल्या पुनिया पत्नी स्व. श्री महादेव पुनिया द्वारा श्री महादेव पुनियां पुत्र चौ. रामलाल के पक्ष में जविप्रा द्वारा जारी लीजडीड, साईट प्लान, मूल लीजधारक का मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना चित्रकूट, जयपुर की दुकान संख्या 8/46 का नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में जारी करने हेतु ऑनलाईन आवेदन संख्या 196227 किया गया है। उक्त दस्तावेजात के आधार पर दुकान संख्या 8/46 योजना चित्रकूट, जयपुर का नाम हस्तान्तरण आवेदिका के पक्ष में जारी करने में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में प्राधिकरण के कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-218-डी, में दर्ज करावें। 07 दिवस की अवधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदिका के पक्ष में नियमानुसार जाँच पश्चात नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जावेगा।
उपायुक्त जोन-7, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री सुरेन्द्र कुमार सोनी पुत्र श्री रामगोपाल सोनी एवं श्रीमती ज्योति सोनी पत्नि श्री सुरेन्द्र कुमार सोनी निवासी 50, जयनगर रोड नम्बर-2, के सामने, सीकर रोड, विश्वकर्मा इण्डस्ट्रीयल एरिया जयपुर राजस्थान द्वारा अपनी पुत्री श्री सोनी को जो कि मेरे अभिभाष्यगण के कहे में न होकर अन्य के बहकावे में है तथा मेरे अभिभाष्यगण व परिजनों के इच्छा के विरूद्ध जाकर विवाह कर अन्यत्र निवास कर रही है उसकी इस हरकत से तंग आकर मेरे अभिभाष्यगण ने श्री सोनी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति सहित सभी अधिकारों से बेदखल कर दिया हैं। मेरे अभिभाष्यगण की चल व अचल सम्पत्ति में श्री सोनी का कोई अधिकार या हित नहीं रहा है ना ही मेरे अभिभाष्यगण या उसके परिवार से अब श्री सोनी का किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध रहा है जो कोई भी श्री सोनी से किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन या सव्यवहार करता है तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। सूचित रहे।
दिनांक-05.03.2025 (राजेश कुमार शर्मा) एडवोकेट मो. 9929821422

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-7/2024/डी-335 दिनांक-25.02.2025
**आम सूचना** सर्व साधारण कोसूचित किया जाता है कि श्रीमती कौशल्या पुनिया पत्नी स्व. श्री महादेव पुनिया द्वारा श्री महादेव पुनियां पुत्र चौ. रामलाल के पक्ष में जविप्रा द्वारा जारी लीजडीड, साईट प्लान, मूल लीजधारक का मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना चित्रकूट, जयपुर की दुकान संख्या 8/48 का नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में जारी करने हेतु ऑनलाईन आवेदन संख्या 196218 किया गया है। उक्त दस्तावेजात के आधार परदुकान संख्या 8/48 योजना चित्रकूट, जयपुर का नाम हस्तान्तरण आवेदिका के पक्ष में जारी करने में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में प्राधिकरण के कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-218-डी, में दर्ज करावें। 07 दिवस की अवधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदिका के पक्ष में नियमानुसार जाँच पश्चात नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जावेगा।
उपायुक्त जोन-7, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-7/2024/डी- दिनांक-
**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कौशल्या पुनिया पत्नी स्व. श्री महादेव पुनिया द्वारा श्री महादेव पुनियां पुत्र चौ. रामलाल के पक्ष में जविप्रा द्वारा जारी लीजडीड, साईट प्लान, मूल लीजधारक का मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना चित्रकूट, जयपुर की दुकान संख्या 8/47 का नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में जारी करने हेतु ऑनलाईन आवेदन संख्या 196225 किया गया है। उक्त दस्तावेजात के आधार परदुकान संख्या 8/47 योजना चित्रकूट, जयपुर का नाम हस्तान्तरण आवेदिका के पक्ष में जारी करने में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में प्राधिकरण के कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-218-डी, में दर्ज करावें। 07 दिवस की अवधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदिका के पक्ष में नियमानुसार जाँच पश्चात नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जावेगा।
उपायुक्त जोन-7, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/जोन-9/2025/डी-892 दिनांक-04.03.2025
**आम सूचना** निजी खातेदारी की योजना बैंक कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 47 क्षेत्रफल 138.88 वर्ग गज की लीजडीड श्रीमती पुष्पा भण्डारी पत्नी श्री शान्ति लाल भण्डारी के नाम से दिनांक 26.08.2008 को जारी की गयी है। तत्पश्चात श्रीमती पुष्पा भण्डारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23.05.2011 के द्वारा लतिका वशिष्ट पुत्री श्री ओम दत्त वशिष्ट को कर दिया गया। तत्पश्चात लतिका वशिष्ट उक्त भूखण्ड को जरिये रजिस्टर्ड गिफ्टडीड दिनांक 30.04.2012 के द्वारा श्री ध्रुव वशिष्ठ श्री एवं ध्रुव वशिष्ठ पुत्र श्री ओम दत्त वशिष्ठ द्वारा भूखण्ड संख्या 47 क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज एवं भूखण्ड संख्या 48 क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज कुल क्षेत्रफल 277.76 वर्गगज का संयुक्त रूप से बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 22.03.2022 के द्वारा श्री रामअवतार मीना पुत्र श्री रामजी लाल मीना को कर दिया गया। तत्पश्चात श्री रामअवतार मीना द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 47 क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24.01.2025 के द्वारा श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री नवल किशोर मीना को कर दिया गया। आवेदिका श्रीमती विमला देवी द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 47 का नाम हस्तान्तरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड लीजडीड जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। अतः प्रार्थीया को निजी खातेदारी की योजना बैंक कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 47 का नाम हस्तान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जानी है। इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अधीन प्रस्तुत करें अन्यथा नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर

सार्वजनिक विज्ञप्ति **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्र.: जविप्रा/उपा. जोन-9/2025/डी-835 दि.: 28.02.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राजश्री मीना पत्नी श्री सुरेश कुमार मीना द्वारा निजी खातेदारी योजना रॉयल एनक्लेव के भूखण्ड संख्या ए-177 क्षेत्रफल 138.88 वर्ग गज का नाम हस्तान्तरण करने हेतु ऑन लाईन आवेदन पंजीयन संख्या 98670 दिनांक 15.03.2022 द्वारा निवेदन किया गया है। निजी खातेदारी योजना रॉयल एनक्लेव के भूखण्ड संख्या ए-177 क्षेत्रफल 138.88 वर्ग गज की लीजडीड श्री सुमित जसवानी पुत्र श्री रुप कुमार जसवानी के पक्ष में जारी की गयी थी। श्री सुमित जसवानी द्वारा उक्त भूखण्ड का मुख्त्यारआम दिनांक 05.06.2024 को कनिष्का बिजनेस सेन्टर प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री अमित गोधा पुत्र श्री अनिल कुमार गोधा को नियुक्त किया गया। कनिष्का बिजनेस सेन्टर प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री अमित गोधा पुत्र श्री अनिल कुमार गोधा बहैसियत मु.आम द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.04.17 को श्री सचिन गुप्ता पुत्र श्री कन्हैया लाल गुप्ता को किया गया है। तत्पश्चात श्री सचिन गुप्ता द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र श्रीमती राजश्री मीना पत्नी श्री सुरेश कुमार मीना को किया गया है आदि अपलोड किये गये हैं। उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
उपायुक्त जोन-9 जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-13/2025/डी- दिनांक-
**विज्ञप्ति** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में जविप्रा की आवासीय योजना ट्रांसपोर्ट नगर के भूखण्ड संख्या ए-1/सी-95 क्षेत्रफल 288.00 वर्गमीटर की जारी करने हेतु श्री संजय सिंह नेहरा पुत्र श्री घडसीराम द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ पहचान पत्र, जविप्रा द्वारा जारी लीजडीड की प्रति, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सजरा प्रमाण पत्र की छायाप्रति के आधार पर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदित भूखण्ड की लीजडीड जविप्रा द्वारा दिनांक 22.08.2017 को श्री बिरदा पुत्र श्री उदाराम के पक्ष में जारी की गयी थी। संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर लीजधारक श्री बिरदा की मृत्यु दिनांक 15.01.2021 को हो चुकी है। मृतक की पत्नी श्रीमती प्रभाती की मृत्यु दिनांक 09.04.2007 को हो चुकी है। संलग्न कुर्शीनामा, शपथ पत्र के आधार पर मृतक के कुल 3 वारिस है। 1. गिरिराज प्रसाद गुर्जर 2. शंकर लाल गुर्जर 3. हीरा गुर्जर हैं। श्री गिरिराज प्रसाद गुर्जर, श्री शंकर लाल गुर्जर, श्रीमती हीरा गुर्जर द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरियेर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26.12.2024 को श्री संजय सिंह नेहरा पुत्र श्री घडसीराम को बेचान किया गया है। अतः आवेदन पत्र के साथ पहचान पत्र, जविप्रा द्वारा जारी लीजडीड की प्रति, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सजरा प्रमाण पत्र की छायाप्रति के आधार यदि किसी संस्था/व्यक्ति/हितधारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति जोन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा 7 दिवस पश्चात भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण/लीजडीड जारी की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-13, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)
(राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)
क्रमांक एफ-6 () उपा. राज.-द्वितीय (सा.प्र.) / ननिज./2025/1122 दिनांक-04/03/2025
**सार्वजनिक सूचना**
मूल भूखण्ड संख्या एस-22, बापू नगर, जयपुर का नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा श्री सूरज नारायण भट्ट के नाम से क्षेत्रफल 196.6 वर्गगज भूमि का आवंटन किया गया था। दिनांक 03.03.1994 को जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा व्यावसायिक शोरूम भूखण्ड संख्या 22, योजना मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर क्षेत्रफल 196.6 वर्गगज श्री घनश्याम कृष्ण नागर पुत्र स्व० श्री रघुनाथ नागर के नाम से नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किया गया। दिनांक 31.12.2001 को श्री घनश्याम कृष्ण नागर की मृत्यु हो गई। दिनांक 17.09.2021 को 1. श्रीमती सौदामिनी नागर पत्नी श्री श्याम बिहारी शर्मा 2. श्रीमती स्नेलता भट्ट पत्नी श्री बालस्वरूप भट्ट पुत्रियान स्व० श्री घनश्याम कृष्ण नागर जरिये मुख्त्यारखास श्रीमती सौदामिनी नागर पत्नी श्री श्याम बिहारी शर्मा द्वारा भूखण्ड संख्या एस-22, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर में से अपना-अपना 1/5-1/5 हिस्सा 1. श्री आनन्द कृष्ण नागर 2. श्री राजेन्द्र कृष्ण नागर 3. श्री दया कृष्ण नागर पुत्रान् स्व० श्री घनश्याम कृष्ण नागर के पक्ष में हकत्याग किया गया। दिनांक 23.02.2022 को श्री राजेन्द्र कृष्ण नागर की मृत्यु हो गई। दिनांक 03.10.2022 को श्री दया कृष्ण नागर पुत्र स्व० श्री घनश्याम कृष्ण नागर द्वारा भूखण्ड संख्या एस-22, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर का अपना मुख्त्यारआम अपनी बहन श्रीमती सौदामिनी नागर पत्नी श्री श्याम बिहारी शर्मा को नियुक्त किया गया। दिनांक 30.03.2024 को 1. सुश्री मानसी नागर पुत्री स्व० श्री राजेन्द्र कृष्ण नागर 2. श्री अमित नागर पुत्र स्व० श्री राजेन्द्र कृष्ण नागर द्वारा भूखण्ड संख्या एस-22, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर में से अपना-अपना 1/9-1/9 हिस्सा श्रीमती रीता नागर पत्नी स्व० श्री राजेन्द्र कृष्ण नागर (इस प्रकार उक्त भूखण्ड के 1/3 हिस्सा पर काबिज) के पक्ष में हकत्याग किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत नाम हस्तान्तरण पत्र, प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र, पॉवर ऑफ अटॉर्नी, अण्डरटेकिंग एवं अन्य रंगीन दस्तावेजों के आधार पर उक्त व्यावसायिक भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा 1. श्री आनन्द कृष्ण नागर 2. श्री दया कृष्ण नागर पुत्र स्व० श्री घनश्याम कृष्ण नागर 3. श्रीमती रीता नागर पत्नी स्व० श्री राजेन्द्र कृष्ण नागर के पक्ष में क्षेत्रफल 196.6 वर्गगज का पट्टा जारी किया जाना है। इस पट्टा जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व- द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त (राजस्व -द्वितीय) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 16/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री नितिन तलसेरा ने पंजीकृत प्रन्यास राजधानी फाउण्डेशन ट्रस्ट 22, सत्या विहार, लाल काली जैन ईएनटी अस्पताल के पास, जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 111 जयपुर 2010 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास के बेहतर संचालन हेतु डा. राकेश कुमार को नवीन प्रन्यासी नियुक्त कर उनका नाम प्रन्यास रिकार्ड दर्ज अभिलेख किये जाने किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 04.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 09.04.2025
मोहर अदालत सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

**न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.) दूदू जिला जयपुर**
क्रमांक/भू.अ./2025/506 दिनांक-05.03.2025
**आम सूचना**
जरिये प्रार्थना पत्र प्रार्थी धन्ना पुत्र भूरा जाति दरोगा निवासी कचनारिया तहसील दूदू का खातेदार भूरा पुत्र चतुर्भूज जाति दरोगा निवासी कचनारिया तह. दूदू द्वारा दिनांक 09.04.2007 को उपपंजियक कार्यालय मौजमाबाद में निष्पादित वसीयत के आधार पर ग्राम कचनारिया के खाता सं. 127 कुल किता 21 रकबा 11.40 हैक्ट. में हिस्सा 1/2 व खाता संख्या 205 किता 09 रकबा 4.60 हैक्टे. हिस्सा सम्पूर्ण व खाता संख्या 206 किता 01 रकबा 0.67 हैक्टे. हिस्सा सम्पूर्ण व खाता संख्या 325 किता 03 रकबा 3.30 हैक्टे. हिस्सा 1/4 में मृतक खातेदार के बजाय दुर्गालाल, धन्ना, रामचन्द्र पि. भूरा जाति दरोगा निवासी कचनारिया तहसील दूदू के पक्ष में विरासत का नामान्तरण खोलने की कार्यवाही कार्यालय हाजा में प्रकरण संख्या 10/2024 अन्तर्गत धारा 135(2) राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 विचाराधीन हे।
व्रसीयतकर्ता खातेदार भूरा पुत्र चतुर्भूज जाति दरोगा निवासी कचनारिया तह. दूदू की दिनांक 15.02.2023 को मृत्यु हो चुकी हे। अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उक्त वसीयत के आधार पर नामान्तरण खोले जाने पर किसी व्यक्ति कोकोई आपत्ति/दावा/हक अथवा अन्य कोई वसीयत हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में स्वयं अथवा प्लीडर के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जायेगा। सूचित रहे।
तहसीलदार (भू.अ.) दूदू जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय MACT क्रम-1 जयपुर महा. जयपुर
जालमीन विरुद्ध मो. अजीम
वाद/प्रार्थना पत्र क्लेम
प्रार्थना-पत्र संख्या - 181/सन् 2018
नाम सलमान पुत्र अनवर खान जाति मुसलमान पता नि. 24, 22 गोदाम नन्दपुरी कच्ची बस्ती, जयपुर सोडाला, जयपुर
उक्त प्रार्थीया ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 07 माह 04 सन् 2025 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 03 माह 03 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कीमुद्रा लगाकर दी गई। मोहर अदालत
रीडर
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण क्रम सं.1, जयपुर महानगर द्वितीय जयपुर (राज.)

**कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला-अजमेर (राज.)**
क्रमांक / नपकि / स्टोर / 2025 / 497 दिनांक :- 04 / 03 / 2025
**ई-निविदा सूचना संख्या - 14/2024-2025/स्टोर**
नगर परिषद किशनगढ़ कार्यालय में रोशनी व्यवस्था सुचारू करने बाबत् 140 केवी डीजी सेट कय एवं स्टोलेशन सहित सम्पूर्ण कार्य हेतु सामग्री क्रय / सेवाओं में अधिकृत कम्पनी अथवा अधिकृत डीलर से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योर्मेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन दर संविदा हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 06.03.2025 को प्रातः 09.00 बजे से तथा प्राप्त करने की दिनांक 17.03.2025 को सायं 06.00 बजे तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
यूबीएन नं. DLB2425A6064
राज.संवाद / सी / 24 / 12683 सभापति आयुक्त

**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**
**बोर्ड परीक्षा-2025 के सत्रांक ऑनलाईन भरने बाबत्**
उच्च माध्यमिक, माध्यमिक, वरिष्ठ उपाध्याय, प्रवेशिका एवं व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा 2025 के नियमित परीक्षार्थियों के सत्रांक विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन दिनांक 07.03.2025 से 05.04.2025 तक बोर्ड वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर "Online Sessional Main Exam-2025" लिंक पर भरे जायेंगे। सत्रांक भरने सम्बन्धित प्रक्रिया एवं निर्देश उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं इनका भली-भांति अध्ययन कर सत्रांक भरने की कार्यवाही करे। सत्रांक अपलोड करने के पश्चात् इसकी हार्ड कॉपी प्रिन्ट कर सुरक्षित रखें, बोर्ड को प्रेषित नहीं करें। निर्धारित अवधि तक सत्रांक नहीं भरने अथवा भरकर लॉक करने के पश्चात् कोई त्रुटि सुधार करने के लिए दिनांक 12.04.2025 तक विलम्ब/संशोधन शुल्क रू. 50/- प्रति परीक्षार्थी (सम्पूर्ण विषय) अधिकतम रू 5000/- प्रति विद्यालय प्रति परीक्षा एवं इसके पश्चात् दिनांक 19.04.2025 तक दुगुने विलम्ब/संशोधन शुल्क रू.100/- प्रति परीक्षार्थी (सम्पूर्ण विषय) अधिकतम रू. 10000/- प्रति विद्यालय प्रति परीक्षा ई-मित्र पर जमा करवाकर ऑनलाईन सत्रांक भरने/संशोधन किया जा सकेगा। सभी शाला प्रधानों से अनुरोध है कि सर्वर आदि की समस्याओं के दृष्टिगत अन्तिम तिथियों का इन्तजार किये बिना सत्रांक शीघ्र ऑनलाईन प्रस्तुत करें।
सचिव

## संक्षिप्त

### ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित

**बौंली-बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर 5मई 2025 जानकी नवमी पर वैष्णव ब्राह्मण सेवा संस्थान सवाई माधोपुर के तत्वावधान में आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी को लेकर बुधवार को खेड़ापति बड़े बालाजी बौंली के सभागार में वैष्णव ब्राह्मण समाज की उपखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में वैष्णव ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र वैष्णव, सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष श्यामलाल वैष्णव, संरक्षक मुरारी लाल वैष्णव पूर्व सरपंच एवं सवाई माधोपुर जिले के पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ वैष्णव सहित अनेको पदाधिकारी उपस्थित थे। बौंली उपखंड वैष्णव समाज के प्रवक्ता सूरजमल वैष्णव ने बताया कि आयोजित बैठक में 5 मई 2025 को जानकी नवमी पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बौंली उपखंड स्तरीय संयोजक पद पर हनुमान प्रसाद वैष्णव बागडौली व सहसंयोजक पद पर घनश्याम वैष्णव गोलपुर को सर्वसम्मति से चुना गया है। बैठक के दौरान समाज सुधारक सहित अनेको प्रकार के विचार विमर्श किए गए। बैठक में सवाई माधोपुर जिले के अलावा बौंली एवं मित्रपुरा तहसील के वैष्णव समाज के लोग उपस्थित थे।

### साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन

**कोटपूतली।** महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला अधिकारिता द्वारा बुधवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक स्तर पर अमाई स्थित परियोजना के सभा हॉल में किया गया। सुपरवाईजर किरण धुवां ने विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया। जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, भ्रुण हत्या, महिला सुरक्षा आदि पर विशेष प्रकाश डाला गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी कीर्ति बरोलिया ने कहा कि शिक्षा से समाज की बेटियां आत्मनिर्भर बनेगी। जिससे वे अपने परिवार और ससुराल दोनों की देखभाल कर सकेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार शर्मा, पूनम यादव, गिरिराज यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान ग्रामीण साथिन समेत अनेक महिलायें उपस्थित रही।

### सप्लाई बाधित

**सांभरझील, (निसं)।** यहां चारभुजा नाथ मंदिर के पास स्थित विद्युत निगम के पोल पर लगे स्प्रिंग लोडेड बॉक्स में आज सुबह करीब 9:15 बजे अचानक आग लग गई। तेज धमाके के साथ स्प्रिंग लोडेड बॉक्स (केबल बॉक्स) में आग लग गई और खंभे पर आग की वजह से चारों ओर धुएं का गुबार छा गया। आवाज सुनकर आस-पड़ोस के रहने वाले लोग भाग कर आए तो उन्हें विद्युत पोल में आग लगने का पता चला। बताया जा रहा है कि स्प्रिंग लोडेड बॉक्स में पक्षी का घोंसला था जो सूखी घास में बदल चुका था और अचानक शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग पकड़ ली। इससे आसपास के 20 परिवारों की विद्युत सप्लाई बाधित रही जिसे बाद में विद्युत कर्मियों ने करीब 12:30 बजे ठीक कर चालू किया।

### विदाई समारोह आयोजित

**मनोहरपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडी में कक्षा 12 का विदाई समारोह मनाया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को स्टाफ द्वारा चूरमा दाल बाटी खिलाया गया। और भामाशाह मोहन लाल कुड़ी द्वारा सभी बच्चो को 11000 रुपये की इनाम बांटी गई। प्रधानाचार्य श्री मदन लाल रेगर ने कक्षा 10 और 12 के विद्यार्थियों को परीक्षा में काम आने वाले सफलता के मंत्र बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पदोन्नत प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार रेगर, डॉ राजेश चंद् जितरवाल, शारदा देवी,बोदीलाल जाट, जलालुद्दीन, महेश चंद यादव, रामकिशोर यादव, श्रवण लाल गुर्जर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। यह जानकारी मनीष हरितवाल ने दी।

### शिविर का शुभारम्भ गुरूवार को

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार 06 मार्च को सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया जायेगा। शिविर का आयोजन 06 से 12 मार्च तक किया जायेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकायें शिविर में विभिन्न सेवा कार्यों में भाग लेगें।

# प्रेम सिंह बाजौर ने शहीद सांवरमल स्वामी की मूर्ति का किया अनावरण

**पावटा।** सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर के मुख्य आतिथ्य व ग्राम पंचायत भूरी भड़ाज प्रशासक कैलाश चंद स्वामी की अध्यक्षता में बुधवार को ग्राम भूरी भड़ाज में अमर शहीद सांवरमल स्वामी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान कोटपुतली विधायक हंसराज पटेल, पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, विराटनगर विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पंचायत समिति सदस्य सुमन स्वामी, उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय, जीएल यादव, हरद्वारी स्वामी सहित उपस्थित अतिथियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान आगंतुक अतिथियों ने शहीद वीरांगना मनोहरी देवी को शॉल



शहीद वीरांगना मनोहरी देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं शहीद के भाई रामनिवास, कैलाश स्वामी व उनके पुत्र आदित्य का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रेम सिंह बाजौर ने कहा कि शहीद सांवरमल स्वामी ने सैनिक जीवन में पूरा समर्पण दिया और इस बात पर बल दिया कि उनके परिवार के सदस्य भी सेना में रहकर देश की सेवा करते रहें। सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने कहा कि सेना में जाने के बाद जब फौजी अपनी वर्दी पहनता है, तो निश्चित ही उसे गर्व और आत्मविश्वास महसूस होता है। साथ ही वर्दी हमें अनुशासन भी सिखाती है। इसीलिए हर युवा और ग्रामवासी जब भी शहीद की प्रतिमा के सामने से निकलें

■ इस मूर्ति रूपी विरासत को संजोकर रखें : प्रेम सिंह बाजौर

या यहां आएं, तो याद रखें कि एक सैनिक की ही भांति हमें भी अपने जीवन में आत्मविश्वास और अनुशासन लाना है, तो जरूर आगे बढ़ने का रास्ता मिलेगा। उन्होंने कहा कि ये मूर्तियां हमारी विरासत हैं और हमें इन्हें संजोना है। शहीद सांवरमल स्वामी से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही विशेष अवसरों पर प्रतिमा स्थल पर देशभक्ति के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। वहीं पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि शहीद राष्ट्र की अनमोल धरोहर हैं और हमें शहीदों को पूरा मान सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र वीरों की खान है और यहां के कई सैनिक देश की सरहदों पर भारत मां की सेवा में तैनात हैं। शहीद सांवरमल ने भारत मां की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की बलि दी। उन्होंने कहा कि ऐसे महान देशभक्तों पर हमें न केवल गर्व है, बल्कि युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए तथा सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा करनी चाहिए। वहीं विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड ने कहा कि यहां के वीर जवानों ने हमेशा से दुश्मनों के दांत खट्टे करते हुए उनसे जमकर मुकाबला किया है और गोली पीठ में नहीं बल्कि छाती में खाते हुए अपनी कुर्बानियां दी हैं, जिससे यह साबित होता है कि यहां का जवान बहादुर और निडर है। इस दौरान धर्मसिंह भैंसलाना, महेंद्र फौजी, झाबर फौजी, लालचंद, लीलाराम, कमलेश, प्रकाश, रामवतार स्वामी, बनवारी, गोपाल, राजेंद्र आर्य, राजेंद्र सांखला सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

### मन्दिर में नकबजनी का आरोपी गिरफतार

**सांभरझील।** रेलवे अण्डरपास के पास में स्थित तलाई वाले बालाजी के मन्दिर के ताले तोडकर चढावे की नगदी व पूजन आरती के बर्तन चोरी करने के आरोपी को सांभर पुलिस ने गिरफ्तार किया, पूछताछ के बाद आरोपी से चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया। थाना अधिकारी राजेंद्र यादव ने बताया कि इस मामले में प्रकरण दर्ज हुआ था। वारदात के अज्ञात आरोपीगणों की तलाश कर गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा चोरी की वारदात करने वाले अज्ञात आरोपी की पहचान कर दबिश देकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के कब्जे से प्रकरण में चुराये गये चढावे की नगदी व पूजन आरती के बर्तन बरामद किये गये हैं। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी से अन्य वारदातो के संबंध में गहनता से अनुसंधान जारी है। आरोपी महेन्द्र बावरिया पुत्र गोपीराम जाति बावरिया उम्र 20 साल निवासी श्रीरामपुरा थाना नरैना जिला जयपुर का है।

# बालिका की मौत प्रकरण में दोषी के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल रघुनाथ गढ़ ( रामगढ़) में इमरान खान के घर पुलिस की दबिश के समय एक माह की बालिका की मौत प्रकरण में दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करवाने को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक संजय नयन जी से मिला।

रामगढ़ के रघुनाथ गढ़ में इमरान खान के घर प्रात: छह बजे पुलिस ने दबिश दी तथा दा दबिश के समय इमरान की एक माह की खाट पर सोती बालिका पर पुलिस कर्मी द्वारा पैर रखने से उसकी मौत हो गई। तथा जब पुलिस कर्मियों को बालिका की मौत का पता चला तो वे लोग वहां से भाग निकले, इस घटना की निष्पक्ष जांच की जाए तथा जो लोग इस घटना में गुनहगार हो उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हो ओर नौगांव थाने के सभी कर्मियों को



जिला पुलिस अधीक्षक संजय नयन को ज्ञापन सौंपा।

लाइन हाजिर किया जाए।

अगर पुलिस अधीक्षक द्वारा दो दिन में उचित कारवाही नहीं की गई तो जिला कांग्रेस कमेटी अलवर रामगढ़ सहित जिले के सभी कार्यकर्ताओं के साथ बड़ा जन आंदोलन करेगी तथा उसमें कोई कानून व्यवस्था खराब होती है तो उसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

उसके बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह जी के निर्देशानुसार एक ग्यारह वरिष्ठ कांग्रेस जनों की कमेटी बनाई है जो दिनांक 5.3.25 को रघुनाथगढ़ ( रामगढ़) जाकर पीड़ित परिवार से मिलेगी तथा इस घटना की तथ्यात्मक रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी।

■ कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक संजय नयन जी से मिला

कमेटी में शकुंतला, कृष्ण मुरारी गंगावत जौहरी लाल बलजीत यादवअजीत यादव पुष्पेंद्र धाबाई गफूर खान नसरू प्रधान रिपुदमन गुप्ता अनूप शर्मा रामहेत जाटव को शामिल किया गया है। ज्ञापन देने वालों में योगेश मिश्रा, सफिया खान, आर्यन जुबेर, राजेंद्र पाल, नसरू प्रधान, अजीत, अनूप, रामहेत, दीनबंधु, फिरोज, ऐसाम, सतेंद्र, नेपाल सिंह,जमशेद, शौकत, जफर, मुनफेड, मुकेश, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

**आमेर।** जयपुर के कूकस स्थित शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंतर्गत इंटर कॉलेज साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जयपुर की डीआईजी प्रीति चंद्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने जोशीले उद्बोधन में युवाओं को स्वप्न देखने और उन्हें पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करने की प्रेरणा दी। डीआईजी प्रीति चंद्रा ने कहा कि युवाओं को अपने जीवन की स्पष्ट योजना बनानी चाहिए, क्योंकि जिस प्रकार एक भवन निर्माण के लिए ब्लूप्रिंट की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए भी एक ठोस योजना एवं कड़ी मेहनत जरूरी है।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत विश्व में सबसे अधिक युवाओं वाला देश है, जहां 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या युवा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को तनावमुक्त वातावरण में उनके भविष्य के सपनों को साकार करने की प्रेरणा देना होना चाहिए।

अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि आज का युवा परंपरागत कृषि



सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ।

से हटकर तकनीकी नवाचारों के माध्यम से आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहा है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भारत तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में सबसे आगे बढ़ रहा है, लेकिन हमें अपने संस्कारों को भी बनाए रखना होगा। एक संस्कारित युवा ही अपराधमुक्त समाज की नींव रख सकता है।

मूल्य शिक्षा एवं नैतिकता को अपनाने से ही समाज में अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ युवाओं को संस्कार और नैतिक मूल्यों की भी शिक्षा लेनी चाहिए। यह शिक्षा उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने और समाज में अपनी भूमिका तय करने में मदद करेगी। इस कार्यक्रम में डीजीएम संजीव उपाध्याय (एसबीआई), एजीएम हेमंत शर्मा (एसबीआई), एजीएम राजकुमार मीना (यूनियन बैंक, जयपुर), अमित गंगवाल (बैंक ऑफ बड़ौदा) एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया कि तकनीकी शिक्षा और संस्कारों का समन्वय ही एक सशक्त एवं विकसित समाज का निर्माण कर सकता है।

### नगर निगम आयुक्त ने किया साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**अलवर ।** जिला कलक्टर के निर्देशन पर अतुल्य अलवर अभियान के तहत आज नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने शहर के विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

नगर निगम आयुक्त नरूका ने स्वर्ग रोड, अग्रवाल धर्मशाला बस स्टैण्ड, रणजीत नगर, ब्रह्मचारी मौहल्ला, राजेन्द्र नगर, रथखाना मौहल्ला एवं अग्रसेन मार्ग स्थित नालों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर नगर निगम के सफाईकर्मियों को नालों की पूर्ण रूप से सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि अतुल्य अलवर अभियान के तहत शहर की नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि स्वर्ग रोड या अन्य जगहों पर नाला सफाई के कार्य को कुशलतापूर्वक किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आमजन से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेकर कहा कि शहर को साफ-सथुरा रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। शहर के नालों व अन्य स्थानों पर कचरा नहीं डाले, डस्बिन का उपयोग करें, घरों व प्रतिष्ठानों में इक-ा होने वाले कचरे को ऑटो टिपर में डालकर क्लीन

■ अतुल्य अलवर अभियान के तहत नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका नआमजन से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेकर कचरा नहीं फैलाने का किया आव्हान

अलवर के संकल्प को साकार करने में अपना सहयोग करें।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश की तर्ज पर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत वर्षा ऋतु से पहले शहर के बडे नालों व नालियों की मशीनों के माध्यम से समुचित सफाई कराई जाएगी जिससे मलबा, गाद या अपशिष्ट नहीं रहेगा तथा जल का प्रवाह निरन्तर बना रहेगा।

साथ ही नालों व नालियों में ठोस अपशिष्टों को रोकने के लिए उपयुक्त दूरी पर स्क्रीन/फिल्टर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नालों व नालियों की बाउंड्री वाल की दरारें व टूटफूट की मरम्मत कार्य भी कराया जाएगा।

# दो दिवसीय सत्यम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में राज्य सरकार के सडक सुरक्षा विभाग एवं डब्ल्यूएचओ तथा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के लिये दो दिवसीय सत्यम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय दोनों महाविद्यालयों तथा राजकीय महाविद्यालय विराटनगर के कुल 50 शिक्षकों को तीन समूहों में विभक्त करके प्रत्येक समूह द्वारा 100-100 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को सडक दुर्घटना तथा जीवन में अन्य दुर्घटनाओं का प्राथमिक उपचार तथा सुरक्षा कैसे करें।

50 प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को दुर्घटनाओं के कारण और निवारण के उपाय बताये गये। प्राचार्य डॉ. आर के सिंह ने सर्वप्रथम सत्यम दल के सभी सदस्यों तथा



कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्राचार्य।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्राचार्य डॉ. आर के सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम हम सभी के लिये आवश्यक है। सडक सुरक्षा विभाग और आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम हो रहा है। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम से प्रशिक्षण लेकर अपने आसपास के दुर्घटना ग्रस्त लोगों को बचाया जा सकता है। यह कार्यक्रम हमें जिम्मेदार नागरिक के दायित्व का स्मरण करवाता है। सत्यम कार्यक्रम के दल के सदस्यों में डॉ. हिमांशी, डॉ. कल्पना, डॉ. शान्वी, निशा बग्गा, रवि जोशी, जगदीश ने कार्यक्रम का परिचय देते हुये इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

साथ ही उपस्थित सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। महाविद्यालय के तीनों समूहों ने कुल 300 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। सभी समूहों के प्रशिक्षित शिक्षकों ने अलग-अलग विषयों का चयन करके विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के उपाय बतायें। सभी समूहों के प्रशिक्षित संकाय सदस्यों ने कार्डिक अरेस्ट, हार्ट अटैक, मिर्गी के दौरे, जलना, डूबना, ब्रैन स्टोक, रेबीज, सर्पदंश, हिट वैव, सडक दुर्घटना आदि अनेक आपात स्थितियों से कैसे निपटा जायें के बारे में विस्तार से बताया तथा सीपीआर कैसे दी जाये के बारे में प्रैक्टिकल करके बताया। विद्यार्थियों के आपातकालीन स्थिति आधारित प्रश्नों का एक पूर्व टेस्ट तथा कार्यक्रम के बाद में प्रशिक्षण के प्रमुख बिंदुओं पर आधारित एक टेस्ट हुआ।

इस दौरान सत्यम टीम के सदस्य ट्रैनर रवि जोशी, डॉ. हिमांशी, डॉ. कल्पना, डॉ. शान्वी, निशा बग्गा, जगदीश ने बीच बीच में डेमो करने मार्गदर्शन किया। सत्यम टीम के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम का निरीक्षण, परीक्षण, मूल्यांकन करते हुये उचित मार्गदर्शन किया। डॉ. शोभा जौहरी ने सत्यम टीम का स्वागत किया।

### खाटू धाम मेले में सेवा कार्य के लिये दल रवाना

**कोटपूतली।** स्थानीय संघ के स्काउटर्स एण्ड रोवर्स के दूसरे दल को खाटू धाम के लिये बुधवार को सचिव रामबीर यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। खाटू धाम में श्री श्याम बाबा के लक्खी मेले में स्काउट दल विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं में सहयोग करते हुये सेवा कार्य करेंगे।

इस मौके पर स्काउट दल को शुभकामनायें दी गई। दल को मेले में श्रेष्ठ सेवायें देने के लिये प्रेरित करते हुये रवाना किया गया। साथ ही स्थानीय संघ कोटपूतली के 02 रोवर्स सहित पर्वतारोही बिजेंद्र सैनी, देवराज कुमावत, कृष्णकांत शर्मा, अशोक कुमार सैनी, बिजेंद्र सैन, अमित सैनी समेत अन्य खाटू धाम में सेवा कार्यो के लिये रवाना हुये हैं। इस मौके पर सीबीईओ भागीरथ सिंह मीणा, एडीसी हंसराज यादव, सहायक सचिव कमलेश कुम्हार व दुर्गा प्रसाद कुमावत, प्रधानाचार्य सजना कुमावत, मुकेश कुमार सैनी, पूरणमल, अजय कुमार शर्मा, निशा सैनी, दीपशिखा कुमावत, मोना सैनी ने स्काउट दल को शुभकामनायें दी।

## सार-समाचार

### 13 वर्षों बाद नारायणपुर सीएचसी को मिला स्त्री रोग विशेषज्ञ

**नारायणपुर।** कस्बे के आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। उनकी नियुक्ति पर ब्राह्मण समाज और भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला, साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 13 वर्षों बाद सीएचसी में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति हुई है, जिससे नारायणपुर उपखंड के लोगों को अब प्रसव और स्त्री रोग संबंधी इलाज के लिए अलवर, कोटपुतली या विराटनगर नहीं जाना पड़ेगा। लंबे समय से स्त्री रोग विशेषज्ञ की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया गया है। ग्रामीणों ने विधायक देवीसिंह शेखावत और चिकित्सा मंत्री का आभार जताते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार बताया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी, वैद्य भवानी शंकर शर्मा, सौरभ शर्मा, मातादीन शर्मा, दिवाकर गौतम, विजेंद्र शर्मा, बलवीर पारीक, कालू जोशी, मनोहर लाल नायक, अशोक शेखावत, धुड़ाराम यादव, मुरारी लाल तिवाड़ी, मोनू शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### कथा का समापन आज

**श्रीमाधोपुर ।** ग्राम मऊ मुख्य बाजार में चल रही भागवत कथा में श्रीकृष्ण के विवाह, महाभारत व कृष्ण सुदामा मित्रता के प्रसंग सुनाए। यज्ञाचार्य कृष्णकांत शास्त्री ने कहा कि श्रीकृष्ण ने नारी जाति का सम्मान करते हुए भौमासुर नाम के राक्षस का वध करके उसके कारागार में बंधक सोलह हजार एक सौ कन्याओं को छुड़ाया ही नहीं वरन उनको सम्मान देकर अपनी पत्नियों के रूप में स्थान देकर उनको संरक्षण दिया। ऊंच नीच जातियों से ऊपर उठकर अनेक मित्रों का सहयोग किया, जिनमें द्वारकाधीश होते हुए भी सुदामा जैसे मित्र के लिए महल छोड़कर नंगे पांव दौड़ पड़े और स्वयं चरणों में बैठकर सुदामा को अपने सिंहासन पर बैठाकर उदाहरण प्रस्तुत किया जिसका यश आज भी लोगों के द्वारा गाया जाता है। एक मार्च से प्रारंभ हुई कथा का 6 मार्च को समापन पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर प्रेम कंवर ,राजेंद्र सिंह, किशोर सिंह, देवेन्द्र सिंह, पुष्प सिंह, पूर्व सरपंच रामू सिंह शेखावत, महावीर सिंह,रामसुख शर्मा, बजरंग तिवारी,केदार शर्मा, शिंभू पारीक,जतन सिंह, राजेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय एनक्यूएएस निरीक्षण शुरू

**फुलेरा ।** कस्बे की जोबनेर सड़क स्थित उपजिला अस्पताल में बुधवार को राज्य स्तरीय निरीक्षण हेतु एनक्यूएएस निरीक्षण के अंतर्गत ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी राज चौधरी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.धर्मेन्द्र भामू , डॉ. तनेजा, डॉ. महिपाल एवं डॉ. राजेश के साथ उक्त संस्था का निरीक्षण किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ.धर्मेन्द्र भामू ने बताया कि एनक्यूएएस का अर्थ राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक है। यह एक कार्यक्रम है। जिसकी शुरुआत वर्ष 2017 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई थी। जिसका उद्देश्य अच्छे प्रदर्शन करने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को पहचानना और मान्यता देना तथा समुदाय में सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता में सुधार करना है। वहीं आगे बताया कि उक्त निरीक्षण के दौरान संस्था के 12 डिपार्मेंट को चेक लिस्ट के द्वारा किया गया। साथ ही आगे बताया कि उपजिला अस्पताल में चेक दो दिवस का होगा। यहां से निरीक्षण के पश्चात केन्द्र की टीम द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पियूष तिवाड़ी, डॉ मनोज बियानी, डॉ. रामबाबू गुर्जर, डॉ. राहुल मित्तल, डॉ. आदित्य राठौड़, दिनेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी रणवीर सिंह राठौड़, स्टोर कीपर प्रवीण वर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### संगोष्ठी का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजपूताना पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में विशेष शिविर के द्वितीय दिवस बुधवार को ष्पोस्ट ऑफिस की जीवन बीमाष विषय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पोस्ट मास्टर एस.एन.बुनकर ने डाक घर की बचत योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हुये योजनाओं से लाभ प्राप्त करने की बात कही। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ. एच.एन. धोलीवाल ने डाक जीवन बीमा व ग्रामीण डाक जीवन बीमा से जुडने के लिये विद्यार्थियों से अपील की। विशिष्ठ अतिथि नांगल पंडितपुरा के ग्रामीण डाक सेवक शेरसिंह सैनी, पोस्टमैन विक्की कुमार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना की स्वयंसेवकों को जानकारी प्रदान की। संचालन कार्यक्रम अधिकारी ताराचन्द सैनी ने किया। इस दौरान उपप्राचार्य उमरावलाल, कार्यक्रम अधिकारी एस.के. शर्मा, नीरू सैनी, सहायक प्रोफेसर संतोष सैनी, राधेश्याम मोरवाल, भारत सैनी, अशोक कुमार, लेखाकार केदारनाथ, कम्प्यूटर ऑपरेटर सचिन सिवोडिया व सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### शोभायात्रा निकाली

**मनोहरपुर।** कस्बे में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित 33वीं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो गंगा माता मंदिर बस स्टैंड से शुरू होकर गांधी चौक तक गई। इस शोभायात्रा में बाबा खाटू श्याम की मनोहारी झांकी सजाई गई, जो आकर्षण का केंद्र बनी रही इस शोभायात्रा का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। भवानी अग्रवाल ने बताया कि यह शोभायात्रा गंगा विहार कॉलोनी बस स्टैंड से गाजे बाजे और आतिशबाजी के साथ रवाना हुई और प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंची। इस दौरान थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा मय जाप्ता के मौजूद रहे और सुरक्षा को लेकर जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात रहे। इस दौरान थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा का व्यापारियों द्वारा सम्मान स्वागत किया। शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया और जलपान, फ्रूट जूस, बिस्कुट आदि वितरित किए गए। यह शोभायात्रा मनोहरपुर के लोगों के लिए एक बड़ा आकर्षण का केंद्र बनी रही और लोगों ने इसे बहुत उत्साह के साथ मनाया।"

### पदयात्रा खाटूधाम के लिए रवाना

**नारायणपुर।** श्री श्याम मित्र मंडल नारायणपुर के तत्वाधान में बुधवार को 40वीं पदयात्रा भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ खाटूधाम के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर के महंत मुन्नादास महाराज के सानिध्य में 31 पदयात्रियों का जत्था बाबा श्याम की अखण्ड जोत, आकर्षक झांकी और श्याम बाबा के जयकारों के बीच सुबह 9 बजे रवाना हुआ। पदयात्रा के दौरान श्रद्धालु डीजे की धुनों पर नाचते-गाते हुए भक्तिमय माहौल में आगे बढ़े। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष राजेश गर्ग ने बताया कि पदयात्रियों के लिए संपूर्ण भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था की गई है। यात्रा बीलवाड़ी, अजीतगढ़, रींगस में विश्राम के बाद चौथे दिन बाबा खाटूश्याम के दरबार में ध्वजा चढ़ाने के साथ संपन्न होगी। इस अवसर पर लक्ष्मणनारायण गर्ग, रामावतार सैनी, कैलाश सैनी, सुभाष जांगिड सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत कोलाहेड़ा से ग्राम जोधपुरा को अलग कर नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार अनिरुद्ध सिंह को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम जोधपुरा राजस्व ग्राम है, जिसकी 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या 2300 हैं, जो अब लगभग 4000 तक पहुंच चुकी है। इतनी जनसंख्या होने के कारण यह नई ग्राम पंचायत बनने के लिए उपयुक्त है। ग्राम पंचायत मुख्यालय कोलाहेड़ा से जोधपुरा की दूरी करीब 3 किलोमीटर है, जिससे ग्रामीणों को प्रशासनिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इस समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने जोधपुरा को अलग ग्राम पंचायत घोषित करने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान पूर्व सरपंच राकेश मीणा, पार्षद पति मुकेश गोठवाल, सरदार सिंह यादव, पूर्व डेलीगेट सुल्तान राम यादव, वार्ड पंच बाबूलाल यादव, अशोक शेखावत, बनवारी लाल, बिहारी यादव, अशोक शर्मा, गिरधारी लाल मीणा, मातादीन शर्मा, गोविंदा यादव, पूरण यादव, रामकुमार यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### निर्वाण महोत्सव मनाया

**चाकसू।** अद्वैत आश्रम हरभावता पर ब्रह्मलीन संत स्वामी हीरानंद महाराज का 60 वां निर्वाण दिवस मनाया जाएगा। श्रद्धालु रमेश सैन हरभावता ने बताया कि अद्वैत आश्रम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद महाराज के सानिध्य में निर्वाण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 मार्च को रात्रि जागरण व 7 मार्च को महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।



भारत के हाथों मिली हार के तुरंत बाद ही अपनी टीम के साथियों को संन्यास लेने के बारे में मैंने बताया। – स्टीव स्मिथ

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



**मनसुख मांडविया**

केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को इटली के ट्यूरिन शहर में आठ मार्च से शुरु होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में शामिल होने वाले 49 सदस्यीय भारतीय दल को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। आज यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित भव्य विदाई समारोह में डॉ. मांडविया ने ट्यूरिन में होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे 30 एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

क्या आप जानते हैं ?... मुरलीधरन ने 495 मैचों में सबसे ज्यादा 1347 विकेट झटके। वह टेस्ट ( 800 विकेट ) और वनडे ( 534 विकेट ) में भी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हुए हैं।

# दक्षिण अफ्रीका को 50 रनों से हराकर न्यूज़ीलैंड चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में

लाहौर, 5 मार्च। रचिन रविंद्र (108), केन विलियमसन (102) की शानदार शतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 50 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। रविवार को फाइनल में न्यूजीलैंड का मुकाबला भारत के साथ होगा।

363 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 20 रन के स्कोर पर अपने रायन रिकलटन (17) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रासी वान दर दुसें ने कप्तान तेम्बा बवूमा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने तेम्बा बवूमा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। तेम्बा बवूमा ने 71 गेंदों में 56 रनों की पारी खेली।



27वें ओवर में सैंटनर ने रासी वान दर दुसें को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को तीसरा झटका दिया। रासी वान दर दुसें ने 66 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (69) रनों की पारी खेली। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे और अपने विकेट गवांते रहे। हाइनरिक क्लासन (तीन), एडन मारक्रम (31), वियान मुल्डर (आठ), मार्को यानसन (तीन), केशव महाराज (एक) और कगिसो रबाडा (16) रन बनाकर आउट हुये। डेविड मिलर अंत तक डटे रहे और आखिरी ओवरों में आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर मैच में रोमांच भरने का प्रयास करते देखे गये।

मिलर ने मैच की आखिरी गेंद पर अपना शतक पूरा किया। मिलर ने 67 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 100)रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 312 रन ही बना सकी और 50 रनों से मुकाबला हार गई। न्यूजीलैंड की ओर मिचेल सैंटनर ने तीन विकेट लिये। मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स (दो-दो), माइकल ब्रेसवेल और रचिन रविंद्र ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

## विलियम्सन ने रचा कीर्तिमान

लाहौर, 5 मार्च। केन विलियमसन ने बुधवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल के दौरान एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। केन विलियमसन ने 94 गेंद में 102 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। लाहौर में खेले जा रहे मुकाबले के दौरान केन विलियमसन इंटरनेशनल क्रिकेट में 19000 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। विलियमसन ने 105 टेस्ट मैचों में 9276 रन, 172 वनडे मैचों में 7149 रन और 93 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 2575 रन बनाए हैं।केन विलियमसन को 19 हजार रन पूरे करने के लिए 27 रनों की जरूरत थी और उन्होंने कुछ ही गेंदों के अंदर इस आंकड़े को छू लिया था। 2010 में न्यूजीलैंड के लिए डेब्यू करने वाले केन विलियमसन के नाम वनडे में 14 शतक हैं। केन विलियमसन न्यूजीलैंड के कप्तान भी रहे। उनकी कप्तानी में न्यूजीलैंड ने 2021 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। वे 2019 वनडे विश्व कप और 2021 टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचे। न्यूजीलैंड ने 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। रॉस टेलर न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 18199 रन बनाए हैं।

## दुबई में खेलने से भारत को मिल रहा फायदा : शमी

दुबई, 5 मार्च। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अभी तक भारतीय टीम का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा है। टीम इंडिया ने लीग मैचों में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। जिसके बाद सेमीफाइनल में उसकी भिड़ंत ऑस्ट्रेलिया से हुए जहां रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को मात देकर फाइनल में जगह बनाई है। वहीं अब इस मेगा इवेंट का फाइनल 9 मार्च को दुबई में ही खेला जाएगा। वहीं टीम इंडिया ने हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई में खेले हैं। जिस कारण कई टीमों ने कहा कि भारत को एक ही वेन्यू में खेलने का फायदा मिल रहा है। अब इस बात को खुद टीम इंडिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी कबूल किया है कि भारत को एक ही वेन्यू पर खेलने का फायदा हुआ है।

## शांत बने रहने से टी-20 में सफलता मिली : रहाणे

मुंबई, 5 मार्च। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू टी20 में मिली सफलता का श्रेय शांत रहते हुए बेखौफ क्रिकेट खेलने को दिया। रहाणे ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पिछले सत्र में 164 . 56 की स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाये जिसमें पांच अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलते हुए भी कामयाबी हासिल की थी। स्किलहब आनलाइन गेम्स फेडरेशन के ब्रांड दूत रहाणे ने कहा ,“ मैं हमेशा पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने की सोचता था। पिछले दो तीन साल से हालांकि मैने आजादी के साथ बेखौफ क्रिकेट खेलने पर जोर दिया।”

## क्रिकेट की गली छोड़ अब फिल्मी गलियारों में नजर आएंगे वॉर्नर

नई दिल्ली, 5 मार्च। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट डेविड वॉर्नर भारत को अपना दूसरा घर मानते हैं, इसे वह कई बार कह चुके हैं। वह बॉलीवुड और टॉलीवुड के बड़े फैन हैं, वह अक्सर सोशल मीडिया पर हिंदी या तमिल गानों पर रील बनाकर शेयर करते हैं। अब उनको लेकर एक पुख्ता खबर आई है, वह टॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। इसका खुलासा खुद एक प्रोड्यूसर ने किया है।डेविड वॉर्नर वेंकी कुदुमुला के निर्देशन में बन रही रॉबिनहुड फिल्म में अपने अभियन करियर की शुरुआत करने जा रहे हैं। एक्शन से भरपूर इस मनोरंजक फिल्म में वॉर्नर कैमियो भूमिका में दिखाई देंगे, जिससे उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। इसकी पुष्टि खुद फिल्म के निर्माताओं में से एक वाई रविशंकर ने की है। उन्होंने एक अन्य फिल्म के प्रचार कार्यक्रम के दौरान इसकी पुष्टि की। निर्माता ने डेविड वॉर्नर को टॉलीवुड में लॉन्च करने को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा किस हम अपने रॉबिनहुड के साथ डेविड वॉर्नर को भारतीय सिनेमा में लॉन्च करके बहुत खुश हैं। निर्माता ने आधिकारिक घोषणा से पहले इस बात का खुलासा करने के लिए निर्देशक वेंकी कुदुमुला से माफी भी मांगी है।

## टेबल टेनिस के दिग्गज शरत ने संन्यास का किया ऐलान

नई दिल्ली, 5 मार्च। भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल भी उसी लिस्ट में शामिल हैं। दो शतक से भी लंबे करियर में उन्होंने देश के लिए कई मेडल जीतें। उन्होंने बुधवार को अपने शहर में और अपने करिबियों की मौजूदगी में संन्यासा का ऐलान किया। शरत ने 5 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। चेन्नई में इसी महीने होने वाला वर्ल्ड टेबल टेनिस स्टार कटेंडर टूर्नामेंट उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। शरत के लिए ये मौका काफी खास है क्योंकि उन्होंने करियर की शुरुआत भी इसी टूर्नामेंट के साथ की थी। डब्ल्यूटीटी प्रतियोगिता यहां 25 से 30 मार्च तक खेली जाएगी। शरत ने कहा कि, मैंने अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला गया था, मैं अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच भी चेन्नई में ही खेलूंगा। पेशेवर एथलीट के तौर पर ये मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा। 2003 में अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीतने के बाद, उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ 10 ये खिताब हासिल किया। 42 साल की उम्र में भी ये खिलाड़ी दुनिया में सबसे ज्यादा रैंक वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। नई रैंकिंग के अनुसार, शतर 42वें स्थान पर हैं। 24 वर्षीय मानव ठक्कर से 18 स्थान ऊपर हैं जो अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं।

## कुछ लोगों को हमेशा होती है शिकायत करने की आदत : गंभीर



दुबई, 5 मार्च। भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के एक ही पिच पर खेल कर अनुचित लाभ लेने को लेकर हो रही चर्चा के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कुछ लोगों को हमेशा शिकायत करने की आदत होती है। गंभीर ने पिच की परिस्थितयों के सवाल के जवाब में कहा, यह हमारे लिए उतना ही सामान्य मैदान है, जितना किसी और टीम के लिए। हमने यहां नहीं खेला है। मुझे याद नहीं कि हम आखिरी बार यहां कब खेले थे। और सच कहूं तो हमने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई थी। योजना यह थी कि अगर आप 15 खिलाड़ियों की टीम में दो मुख्य स्पिनर चुनते हैं, तो चाहे हम पाकिस्तान में या कहीं भी खेलते, हम दो मुख्य स्पिनर ही चुनते क्योंकि यह उपमहाद्वीप में होने वाला टूर्नामेंट था।

उन्होंने कहा, इसलिए ऐसा नहीं है कि हम स्पिनरों का जाल बिछाना चाहते थे। अगर आप देखें तो हमने पहले दो मैचों में केवल एक मुख्य स्पिनर को खिलाया। हमने इस मैच और पिछले मैच में दो मुख्य स्पिनर खिलाए। जहां तक ‘अनुचित लाभ’ की बात है इसके बारे में बहुत बहस हो रही है। हमने यहां एक दिन भी अभ्यास नहीं किया है, हम आईसीसी अकादमी में अभ्यास कर रहे हैं। वहां और यहां की परिस्थितियां बिल्कुल अलग हैं। कुछ लोगों की हमेशा शिकायत करने की आदत होती है, उन्हें अपनी आदत में सुधार लाना चाहिए। मुझे लगता है कि ऐसा कुछ नहीं था कि हमें कोई अनुचित लाभ मिला हो।

## कल्याणी एकेडमी 35 रन से जीती

जयपुर, 5 मार्च। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज इन्सपायर क्रिकेट ग्राउण्ड लालकोठी पर खेले गये पूल-ए के मैच में कल्याणी क्रिकेट एकेडमी ने अखिलेश सिनसिनवार (46 रन. 26 रन पर 2 विकेट) के ऑलराउण्ड प्रदर्शन तथा पुष्पेन्द्र 49 रन नाबाद की बदोलत इन्सपायर क्रिकेट एकेडमी को 35 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। कल्याणी क्रिकेट एकेडमी ने टोस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अखिलेश सिनसिनवार 46 रन पुष्पेन्द्र 49 रन नाबाद, मोहित 24 रन धन्जय 20 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 173 रन बनाये गेंदबाजी में इन्सपायर एकेडमी की ओर से हरि सिंह 38 रन पर 2 विकेट, हिमांशु तिवाडी 26 रन पर 2 विकेट, कृतिन राय 26 रन पर 2 विकेट तथा रजत सिंह व अमन सिंह प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।



## जयपुर ने जीता आरपीसी कप (आउट ऑफ हैट)

जयपुर, 5 मार्च। राजस्थान पोलो ग्राउंड पर बुधवार को खेले गए आरपीसी कप (आउट ऑफ हैट) मैच में टीम जयपुर विजेता बनी। यह मुकाबला टीम जयपुर और आरपीसी के बीच हुआ, जिसमें टीम जयपुर ने 3-2.5 के स्कोर से टीम आरपीसी को हराकर कप जीत लिया। विजेता टीम जयपुर से एलन शॉन माइकल ने 2 गोल और एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने 1 गोल किया। टीम से संजुला मान और लोकेन्द्र सिंह धीरावत भी खेले। वहीं, टीम आरपीसी से रणशय पुरोहित और कुलदीप सिंह राठौड़ ने 1-1 गोल किया। टीम में भावना चौहान/युवराज सिंह और विशाल सिंह राठौड़ भी शामिल थे। टीम आरपीसी को आधे गोल का एडवांटेज मिला।

## प्रियंका हॉस्पिटल डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग सीजन पांच का आयोजन 16 अप्रेल से

जयपुर 5 मार्च, डीपी टीएल लीग पेट्रन डॉ संदीप निझावन ने बताया की पंचम संस्करण डीपीटील का आयोजन 16 से 20 अप्रैल को जय क्लब में आयोजित किया जाएगा ! लीग चेयरमैन डॉ जयंत सेन ने बताया की इस वर्ष सीनियर वर्ग में सोलह टीमें और जूनियर वर्ग में पाँच टीमें भाग लेंगी !इस वर्ष प्रतियोगिता में दबंग /मलंग जोड़ी और एकल प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी !लीग सचिव डा अनिल यादव ने बताया की इस वर्ष आल इंडिया ओपन डबल व सिंगल मैचेज भी आयोजित किए जाएँगे जिसमें राजस्थान के साथ ही देश के अन्य राज्यो से भी चिकित्सक भाग लेंगे । लीग को चेयरमैन डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिया के लिए टीम में खिलाडियों का चयन ट्रायल के द्वारा 23 मार्च और 30 मार्च को होगा व खिलाड़ियों का ऑक्शन 6 अप्रैल को जयपुर में होटल निर्वाणा पैलेस में होगा। लीग कॉर्डिनेटर डॉ ओम मील ने बताया कि इस बार डीबीएल ट्राईओ चैम्पियनशिप का भी आयोजन किया जाएगा ।

## जेडीसीए की बी डिविजन लीग 1 से
### अम्पायर्स व स्कोरर सेमीनार व परीक्षा 15-16 मार्च को



जयपुर, 5 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ की बी डिविजन लीग दिनांक 01 अप्रैल से आयोजित की जायेगी। बी डिविजन लीग कम नॉकआउट आधार पर आयोजित की जाएगी। सभी मैच 50-50 ओवर के खेले जाएंगे। ए डिविजन लीग के प्रदर्शन के आधार पर के. एम. रुंगटा ट्रॉफी का आयोजन 26 मार्च से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए 4 टीमें बनाकर राउण्ड रोबिन लीग आधार पर 3 दिवसीय मैच आयोजित किये जाएंगे।

जयपुर जिला किकेट संघ के द्वारा15 व 16 मार्च को जिला स्तरीय अम्पायर्स व स्कोरर के लिए सेमीनार व परिक्षा आयोजित की जाएगी। जो भी अम्पायर व स्कोरर परीक्षा में शामिल होना चाहते है उनकी उम्र 18 साल से 40 साल के मध्य होनी चाहिए तथा उनको अपना रजिस्ट्रेशन 12 मार्च 2025 तक के. एल. सैनी स्टेडियम पर कराना होगा। जयपुर जिला क्रिकेट संघ से रजिस्ट्र्ड क्लबों के द्वारा जो भी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती है उन सबको जिला संघ से स्वीकृति लेनी होगी। जिला संघ से स्वीकृत प्रतियोगिताओं में ही जिला संघ के रजिस्ट्र्ड खिलाडी भाग ले सकेंगे।

जयपुर जिला किकेट संघ ने आगामी सत्र 2025-26 के लिए चयन समितियों का गठन किया है। जो निम्न प्रकार है। सीनीयर चयन समिति विनोद माथुर (चैयरमैन), गौरव शर्मा, सिधार्थ सर्राफ व पुनित यादव। जूनियर चयन समिति - राहुल कांवट (चैयरमैन), कुलदीप सिंह, सुखविन्द्र सिंह व पंकज गुप्ता। महिला चयन समिति मेघा गौड (चैयरमैन), कोमल चौधरी, आस्था माथुर व भारती वर्मा। उल्लखनीय है कि विनोद माथुर जूनियर चयन समिति में भी विशेष आमंत्रित सदस्य रहेंगे।

# आरसीए अवार्ड कमेटी मीटिंग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवार्ड समारोह की रुपरेखा तय

जयपुर 5 मार्च, आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी मीटिंग में आज दोपहर आरसीए अकादमी पर आयोजित की गयी। मीटिंग में मुख्य रुप से बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 में राजस्थान की विभिन्न आयुवर्ग की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान का नाम रोशन करे वाले खिलाडियों को सम्मानित करने, आरसीए के पूर्व लीजेंड खिलाडियों के योगदान को याद रखते हुए आरसीए अवार्ड की हर आयु वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी अवार्ड को उनके नाम पर देने, हर आयु वर्ग की अवार्ड राशि तय करने, राष्ट्रिय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर देश का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा खिलाडियों हेतु सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर अवार्ड देने सहित राज्य क्रिकेट के संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सर्वगीय वरिष्ठ खेल प्रशासकों को मरणोपरांत लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार देने पर गहन चर्चा की गयी।



आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य रतन सिंह शेखावत के अनुसार राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन दवारा सत्र 2024-25 मे शानदार प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेठ खिलाडियों के आरसीए अवार्ड प्रक्रिया व समारोह हेतु 3 सदस्य कमेटी का गठन किया गया था जिसके सदस्य रतन सिंह शेखावत, विमल शर्मा व हरीश चंद्र सिंह हैं। रतन सिंह शेखावत ने बताया की हमने राजस्थान की पुरुष व महिला चयन समितियों द्वारा चयनित राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थान के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले हर आयु वर्ग के पुरुष व महिला खिलाडियों की सूची को अंतिम रूप देते हुए आरसीए एडहॉक कमेटी को भेज दिया है व आरसीए एडहॉक कमेटी जल्द ही खिलाडियों का नाम घोषित कर उन्हें सम्मानित करेगी। रतन सिंह के अनुसार आरसीए अवार्ड समारोह हेतु वर्तमान में बीसीसीआई के राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा खिलाडियों सहित राजस्थान के सभी पूर्व रणजी कप्तान को आरसीए सर्वश्रेष्ठ खिलाडी अवार्ड समारोह हेतु आमंत्रित करेगी।

आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य हरीश चंद्र सिंह के अनुसार एडहॉक कमेटी सदस्य जल्द ही राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व राज्य के खेल मंत्री, (कैबिनेट) कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ से मुलाकात कर उन्हें आरसीए अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि बनाने व उनकी गरिमामय उपस्तिथि से राज्य के युवा प्रतिभावान खिलाडियों को सम्मानित करने व उनका होंसला बढ़ाने का आग्रह करेंगे। हरीश सिंह के अनुसार मुख्यमंत्री व खेल मंत्री की उपलब्धता के बाद आरसीए अवार्ड समारोह आगमी मार्च माह के अंतिम दोनों में आयोजित किया जायेगा।

# राजस्थान रॉयल्स ने छात्रों के लिए 500 रुपये की टिकट जारी की

## वेन्यू में लाइव संगीत मंच की शुरुआत

जयपुर, 5 मार्च। राजस्थान रॉयल्स ने क्रिकेट को अधिक सुलभ बनाने और फैंस के लिए मैच के दिन के अनुभव को अधिक आसान बनाने के उद्देश्य से कई पहलों की घोषणा की है। रॉयल्स एक बार फिर छात्रों के लिए 500 रुपये के टिकट की पेशकश करेगी, यह सुनिश्चित करते हुए कि युवा फैंस सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल मैचों के रोमांच का अनुभव कर सकें।

मैच के दिन के अनुभव को और बढ़ाने के लिए, राजस्थान रॉयल्स ने मैच वेन्यू पर एक लाइव म्यूजिक स्टेज की शुरुआत करने की भी घोषणा की है, जो राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए लोकल कलाकारों के लिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। यह पहल मैच के दिनों में उत्साह को एक अलग स्तर लाने के लिए तैयार है, जिससे प्रत्येक




क्रिकेट मैच, संगीत और क्षेत्रीय कलात्मकता का एक जीवंत मिश्रण बन जाता है।

राजस्थान रॉयल्स के सीईओ, जेक लश मैकक्रम ने कहा, हमारा ध्यान क्रिकेट को अपने फैंस के लिए अधिक सुलभ, आकर्षक और यादगार बनाने पर है। लाइव म्यूजिक स्टेज की शुरुआत के साथ, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मैच के दिन सिर्फ क्रिकेट से अधिक राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक का उत्सव हो। स्टेडियम और फेंस-केंद्रित पहलों से परे, राजस्थान रॉयल्स राज्य में क्रिकेट प्रतिभा को सामने लाने के लिए अपने प्रयास जारी रखे हुए है। फ्रेंचाइजी क्रिकेट इको सिस्टम को मजबूत करने के लिए राजस्थान खेल मंत्रालय और राजस्थान राज्य खेल परिषद के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राजस्थान उभरती क्रिकेट प्रतिभा और खेल उत्कृष्टता का केंद्र बना रहे।

राजस्थान रॉयल्स के उपाध्यक्ष, राजीव खन्ना ने कहा हम राजस्थान खेल मंत्रालय और राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) के अटूट समर्थन के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हैं, जिनके सहयोग ने राज्य में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। हम साथ मिलकर राजस्थान को न केवल एक प्रमुख क्रिकेट सेंटर के रूप में बढ़ा रहे हैं, बल्कि सभी फेंस के लिए एक अधिक समावेशी और आकर्षक वातावरण को भी बढ़ावा दे रहे हैं। जैसे-जैसे नए सीजन की उम्मीदें बढ़ती जा रही हैं, राजस्थान रॉयल्स ने पुष्टि की है कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ उनके घरेलू मैचों के टिकट अगले सप्ताह लाइव होंगे।

# प्रदेश के खिलाड़ी हमारी प्राथमिकता : राठौड़

## विवादित राज्य खेल संघों पर बनेगी संचालन समिति

जयपुर, 5 मार्च। खेल मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बुधवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेल विभाग की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिन भी राज्य खेल संघों में विवाद चल रहा है, वे अपना विवाद एक महिने की अवधि में निपटा लेवे, अन्यथा उन संघों पर खेल विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से सख्य कार्यवाही करते हुये संचालन समिति का गठन किया जायेगा। यही समिति इन संघों के चुनाव भी करवायेगी। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ी हमारी प्राथमिकता है और हम कभी भी खिलाड़ी को परेशान नहीं होने देंगे। विवाद के चलते सबसे ज्यादा नुकसान खिलाड़ी को हो रहा है, हम उन्हें अनुदान नहीं दे पा रहे हैं। खिलाडि़यों के हितार्थ सभी विवादित खेल संघ अपना विवाद समाप्त करें। प्रदेश में लागू स्पोट्र्स एक्ट-2005 की अक्षरश: पालना करवाई जायेगी और इस बाबत रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थायें-राजस्थान को भी पत्र लिखा जा रहा हैं। बैठक में शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग तथा अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् डा. नीरज के. पवन, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के सचिव राजेंद्र सिंह तथा युवा मामले एवं खेल विभाग की वरिष्ठ लेखाधिकारी नीलम राठौड़ भी मौजूद थी।



# खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह ने क्रिकेट एकेडमी की बाउंड्री पर चौके-छक्कों का निशाना साधा

## नन्हें क्रिकेटर ने खेलमंत्री को आउट किया

जयपुर, 5 मार्च। स्पोर्ट्स कौंसिल की क्रिकेट एकेडमी पर प्रेक्टिस कर रहे लड़के लड़कियों की खुशी का ठिकाना नही रह जब क्रिकेटरों ने खेलमंत्री को बैटिंग के लिए तैयार होते देखा। खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह को नेट पर क्रिकेटरों ने बोलिंग करवाई। खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह ने क्रिकेट एकेडमी की बाउंड्री पर चौके-छक्कों का निशाना साधा। खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह को एक नन्हे क्रिकेटर ने बोल्ड कर दिया। इस पर खेलमंत्री ने उसे गोद मे लेकर हवा में उछाल दिया और नन्हे क्रिकेटरों की टीशर्ट ओर बल्लों पर अपने ऑटोग्राफ भी दिए। वही राजस्थान रॉयल के सीईओ ओर राजीव खन्ना से भी मुलाकात की।

खेलमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि भारत मे जो ओलंपिक के लिए स्कीम है उसे राजस्थान में भी क्रियान्वित कर रहे है। जहां राजस्थान के चुनिंदा खिलाड़ियों को आर्थिक समर्थन देंगे। खिलाड़ियों को कोचिंग, ट्रैवल, स्पोर्ट्स के लिए इक्यूपमेंट ओर भी सुविधाओं के लिए पैसा दिया







जायेगा। क्रिकेट एकेडमी को डवलप किया जाएगा। यहां पर अंधेरा होने पर प्रैक्टिस नही हो पाती है। इसलिए पूरे ग्राउंड में फ्लड लाइट लगाई जायेगी ताकि रात में भी खिलाड़ी प्रैक्टिस कर सके।

दूसरा राजस्थान में गर्मी ज्यादा पड़ती है और धूप में भी प्रैक्टिस नही हो पाती है। एकेडमी में लड़के और लड़कियां खेलती हैं ओर अब बारिश का मौसम आने वाला है। इससे बचने के लिए इंडोर स्टेडियम में पांच लेन की क्रिकेट प्रैक्टिस की व्यवस्था करवाई जायेगी। जहां बोलिंग मशीन भी मंगवाई जायेगी। राजस्थान के हित ओर खिलाड़ियों को कोई भी नुकसान न हो, खिलाड़ियों को खेलने के अवसर मिले इसके लिए जो भी प्रशासनिक कदम उठाने है स्पोर्ट्स कॉउंसिल उठाएगी।

# ‘सवा साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ’

## जयपुर देहात (दक्षिण) के नागरिकों ने मुख्यमंत्री भजनलाल का बजट सौगातों के लिए आभार जताया

जयपुर, 5 मार्च। बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के आभार प्रदर्शन के लिए जयपुर देहात (दक्षिण) से आए प्रतिनिधिमंडल की आभार सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास प्रदेश की प्रगति और समृद्धि की आधारशिला है। इस बजट में ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, कृषि, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अनेक प्रावधान किए गये हैं।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि जयपुर के विस्तार के साथ, आस-पास के इलाकों में सुख-सुविधाओं के विस्तार के लिये बजट में अनेक प्रावधान किये गये हैं।**



*जयपुर देहात (दक्षिण) की ओर से आए प्रतिनिधिमण्डल ने बजटीय घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर आमजन ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट किसानों को आगे रखते हुए बनाया गया है। युवाओं के लिए भी सवा लाख पदों पर सरकारी भर्तियां और डेढ़ लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध् कराए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय हुए पेपरलीक प्रकरणों से राज्य का युवा परेशान था। हमने आते ही इन प्रकरणों में लिप्त अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की। हमारे सवा साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे अपराध मुक्त राजस्थान की दिशा में उठाए गए कदमों से राज्य में गैंगवार और अपराध भी कम हुआ है।

शर्मा ने कहा कि हमने प्रदेश में पानी और बिजली को प्राथमिकता पर रखा। बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ठोस कार्य योजना पर काम कर रही है। हमारी सरकार वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के साथ ही, राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर का विस्तार होने के साथ ही, इसके आसपास के इलाकों का भी तेजी से विकास किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुख-सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट में अनेक प्रावधान किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान ‘एक ही लाल, भजनलाल भजनलाल’ और ‘दमदार मुख्यमंत्री, दमदार फैसले’ जैसे नारों से पूरा पाण्डाल गुंजायमान हो उठा तथा लोगों ने अभूतपूर्व बजटीय घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का तहे दिल से स्वागत किया। उपस्थित आमजन ने मुख्यमंत्री को 100 मीटर लम्बा साफा पहनाया और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। इस दौरान जयपुर देहात (दक्षिण) के जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, पूर्व मंत्री कन्हैया लाल, बूथ मण्डल एवं जिला पदाधिकारी सहित, बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

## ‘राजीव गांधी शिक्षा की दृष्टि ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांग्रेस ने जहाँ अय्यर की टिप्पणियों को खारिज किया है और राजीव गांधी को भारत के सर्वश्रेष्ठ नेताओं में से एक बताया है, वहीं भाजपा ने अय्यर की टिप्पणियों का पूरा लाभ उठाया है। पार्टी के आई.टी. सैल के अमित मालवीय ने व्यापक रूप से उक्त वीडियो को शेयर किया है। वीडियो देखकर यह स्पष्ट नहीं हुआ कि यह कहाँ शूट किया गया था।

अय्यर की टिप्पणियों ने भाजपा को विपक्ष के सवालों के विरूद्ध बोलने के लिए खूब मसाला दे दिया है, जो (विपक्ष) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्रियों को लेकर सवाल उठाता रहता है। अस्सी के दशक के मध्य में राजीव गांधी के निकट सलाहकारों में एक माने जाने वाले, अय्यर पार्टी नेतृत्व द्वारा अपनी निरंतर उपेक्षा के कारण काफी क्षुब्ध और नाराज़ हैं। पूर्व में उन्होंने एक किताब लिखी थी, जिसका शीर्षक था, “द राजीव गाँधी आई न्यू-द फादर ऑफ इन्फॉर्मेशन रिवोल्यूशन।”

कांग्रेस ने यह कहते हुए अय्यर की टिप्पणियों को खारिज कर दिया है कि “पार्टी में उनकी कोई प्रासंगिकता नहीं है और उनके पास पार्टी का कोई महत्पूर्ण पद भी नहीं हैं। कांग्रेस नेता अजय सिंह यादव ने कहा, “उनके वक्तव्य पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।” पार्टी के वरिष्ठ नेता, तारिक अनवर ने कहा कि अच्छे से अच्छे लोग भी स्कूल और कॉलेज एग्ज़ाम में फेल हो जाते हैं। लेकिन राजीव गांधी राजनीति में फेल नहीं हुए। जब उन्हें जिम्मेवारी दी गई और वे प्रधानमंत्री बने, मेरा मानना है कि देश में बहुत कम ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सिर्फ पाँच सालों में इतना कुछ हासिल कर लिया।”

## ‘अगर अमेरिका ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कहा, भारत हम पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाता है, यह सिस्टम अमेरिका के लिए ठीक नहीं है, कभी भी नहीं था।”

उन्होंने “अमेरिका फर्स्ट” की नीति पर जोर देते हुए कहा, “अन्य देश कई सालों से हम पर टैरिफ लगा रहे हैं, अब हमारी बारी है। हम भी उनके खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल करेंगे।”

प्रमुख ट्रेडिंग पार्टनर्स, जिनमें कैनडा, मैक्सिको, चीन, यूरोपियन यूनियन और भारत शामिल हैं, को नई टैरिफ नीति में निशाना बनाया जाएगा। यह टैरिफ अमेरिका की ट्रेड पॉलिसी में भारी बदलाव करने की ट्रम्प की नीति का प्रमुख अंग है।

ट्रम्प हमेशा से मानते हैं कि ग्लोबल ट्रेड रूल्स अमेरिका के लिए नुकसानदेह हैं और इसीलिए वे रैसिप्रोकल टैरिफ पर जोर दे रहे है, अपने पहले कार्यकाल में, उनके प्रशासन ने ऐसे ही फैसले किए थे, पर, उन्हें पूरी तरह लागू नहीं किया था।

नया टैरिफ शुल्क देश के आधार पर लगाया जाएगा। इसमें सिर्फ शुल्क दर को ही नहीं बल्कि अन्य व्यवधानों पर भी ध्यान में रखा जाएगा।

## ‘ट्रम्प की विदेश नीति में स्थायित्व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

न लौट जाए और उसे अत्याधुनिक हथियारों की सप्लाई फिर न शुरु कर दे।

अमेरिकन कांग्रेस के अपने भाषण में ट्रम्प ने एक खतरनाक आतंकवादी को सौंपने के लिए पाकिस्तान का आभार जताया। यह आतंकी काबुल हवाई अड्डे पर हुए बम विस्फोट में शामिल था। इस धमाके में अफगान नागरिकों सहित, 13 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे, जो अमेरिका द्वारा अफगानिस्तान छोड़ने की घोषणा के बाद लौट रहे थे।

ट्रम्प ने अपने भाषण में यह भी बताया कि अमेरिका की खुफिया सेवा का एक सीनियर अफसर पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आई.एस.आई. के मुखिया से मिला और आतंकी को अमेरिका के सुपुर्द करने के मुद्दे पर काम किया, वह इस सप्ताह के अंत तक अमेरिका लौटने वाला है। इसी भाषण में उन्होंने अन्य देशों के साथ भारत को कोसा और अमेरिकन कारों पर ज्यादा टैरिफ के लिए भारत की आलोचना की। उन्होंने कहा, भारत, अमेरिकन कारों पर शत-प्रतिशत टैरिफ लगाता है। ट्रम्प, आदतन फैक्ट चैक नहीं करते हैं और डेटा व तथ्यों के बारे जरा भी परवाह नहीं करते हैं।

असल में वर्तमान में भारत आयातित लग्ज़री कारों पर 70 प्रतिशत टैक्स लेता है, चाहे वह किसी भी देश से क्यों न हों, मोटर बाइक पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाता है। ट्रम्प ने पूर्व में हार्ली डेविडसन मोटर बाइक और इन पर लगे टैरिफ का मुद्दा उठाया था। इसके बाद भारत ने मोटर बाइक से आयात शुल्क घटाया था। ट्रम्प डेटा और तथ्यों की परवाह नहीं करते हैं और अपनी ही सोच पर चलते हैं।

इसका नतीजा यह है कि अमेरिका अब जो करेगा, वो पूर्णतया अनिश्चित है। अमेरिका के विश्वस्त मित्र, जो कई दशकों से अमेरिका के साथ थे, अब अमेरिका का विकल्प तलाश रहे हैं। ताईवान दशकों से अमेरिकन सपोर्ट पर आश्रित था, पर अब अमेरिका का विकल्प ढूंढ रहा है। ताईवान, चीन से अपनी स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर था। डॉनल्ड ट्रम्प के एक्शन प्रतिशोधात्मक और विनाशकारी साबित हो रहे हैं। ट्रम्प ने ब्रिटेन को आदेश दिया है कि इंटैलीजैंस जानकारी किसी को न दी जाए, इस पर तुरंत अमल हो। अमेरिका ने यूक्रेन को भी गुप्तचर जानकारी देना रोक दिया है जो कि यूक्रेन की सैन्य कार्यवाही के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अमेरिका सहयोगी देशों को भी गुप्तचर जानकारी नहीं दे रहा है। इस भ्रम और तनाव के बीच एक देश है, जो अमेरिका की बात नहीं मान रहा है और अमेरिका के पास इसका विकल्प नहीं है। अमेरिका के बढ़े हुए शुल्क का सामना कर रहे चीन की संसद ने शी जिनपिंग की अध्यक्षता में मौजूदा वर्ष के लिए अपनी आर्थिक योजना को अंतिम रूप दिया। ट्रम्प द्वारा लगाए गए शुल्क व तमाम धमकियों के बावजूद चीन ने 5 प्रतिशत ग्रोथ टारगैट निर्धारित किया है। इसके अलावा, अमेरिका के दण्डात्मक आर्थिक कदमों से निपटने के लिए चीन अन्य कदम उठा रहा है। चीन ने अमेरिकन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, जिससे उनके कामकाज तथा प्रॉफिट को नुकसान पहुँचा है। चीन ने अब अमेरिका को महत्वपूर्ण खनिजों व कच्चे माल की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था व कम्पनियों को नुकसान हो सकता है। कुछ बेहद महत्वपूर्ण खनिजों का कुल 85 प्रतिशत चीन के आधिपत्य में है। ये पदार्थ रक्षा उद्योग व ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अमेरिका, यूक्रेन से यह पदार्थ हासिल करना चाहता है, पर ज़ैलैंस्की से विवाद के बाद यह योजना विफल हो गई है। ट्रम्प ने वादा किया है कि वे यह पदार्थ ग्रीनलैंड से हासिल करेंगे, चाहे जो हो जाए। संकीर्ण दृष्टिकोण वाले ट्रम्प अमेरिका के तटों से आगे नहीं देख पा रहे हैं। वे अपने ही बनाए गड्ढ़ों में गिर सकते हैं।

## बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण यू.पी., ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

स्थितियों को फ्रीज कर ही रखा है। स्टालिन ने एक जॉइन्ट एक्शन कमेटी बनाया जाना भी प्रस्तावित किया, जिसमें सभी दक्षिणी राज्यों के सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हों। यह समिति इस मामले में जनता में जागरुकता पैदा करे तथा सीटों की सम्भावित कमी को रोकने के लिये आवश्यक हो चुके संघर्ष को आगे बढ़ाये। इस संघर्ष के क्षेत्र और पहुँच को विस्तार देते हुये तथा इस प्रक्रिया में अन्य दक्षिण भारतीय राज्यों को शामिल करते हुये, स्टालिन ने इस मुद्दे को सबसे ऊपर पहुँचा दिया। यह मुद्दा राज्य विधानसभा के चुनावों तक की अवधि में छाया रहेगा तथा इसके साथ तीन भाषा फॉर्मूले का विवादास्पद मुद्दा भी जुड़ा रहेगा। इस प्रकार, उन्होंने तमिलनाडु में भाजपा को बिल्कुल अलग-थलग कर देने की व्यवस्था कर दी है। विशेष रुप से, अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के लिये अन्नाद्रमुक तथा भाजपा के गठबंधन की बैक-चैनल चर्चाओं की पृष्ठभूमि में, परिसीमन तथा भाषा के भावनात्मक मुद्दे को लेकर हुई आज की मीटिंग ने उक्त दोनों पूर्व मित्र-दलों के बीच प्रभावी रुप से अलगाव पैदा करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। प्रसंगवश बता दें कि केवल भाजपा ने ही आज की इस सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार किया था, जिसमें कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुये तथा ये प्रस्ताव तमिल और तमिलनाडु के हित में माने गये। परिसीमन सम्बंधित प्रस्ताव में, इस कार्यवाही को नाजायज़ बताया गया। स्टालिन द्वारा रखे गये इस प्रस्ताव को सर्वदलीय मीटिंग में सर्वसम्मिति से पारित कर दिया। प्रस्ताव में स्टालिन ने कहा, “चूँकि दक्षिण भारतीय राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के उपायों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित किया, इसलिये इन राज्यों की लोकसभा सीटों की संख्या कम करना अनुचित है। केन्द्र को (सीटों के मामले में) 2026 के बाद के 30 वर्षों तक वर्तमान व्यवस्था यथावत रखनी चाहिये, क्योंकि वर्ष 2000 में तत्कालीन प्रधानमंत्री (अटल बिहारी वाजपेयी) ने वादा किया था कि परिसीमन का निर्णय 1971 की जनसंख्या के आधार पर किया जायेगा। अन्य राज्यों से भी जनसंख्या - नियंत्रण के उपायों को क्रियान्वित कराया जाना आवश्यक है।” प्रस्ताव में भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की परिसीमन की कवायद की निन्दा भी की गई। सर्वदलीय मीटिंग के प्रस्ताव में इसे तमिलनाडु तथा अन्य दक्षिणी राज्यों के राजनैतिक प्रतिनिधित्व के लिये गंभीर खतरा बताया। स्टालिन ने कहा कि “केन्द्र की भाजपा सरकार इस मुद्दे पर लोकसभा में राज्य के 39 सांसदों की आवाज़ को सुनने तक के लिये तैयार नहीं है। हमें 2026 की जनसंख्या के आधार पर होने वाले परिसीमन का साफ तौर पर विरोध करना पड़ेगा।” उन्होंने कहा, “हमें इस मुद्दे पर दृढ़ रुख अपनाना होगा।”

फिल्म स्टार विजय की अभी -अभी लॉन्च हुई राजनैतिक पार्टी “तमिलागा वैट्री कड़गम” तक भी इस सर्वदलीय मीटिंग में शामिल थी। इसके अलावा, भाजपा के मित्र दल, जैसे “पट्टाली मक्कल काची” तथा अन्य भी मीटिंग में मौजूद थे। लेकिन भाजपा के दो अन्य मित्र दलों - “तमिल मनीला कांग्रेस” तथा अभिनेता सीमान के नेतृत्व वाली “नाम तमिल काची” ने मीटिंग का बहिष्कार किया। स्टालिन ने कहा, “परिसीमन दक्षिण भारत के ऊपर लटकी तलवार जैसा है। यह परिसीमन 2026 की जनगणना के आधार पर होगा। अगर केन्द्र ने मौजूदा 543 लोकसभा क्षेत्र कायम रखे, तो तमिलनाडु के प्रतिनिधित्व में 8 सीटें कम कर दी जायेंगी।” स्टालिन ने समझाया कि अगर लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 848 कर दी गई तथा परिसीमन प्रतिशत आधार पर किया गया तो तमिलनाडु को 22 अतिरिक्त सीटें मिलेंगी। स्टालिन ने कहा, “लेकिन, अगर परिसीमन वर्तमान जनसंख्या के आधार पर किया गया तो तमिलनाडु को सिर्फ 10 सीटें मिलेंगी। दोनों ही तरीकों से अधिक आबादी वाले राज्यों की सीटें बढ़ेंगी, लेकिन तमिलनाडु की आवाज दबा दी जायेगी। हमें इस षडयंत्र को पराजित करना है।” मीटिंग में पारित एक अन्य प्रस्ताव में कहा गया है कि अगर सांसदों की संख्या बढ़ाई जानी है तो संविधान में ऐसा संशोधन किया जाये कि 1971 की जनगणना के आधार पर लोकसभा तथा राज्यसभा में तमिलनाडु तथा अन्य दक्षिणी राज्यों की सीटें आनुपातिक रुप से बढ़ाई जायेंगी।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com **कोटा कार्यालयः**-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालयः**-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 **उदयपुर कार्यालयः**-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 **अजमेर कार्यालयः**-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालयः** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908